राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-142
लखनऊ, मंगलवार 09 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भारत को 2047 तक बनाना है आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र : केशव 03

सहकारी समितियां भी खोल सकती हैं जन औषधि केंद्र : शाह 12


## संक्षिप्त समाचार

### अरुणा ने संभाला रेलवे बोर्ड के सचिव का पदभार

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के 1987 बैच की अधिकारी और लेवल-16 पैनल में शामिल आईआरएमएस अधिकारी अरुणा नायर ने रेलवे बोर्ड के सचिव का कार्यभार संभाल लिया है। वह पहले मई, 2023 से रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य, स्टाफ के रूप में और फरवरी, 2022 से मई, 2023 तक रेलवे बोर्ड में प्रधान कार्यकारी निदेशक व कर्मचारी के रूप में कार्यरत थीं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 05.01.2024 को उन्हें रेलवे सचिव के रूप में नियुक्त किया। नायर आईआरएमएस में लेवल-16 में सूचीबद्ध होने वाली पहली आईआरपीएस अधिकारी हैं।

### संजय सिंह की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली शराब नीति (जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था) से जुड़े धन शोधन मामले में जेल में बंद राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी से जवाब तलब किया और कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई 29 जनवरी को की जाएगी। सांसद सिंह का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने दलील दी कि याचिकार्ता को सिर्फ एक गवाह के बयान पर गिरफ्तार किया गया था। नचली अदालत ने 22 दिसंबर 2023 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

### साहित्यकार पंडित हरिराम द्विवेदी का हुआ निधन

**वाराणसी।** जाने माने वयोवृद्ध साहित्यकार पंडित हरिराम द्विवेदी नहीं रहे। सोमवार को उन्होंने अपने महमूरगंज मोती झील स्थित आवास पर अन्तिम सांस ली। पंडित हरिराम द्विवेदी पिछले 8 महीने से गंभीर रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार की रात करीब 12 बजे उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई। पंडित हरिराम द्विवेदी का अंतिम संस्कार 9 जनवरी को मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा। मर्यादा इस देश की पहचान है, गंगा पूजा है, धर्म दिन है, ईमान है, गंगा जैसे प्रसिद्ध गंगा गीत सहित दर्जनों भोजपुरी गीत लिखने वाले पंडित हरिराम द्विवेदी हरी भैया आकाशवाणी के लोकप्रिय कवि रहे।

### गृह मंत्री अमित शाह का जम्मू-कश्मीर दौरा स्थगित

**जम्मू।** मौसम की खराब स्थिति और पूर्वानुमान को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 9 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार केन्द्रीय गृहमंत्री शाह को 9 जनवरी को जम्मू में विकासशील भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करना था। शाह को अपने जम्मू प्रवास के दौरान अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्तिपत्र सौंपने के कार्यक्रम और जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और विकास की समीक्षा बैठक में भी भाग लेना था।

### शेख हसीना की अवामी लीग को मिला बहुमत

**ढाका।** बंगलादेश की सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने देश के आम चुनावों में 70 प्रतिशत से अधिक संसदीय सीटें हासिल कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर ली है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लगातार चौथी बार देश की सत्ता हासिल कर ली है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने रविवार देर रात शुरू में लगभग 290 सीटों के परिणाम घोषित किए हैं जिसमें हसीना की पार्टी ने बहुमत हासिल कर ली।

### मानव तस्करी करने वाला लखनऊ से गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने मानव तस्करी करने वाले एनजीओ संचालक अबू सालेह मंडल को लखनऊ से पकड़ा है। आरोप है कि ये पं बंगाल में बैठकर यूपी समेत पूरे देश में अवैध घुसपैठियों की मदद कर रहा था। साथ ही देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों तक 58 करोड़ रुपए पहुंचाने में मदद की है। यूपी एटीएस चीफ मोहित अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार किए गए 6 अभियुक्तों के इनपुट पर अबू को पकड़ा गया। अबू साहेल मंडल को लखनऊ के आलमबाग इंटर कॉलेज, मानक नगर से गिरफ्तार किया गया है।

# दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रुप में विकास का ग्रोथ इंजन बना यूपी

## मुख्यमंत्री योगी ने उच्चस्तरीय बैठक में की प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की समीक्षा

**2022-23 में 22.58 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुई जीडीपी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को योजना भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत साढ़े 06 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ रुपये थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों में अच्छे परिणाम मिले हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत रही, जबकि देश की विकास दर 18.4 प्रतिशत रही। स्थायी भावों पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत रही, जबकि प्रदेश में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्थायी भावों पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही, जबकि प्रदेश में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भावों पर प्रदेश की वृद्धि दर 14.3 प्रतिशत रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने के अनुमान हैं। आर्थिक बेहतरी के लिए तय लक्ष्यों के सापेक्ष नियोजन विभाग द्वारा हर महीने सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था के प्राथमिक सेक्टर में सुधार के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का समावेश किया गया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे जैसे प्रयास किए जा रहे हैं। इसे सभी 75 जनपदों में प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। गन्ना के अन्तर्गत क्षेत्रफल तथा उत्पादन के वर्ष 2021-22 के आंकड़ों में 26.8 प्रतिशत तथा औद्यानिक फसलों के उत्पादन में 31.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### सभी विभागों को तेज करने होंगे प्रयास

वर्ष 2027 तक प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। अपने कार्यों की और बेहतर प्लानिंग करनी होंगी। हमारी नीयत साफ है, लक्ष्य स्पष्ट है। सभी को मिलकर, सही नीति और नियोजित क्रियान्वयन के लिए प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी योजना लक्ष्य के अनुरूप हो। इसके लिए आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है। विभिन्न सेक्टर की स्थिति के सही आकलन के लिए विभागवार सांख्यकीय अधिकारियों के लिए कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन किया जाए। हमारे पास पोटेंशियल है। आज अनुकूल अवसर हैं। इसका पूरा लाभ उठाना होगा।

### सुनहरी बाग मस्जिद केस की सुनवाई 11 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सुनहरी बाग मस्जिद को ढहाए जाने के एनडीएमसी के नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। मस्जिद पक्ष के वकील फिरोज इकबाल ने बताया कि जज के छुट्टी पर होने की वजह से मामले की सुनवाई 11 तारीख के लिए टाल दी गई है। मामले की सुनवाई जस्टिस सचिन दत्ता की कोर्ट में होनी है। फिरोज इकबाल ने बताया, एनडीएमसी की तरफ से जो नोटिस दी गई है, वो संदेहास्पद है। उसमें न कोई एक्ट बताया गया है, न कोई तारीख लिखी हुई है। इसके अलावा मस्जिद हेरिटेज लिस्ट में शामिल है बल्कि मस्जिद के साथ वो चौराहा भी हेरिटेज है। दिल्ली नगरपालिका परिषद ने 24 दिसंबर को एक नोटिस जारी किया था, जिसमें 172 साल पुरानी मस्जिद को डिमोलिश करने का प्रस्ताव दिया गया था। तर्क दिया गया कि इसके चलते ट्रैफिक जाम हो जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट से दोषियों की रिहाई रद्द

## बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में गुजरात सरकार के फैसले को शीर्ष कोर्ट ने ठहराया अवैध

**11 दोषियों को दो सप्ताह में आत्मसमर्पण करने के आदेश**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में अजीवन कारावास की सजा काट रहे 11 दोषियों की 2022 में समयपूर्व रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को अवैध करार देते हुए सोमवार को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने दोषियों को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सजामाफी के मुद्दे पर फैसला लेना गुजरात सरकार के अधिकारक्षेत्र में नहीं आता, इसलिए सजामाफी का उसका फैसला रद्द किया जाता है। पीठ ने कहा कि मुकदमे की सुनवाई महाराष्ट्र की अदालत में हुई थी, इसलिए सजामाफी पर फैसला लेना वहां की सरकार के अधिकारक्षेत्र में आता है। गुजरात सरकार की 1992 की माफी नीति के तहत बाकाभाई वोहानिया, जसवंत नाई, गोविंद नाई, शैलेश भट्ट, राधेश्याम शाह, विपिन चंद्र जोशी, केशरभाई वोहानिया, प्रदीप मोढ़वाडिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चांदना को 15 अगस्त 2022 को गोधरा उप कारागर से रिहा कर दिया गया था। रिहा करने के फैसले को अदालत में चुनौती दी गई थी। शीर्ष न्यायालय ने बिलकिस की याचिका और अन्य की याचिकाओं सुनवाई पूरी होने के बाद 12 अक्टूबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### बिलकिस बानो मामले में बेनकाब हुई भाजपा : सिंघवी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सामूहिक दुष्कर्म की शिकार बिलकिस बानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बेनकाब कर दुष्कर्मियों को बचाने की उसकी कोशिश का पर्दाफाश कर दिया है और भाजपा सरकार को अब मुंह छिपाने की जगह नहीं मिल रही है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी तथा अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार इस फैसले के बाद से बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में मामले को अवरुद्ध करने की सैकड़ों कोशिश हुई है लेकिन श्री मोदी ने अपनी सरकार के इस रवैये पर एक शब्द नहीं बोला। श्री सिंघवी ने कहा, जिस तरह बलात्कारियों को बचाने की प्रक्रिया अपनाई गयी थी, अब उन्हें मुंह छिपाने की जगह नहीं मिल रही है। भाजपा के सभी जुमलों की कलई खुल गई है और भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है।

# टेनी को प्रभात हत्याकांड में बरी करने पर सुप्रीम मुहर

**जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिया आदेश**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को प्रभात गुप्ता हत्याकांड मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच से बरी करने के आदेश पर मुहर लगा दी है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने 19 मई 2023 को अजय मिश्रा टेनी को बरी करने का आदेश दिया था। इस मामले में लखीमपुर खीरी की ट्रायल कोर्ट ने 2004 में टेनी को आरोप मुक्त कर दिया था। इसके खिलाफ प्रभात गुप्ता के परिजनों ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में अपील की थी। लखीमपुर के तिकुनिया में 8 जुलाई, 2000 को छात्र नेता प्रभात गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में प्रभात गुप्ता के परिवार ने टेनी समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### मोदी पर विवादित टिप्पणी मामले में मालदीव के उच्चायुक्त तलब

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में भारत सरकार ने सोमवार को मालदीव के उच्चायुक्त को तलब करके आधिकारिक रूप से विरोध व्यक्त किया। सूत्रों के अनुसार भारत मालदीव के मंत्रियों के बयानों को लेकर किसी भी तरह से नरमी दिखाने के लिए तैयार नहीं है। मालदीव में राजनयिक स्तर पर आधिकारिक विरोध दर्ज कराने के बाद भारत ने आज दिल्ली में मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया है। मालदीव के उच्चायुक्त सुबह साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार भारत ने इस पूरे विवाद को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। मालदीव सरकार ने विवादित बयानबाजी करने वाले तीनों मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया है और एक आधिकारिक बयान जारी करके मंत्रियों के बयानों को उनका निजी विचार करार दिया है और सरकारी रुख से अलग बताया है।

# जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में शुरु होंगी चार नई एनसीसी इकाइयां

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में चार नई एनसीसी इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दे दी है, जिससे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में एनसीसी कैडेट्स की संख्या बढ़ कर 12,860 हो जाएगी।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक राजनाथ सिंह ने केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में चार और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाइयां बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस अनुमोदन में उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), कुपवाड़ा (जम्मू-कश्मीर) और कारगिल (लद्दाख) में एक-एक मिश्रित (लड़के और लड़कियां) सेना बटालियन और उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) में एक एयर स्क्वाड्रन शामिल है। यह भी बताया गया कि दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूदा समय में 27,870 एनसीसी कैडेट्स हैं। चार नई एनसीसी इकाइयां शुरू होने पर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 12,860 कैडेट्स बढ़ जाएंगे, जो 46.1त्न की वृद्धि है। इस समय एनसीसी निदेशालय के पास दो समूह मुख्यालय हैं, जिनमें कुल 10 एनसीसी इकाइयां हैं, जो सभी तीन भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करती हैं। केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में इस विस्तार से क्षेत्र के युवाओं का मनोबल बढ़ेगा, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत याचिका पर कल यानी 9 जनवरी को भी सुनवाई करेगा। आज सत्येंद्र जैन की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत भी 9 जनवरी तक के लिए बढ़ाई गई। सुनवाई के दौरान सिंघवी ने विजय मदनलाल चौधरी मामले का हवाला देते हुए कहा कि अपराध की आय मनी लॉन्ड्रिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सारा पैसा वैभव या अंकुश जैन की कंपनियों में गया। उन्होंने चार्जशीट का हवाला देते हुए कहा कि कथित तौर पर कोलकाता के लिए आया पैसा अंकुश जैन और वैभव जैन को ट्रांसफर किया गया। कोलकाता की कंपनियों से उसके बदले में जारी शेयर भी अंकुश जैन और वैभव जैन को दिए गए। दिल्ली हाई कोर्ट ने 6 अप्रैल 2023 को सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# योगी सरकार ने किसानों को दी बड़ी सौगात, गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ा

**खरीद अभियान की अवधि में भी शासन ने किया बड़ा बदलाव**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/हमीरपुर।** योगी सरकार ने खेतीबाड़ी करने वाले किसानों को बड़ी सौगात दी है। इस साल गेहूं की खरीद अवधि में बदलाव करते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 प्रति रुपये क्विंटल घोषित कर दिया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होते ही यहां विभाग ने तैयारियां भी शुरू कर दी है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी घनश्याम ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत इस बार गेहूं की खरीद अवधि में शासन ने बड़ा बदलाव किया है। अब इस साल गेहूं की खरीद सरकारी क्रय केन्द्रों में 15 मार्च से 15 जून तक होगी। अभी तक गेहूं खरीद अभियान 01 अप्रैल से 30 जून तक होती थी, मगर इस बार शासन ने पहली बार इस व्यवस्था में बदलाव कर किसानों को बड़ी राहत दी है जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि इस बार शासन ने गेहूं के समर्थन मूल्य में डेढ़ सौ रुपये का इजाफा करते हुए 2275 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च से जिले में गेहूं की खरीद के लिए क्रय केन्द्र खोले जाएंगे। गेहूं बेचने के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण किसी भी जन सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या क्रय केन्द्र प्रभारियों से भी पंजीकरण कराया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि धान खरीद वर्ष 2023-24 में दर्ज किए गए विवरण को गेहूं पंजीकरण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

# दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर 23 से 26 जनवरी तक प्रतिबंध

एजेंसी

**गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सरकार ने लिया फैसला**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली क्षेत्र में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन पर 23 से 26 जनवरी तक अस्थाई प्रतिबंध लगाए गए हैं।

उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला और आदर्श नगर दिल्ली से चलने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) पर लागू होगा। यह प्रतिबंध दिल्ली क्षेत्र में लोडिंग व अनलोडिंग के लिए स्टॉपेज वाले अन्य डिवीजनों व क्षेत्रों से गुजरने वाली ट्रेनों पर भी लागू होंगे। उन्होंने बताया कि पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज व पैकिंग से मुक्त रहेंगे और उक्त सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी (मांग वीपी सहित) सहित आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति दी जा सकती है और सभी व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जाएगी।

**संबोधन** — पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर वीडियो लिंक के जरिए कहा

# गरीब, किसान, महिला व युवा सशक्त हुए तो देश होगा मजबूत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी को रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष से बाहर निकालने के इरादे का इजहार करते हुए सोमवार को कहा कि गरीब-किसान-महिलाएं और युवा ये चार जातियां यदि सशक्त हो गईं तो भारत सशक्त हो जाएगा।

श्री मोदी ने यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि 2-3 दिन पहले ही यात्रा ने अपने 50 दिन पूरे किए हैं। इस अवधि में 11 करोड़ लोगों का जुड़ना, ये अपने आप में अभूतपूर्व है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि देश के सपनों की, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है और इसलिए आज देश का हर क्षेत्र, हर परिवार, अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देख रहा है। इस यात्रा को लेकर गांव हो या शहर, हर जगह उमंग, उत्साह और विश्वास है। देश के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है। जिन गरीब लोगों का जीवन सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के इंतजार में बीत गया, वो आज एक सार्थक बदलाव देख रहे हैं। उन्होंने कहा, किसने सोचा था कि कभी सरकारी कर्मचारी, सरकारी अफसर, ये बाबू और ये नेता लोग खुद गरीब के दरवाजे पर पहुंचकर पूछेंगे कि आपको सरकारी योजना का लाभ मिला या नहीं मिला? लेकिन ये पूरी ईमानदारी से हो रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ, सरकारी दफ्तर, जनप्रतिनिधि, देशवासियों के पास, उनके गांव-मोहल्ले पहुंच रहे हैं। श्री मोदी ने कहा, आज देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा हो रही है। लेकिन मोदी की गारंटी का मतलब क्या है? आखिर, इस प्रकार मिशन मोड पर देश के हर लाभार्थी तक सरकार पहुंचना, ये इतनी मेहनत क्यों करते हैं।

### सरकार ने किसानों की हर मुश्किल को किया आसान

उन्होंने कहा कि हमारे देश में किसानों को लेकर, कृषि नीति को लेकर जो चर्चाएं होती हैं, पहले की सरकारों में उसका दायरा भी बहुत सीमित था। किसान के सशक्तीकरण की चर्चा सिर्फ पैदावार और उपज की बिक्री के इर्दगिर्द तक सीमित रही, जबकि किसान को अपने दैनिक जीवन में भांति-भांति की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हमारी सरकार ने किसान की हर मुश्किल को आसान करने के लिए चौतरफा प्रयास किए। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से हर किसान को कम से कम 30 हजार रुपए दिए जा चुके हैं। छोटे किसानों को मुसीबतों से बाहर निकालने के लिए हम निरंतर काम कर रहे हैं। कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना, ये इसी सोच का परिणाम है। छोटे किसानों के ऐसे संगठन आज बहुत बड़ी आर्थिक ताकत बनते जा रहे हैं। भंडारण की सुविधा से लेकर फूड प्रोसेसिंग उद्योग तक किसानों के ऐसे अनेक सहकारी संगठनों को हम आगे ला रहे हैं। कुछ दिन पहले सरकार ने दाल किसानों के लिए भी, दालों की जो खेती करते हैं उनके लिए एक बहुत बड़ा निर्णय लिया है।

# हैदरगढ़ बार ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**युवा नेता शक्ति सिंह, प्रदीप तिवारी, ऋषभ चौरसिया सहित अन्य ने भी दी बधाई**

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बने सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया का आज हैदरगढ़ तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन हैदरगढ़ के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने श्री भैया को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जबकि दूसरी ओर युवा नेता शक्ति सिंह, प्रदीप तिवारी, ऋषभ चौरसिया, अमित शुक्ला ने भी श्री भैया का स्वागत किया। हैदरगढ़ तहसील बार सभागार में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र बाजपेयी की उपस्थिति एवं बार अध्यक्ष रामप्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बने कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश बक्श सिंह ने कहा कि राजू भैया का प्रदेश अध्यक्ष बनना हैदरगढ़ एवं बाराबंकी जनपद के लिए गौरव की बात है। हैदरगढ़ बार के पूर्व अध्यक्ष यशकरन तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जन लाल मिश्र एवं रामकुमार मिश्र, युवा अधिवक्ता संजय सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं के संघर्ष में पत्राकार के रूप में राजू भैया हमेशा साथ रहते आये हैं। हिन्दी



पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने हैदरगढ़ ही नहीं बल्कि बाराबंकी जनपद का भी मान बढ़ाया है। उनके पिता पंडित स्व0 शेषधर द्विवेदी का अधिवक्ता परिवार से जीवन पर्यन्त आत्मीय लगाव रहा वैसा ही प्रेम राजू भैया भी अधिवक्ताओं से रखते हैं, उनका प्रदेश अध्यक्ष बनना समस्त बुद्धिजीवी वर्ग के लिए सम्मान की बात है। इस दौरान अधिवक्ता अंजनी श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, एसपी सिहं, कमल मिश्रा, धारानाथ मिश्र, महेन्द्र सिंह, रामजस रावत आदि तमाम अधिवक्ताओ ने भी अपने वक्तव्य में श्री भैया को बधाई दी। सभी अधिवक्ताओं ने राजू भैया को फूल मालाओं से लाद दिया एवं हैदरगढ़ तहसील बार के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, राजेन्द्र बाजपेयी के साथ अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि जो हमारे लिए है वह हमारा है। राजू भैया पत्रकार ही नहीं एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से यदि जनपद के पत्रकारों का मान बढ़ा है तो इससे अधिवक्ता समाज भी आन्रिदत है।उन्होंने सभी अधिवकतओं एवं राजू भैया का आभार व्यक्त किया। अभिनन्दन समारोह का सफल संचालन बार के महामंत्री कुंवर बहादुर यादव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहदेव वर्मा, विजय राज सिंह,ब्रजेंद्र सिंह, शैलेंद्र अवस्थी, राम जस रावत, जीत बहादुर, राकेश तिवारी, धारानाथ मिश्रा, शिवराज वर्मा, प्रदीप बाजपेई, सोमिल शुक्ला पत्रकार एस पी सिंह, सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेला संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

बहुता धाम गांव में रविवार से शुरू हुए दो दिवसीय मेले का आज रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात समापन हो गया। क्षेत्र के इस चर्चित मेले में एक सैकड़ा के लगभग दुकानदारों ने अपनी अपनी रंग बिरंगी दुकान लगाई इस कड़कड़ाती ठंड में भी आसपास के कई गांव से ग्रामीण मेला देखने पहुंचे जिससे दुकानदारों में भी काफी खुशनुमा माहौल रहा। मेला परिसर में ही रायबरेली के कलाकारों द्वारा एक के बाद एक शानदार संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें कृष्ण राधा बने कलाकारों ने मेला में आए हुए लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जबकि रात में प्रतापगढ़ से आई खन्ना चौहान की मशहूर संगीत कंपनी ने



लोगों को इस कड़ा कड़ती ठंड में भी देर रात तक रुकने पर मजबूर कर दिया।

मेला सीमित के अध्यक्ष शोभित त्रिपाठी द्वारा विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह प्रवेश सिंह पंकज दीक्षित प्रकाश ओम प्रकाश मौर्य नितिन मौर्य आदि को अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अरविंद बाजपेई सोनू भैया ,श्याममूर्ति बाजपेई ,राम मूर्ति मौर्य, बैजनाथ रावत ,रंजीत यादव, अशोक चौरसिया ,मनोज साहू ,विकास पांडे ,मोहित बाजपेई, आसाराम गौतम, अंकित यादव ,पुत्तीलाल, मोतीलाल ,गंगा देवी रावत, लवकुश मिश्रा ,राम प्रकाश शुक्ला ,दादू राजकुमार शुक्ला, श्रवण गुप्ता ,राज पांडे ,अर्जुन रावत ,आदित्य त्रिपाठी ,भवानी कमलेश चौकीदार ,मिश्रीलाल , पवन आजाद ,आदि लोगों का मेला प्रबंधन में सराहनीय योगदान रहा।

# 22 जनवरी को दीपावली उत्सव मनाने का दे रहे संदेश

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र मन्दिर का चित्र रामभक्तों द्वारा घर- घर पहुंचाया जा रहा है।

और उनसे 22 जनवरी का दिन दीपावली की तरह उत्सव के रूप में मनाने व आसपास के मन्दिरों में पूजा अर्चना करने की अपील की जा रही है। जिसके क्रम में आज क्षेत्र के कमेला ग्राम पंचायत में रामभक्तों के द्वारा अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र घर- घर पहुंचकर लोगों को देते हुए उनसे 22 जनवरी का दिन दीपावली उत्सव के रूप मनाने का आवाहन करते हुए और आसपास में मौजूद मंदिरों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना करने की

**रामभक्त घर- घर पहुंचा रहे हैं आमंत्रण पत्र**




अपील की भी गई। इस दौरान समाजसेवी दीपक तिवारी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य एवं दिव्य मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होने जा रहे हैं और भारत अपना खोया वैभव तमाम तपस्या के बाद पाने जा रहा है। इस दिन को आप सभी लोग उत्सव के रूप में मनायें। गाजे बाजे के साथ निकली यात्रा में मुख्य रूप से खंड प्रमुख गिरीश शुक्ला राजेंद्र शुक्ला विहिप के पूर्व धरनाथ मुन्नू शुक्ला निखिल तिवारी राजकुमार यादव गोपाल दुबे श्याम बहादुर शिवप्रसाद राम जी शुक्ला अभय तिवारी भुल्लन यादव कुलदीप रावत हरिश्चंद्र शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

# गायत्री शक्ति पीठ में कार्यक्रमों की रूपरेखा की गई तैयार

**रामनगर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

श्री लोधेश्वर सोम सेवा संस्था के संस्थापक अनमोल मिश्रा की अगुवाई में कस्बा रामनगर के गायत्री शक्तिपीठ मंदिर पर संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की।

जिसके बाद ठंड से बचाव के लिए तमाम जरूरत मंद लोगों को कम्बल भी बांटे गए। श्री सोम सेवा संस्था के द्वारा लोधेश्वर महादेवा में आने वाले शिव भक्तों की निरंतर सेवा की जा रही है।आगामी 24 जनवरी को खिचड़ी भोज व कम्मल वितरण का कार्यक्रम महादेव मेला क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।

**ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को बांटे गए कम्बल**

जिसको लेकर कस्बा रामनगर के गायत्री शक्तिपीठ मंदिर पर संस्था के संस्थापक अनमोल मिश्रा ने प्रबंधक गौरीकांत दीक्षित महिला मोर्चा के अध्यक्ष रुचि दीपक त्रिपाठी सहित सभी पदाधिकारी और सदस्यों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार करने और ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कमल का वितरण भी किया गया। इस मौके पर शुभम कांत अवस्थी दीपक त्रिपाठी दीपक त्रिपाठी नवनीत शुक्ला राज मिश्रा विपिन निगम सहित भारी संख्या में संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस ने दुकानदारों से की अपील, हाईवे पर न हो कोई अतिक्रमण

**मसौली, बाराबंकी।** जनता को सुरक्षा का अहसास दिलाने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्रधिकारी रामनगर हर्षित चौहान, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने पुलिस टीम के साथ हाइवे पर पैदल गस्त करते हुए हाइवे के दुकानदारों से संवाद किया। गस्त के दौरान पुलिस के अधिकारियों ने दुकानदारों एवं ग्रामीणों से किसी भी समस्या के समय तुरंत पुलिस को फोन करने की अपील की तथा सड़क के किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों को ढंग से खड़ा करने की नसीहत भी दी।

उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों को चिहित किया गया है। जेल से छूटे अपराधियों पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है। उन्होंने लोगों से अराजक तत्वों के बारे में जानकारी पुलिस को देने का आह्वान किया।

# शांति समिति की बैठक कर शांति बनाए रखने की सीओ ने की अपील

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को थाना मसौली मे क्षेत्राधिकारी रामनगर हर्षित चौहान एव थाना सफदरगंज मे सीओ सदर सुमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आपसी सौहार्द भाईचारे के साथ स्थानीय मंदिरों में मनाए जाने दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। शांति समिति की बैठक मे ग्राम प्रधानों, पेट्रोल पम्प संचालको एव रेस्टोरेंट मालिको से रूबरू होते हुए क्षेत्राधिकारी रामनगर हर्षित चौहान ने कहा कि आगामी 22 जनवरी देश व समाज के लिए बड़ा अहम दिन है आप सभी लोगो के धैर्य की जरूरत है। सीओ ने ग्राम प्रधानों से कहा कि आप सभी लोग गावो मे प्रचार प्रसार करा दे कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे अयोध्या न जाय बल्कि गाँव के मंदिरो की साफ सफाई कर वही पर पूजा पाठ करे। सफदरगंज थाने मे सीओ सदर सुमित त्रिपाठी ने ग्राम प्रधानों एव सम्भ्रान्त जनो से रूबरू होते हुए कहा कि आप लोगो ग्रामीणों को जागरूक करे कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे न जाकर अपने अपने गांवो के मंदिरो मे साफ सफाई कर पूजा पाठ करे। सीओ ने लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले प्रतिष्ठानो की साफ सफाई एव राजमार्ग की पटरियो को दुरुस्त कराने की अपील की।

## खबरें एक नजर में

### बड़ी संख्या में आयुष्मान के लाभ से वंचित हैं लोग

**जैदपुर, बाराबंकी।** सरकार द्वारा जहां एक तरफ हर गरीब परीवार को इलाज करने के लिये पांच लाख रूपये तक इलाज कराने की सौगात अयुष्मान कार्ड रूप मे देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।वही बड़ी संख्या मे लोगो का आधार कार्ड न बनने व राशन कार्ड पर इनपुट न अंकित होने के चलते इस लाभ को पाने से वंचित नजर आ रहे है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर एक बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है। साथ ही निकाय चुनाव से पहले सीमा विस्तार के अंतर्गत क्षेत्र मे काफी बढ़ोत्तरी भी हो गयी।फिर भी जैदपुर मे न तो आधार बनने की कोई बेहतर सुविधा है।न राशन कार्ड मे संशोधन करने का कोई ठोस रास्ता है।यूं तो खानापूरी करने हेतु डाक घर जैदपुर मे कभी कभी सुबह पांच बजे से लाईन लगवा कर चंद नये आधार बनाने का काम किया जाता है।वही बात की जाये राशन कार्ड के इनुट बढने व घटने कि तो नगर पंचायत जैदपुर से सप्लाई आफिस बाराबंकी तक लोग चक्कर लगाकर थक चुके मगर संशोधन व इनुट नही चढाया गया।जिससे आम जनता को तमाम दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।वही दो,चार,पांच ईनुट वाले पात्र गृहस्ती राशन कार्ड धारको का भी आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया गया। जिसके चलते आज भी नगर पंचायत जैदपुर के भारी संख्या मे गरीब परिवार के लोग योजना का लाभ पाने से वंचित है।

### शांति बनाए रखने की पुलिस ने की अपील

**सिद्धौर, बाराबंकी।** असंद्रा थान सिद्धौर पर पुलिस चौकी पर सोमवार को ग्राम प्रधान व नगर के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर रामसनेघाट क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र ने आवश्यक दिया निर्देश दिए। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिद्धौर पुलिस चौकी पर आयोजित बैठक में क्षेत्राधिकारी श्री मिश्र ने बताया कि मंदिर व मस्जिदों में कैमरे लगवाए जाएं। तथाआने वाले लोगों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करते हुए उन्हे सही जानकारी दी जाय। कोई भी वाहन अयोध्या की ओर हाइबे पर जाय और वहां जाने के लिए ट्रेक्टर, ट्राली पिकप आदि कोई भी वाहन न बुक करे। वही असंद्रा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने भी लोगों से आपसी भाई चारा बनाए रखने के साथ ही सहयोग कि अपील करते हुए आवश्यक सुझाव एवं जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी नीरज कुमार पूर्व चेयर मैन हाकिम अली बादशाह, सभासद राकेश वर्मा , मो.अतहर,प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा, डॉ राजेंद्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया, पवन मिश्रा, समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रशासन की सरपरस्ती में हो रहा मिट्टी खनन का खेल

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।** खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खनन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है, या ये कहें कि स्थानीय पुलिस की सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस अवैध कारोबार में रात का समय हो या दिन का समय नियमों की अनदेखी कर मिट्टी उठाई जा रही है। जबकि पुलिस जानकारी न होने का हवाला देकर चुप्पी साधे है। मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदी सराय, शिवनगरा,पुवायां रोड होते हुए मिट्टी के अवैध खनन का कार्य जोरों पर है। स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध खनन पर खनन अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद कर रखी हैं।

# जनता की शिकायतों का नहीं हो रहा निस्तारण, जिम्मेदार मौन

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

जनपद की तहसील मोहम्मदी में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की सूची व मोबाइल नंबर अंकित ना होने के चलते आने वाले शिकायतकर्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताते चले कि जो कर्मचारी जिस पटल पर कार्यरत है वह उस पटल पर नहीं मिल पाता है।

वही लेखपाल ,कानूनगो आदि का भी कहीं तहसील परिसर में नाम व कार्यक्षेत्र, मोबाइल नंबर अंकित न होने के चलते काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सूत्रों की माने तो जिन कर्मचारियों को संविदा पर रखा गया है उनका भी पता नहीं चलता है कि उनको कहां किस पटल का कार्य सौपा गया है ।उनका भी कोई उल्लेख नहीं मिल पाता है ।कुछ ऐसे भी कर्मचारी तहसील परिसर में कार्य करते देखे जा सकते हैं जिनको ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने हेतु नियुक्त किया गया है उनको तहसील में किसके आदेश पर कार्य करने का अवसर दिया गया है आम चर्चा का विषय यह भी है की तहसील में कार्य करने वाले कर्मचारियों की संख्या कम है ,जिसके चलते क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शासन के दिशा निर्देश के अनुसार कार्य होता दिखाई नहीं दे रहा है। आखिर कब सुधरेगी कार्यप्रणाली यह भविष्य के गर्भ में है।

# सांसद की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**जल निगम पाइप लाइन डालने के पश्चात सड़कों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करे : सांसद**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक डीआरडीए गांधी सभागार में करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केन्द्र/राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने एवं योजनाओं को मूर्त रूप देने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में सर्वप्रथम जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन



में विभागो द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की। बैठक में एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने नहरों का पानी टेल तक न पहुंचने, नलकूपों का संचालन ऑपरेटर द्वारा न किए जाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने जमुरिया नाले की सफाई गहराई से किए जाने की मांग की तो डीएम ने कहा कि सिंचाई विभाग से प्रस्ताव तैयार कराकर सफाई, अतिक्रमण रेठ और जमुरिया नाले से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। जनप्रतिनिधियों ने जल निगम द्वारा खोदी गई सड़कों पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को शहरी एवं ग्रामीण को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं पाईप लाइन डालने के पश्चात सडकों की मरम्मत कराने तथा पूर्ण/अपूर्ण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने आयुष्मान लाभार्थियों को इस्टीमेट से अधिक खर्च होने की स्थिति में शेष रकम लेकर रसीद देकर इलाज कराने की मांग की। इस पर सीएमओ को इसकी जानकारी सभी निजी व अस्पतालों को देने को कहा गया। साथ ही अवसानेश्वर मंदिर पर कार्य शुरू कराने की भी मांग की।

## ग्राम पंचायत सैदापुर में हुए भ्रष्टाचार की हुई सीएम से शिकायत, जांच शुरू

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला गोकर्णनाथ के ब्लाक कुंभी गोला की ग्राम पंचायत सैदापुर में जमकर भ्रष्टाचार के मामले प्रकाश मे आ रहे हैं। भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री से करने पर जांच शुरू हो गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने जांच की तिथि 10 जनवरी 2024 निर्धारित की है। दरअसल शिकायतकर्ता जसपाल सिंह ने ग्राम पंचायत सैदापुर में वित्तीय वर्ष 2015 से वित्तीय वर्ष 2023-24 तक कराए गए कार्यों के नाम पर फर्जी भुगतान किए जाने, ग्राम निधि में कई कार्य बिना निविदा प्रकाशन कराए जाने व बिना एमबी के भुगतान कराकर सरकारी धन का गबन करने का आरोप लगाते हुए जांच कराए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी।

# पूर्ववर्ती सरकारों ने लाभार्थियों का हक किया हजमः सांसद

**सूरतगंज, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

देश और प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों में सिर्फ लोगों के हक पर डाका डाला जाता था। सरकारी योजनाओं का लाभ बिचौलियों को मिलता था जबकि वर्तमान की मोदी सरकार निर्बाध और निशुल्क रूप से 80 करोड़ परिवारों को राशन दे रही है। उक्त उद्गार ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के राममंडई में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बाराबंकी के सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने व्यक्त किया। आगे श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को एक-एक गरीब की चिंता है उन्होंने अगर संसद और विधायक के परिवारों के निशुल्क इलाज की गारंटी दी है तो गरीब परिवारों को भी आयुष्मान कार्ड से जोड़कर उन्हें भी निशुल्क इलाज देने का काम किया है। आगे सांसद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप ने प्रतिवर्ष किसानों के सीधे खाते में 6 हजार रुपए पहुंचने लगे तो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 6 हजार रुपए में किसानों का क्या होगा यह तो उनके साथ मजाक है। तो उन्होंने कहा कि हमने कहा किसी पार्टी ने कभी किसानों के साथ 6 सौ रुपए का ही मजाक किया होता तो भी अच्छा था कम से कम हमारी सरकार ने शुरुआत तो अच्छी की। ना तो अब कोई इसे खत्म कर सकता है और ना ही काम मोदी सरकार किसान सम्मन निधि राशि को बढ़ाने पर भी विचार कर रही है।

## सप्त दिवसीय पंचम श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन

**मितौली खीरी।** कस्बा मितौली स्थित पानी की टंकी के निकट गांव के बीचों स्थित बीच राजकुमार मिश्रा के आवास के निकट सप्त दिवसीय पंचम श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन कथा व्यास मार्गदर्शक हरि बोल जी महाराज के निर्देशन में 31 दिसंबर 2023 से 6 जनवरी 2024 तक , 7 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। 31 जनवरी 2023 को कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया गया जिसमें माताओ बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 1 जनवरी को यज्ञ मंडप में अग्नि प्रवेश के साथ प्रातः 8 बजे से 1 बजे तक यज्ञ आदिक कार्य हवन पूजन आचार्यों द्वारा किया गया।

# गौवंशों के 5 मृत और 5 तड़प रहे शव मिलने से हड़कंप

**मोहम्मदी/लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी में बीते कई दिनों से लगातार कहीं न कहीं गोवंशों के शव मिल रहे हैं बीते कुछ दिन पूर्व निघासन में दर्जनों गोवंशों के शव मिले थे जिसमें सचिव की तहरीर पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ था। वहीं मोहम्मदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बबौरी गन्ना ऑफिस के सामने से ग्राम हजरतपुर के पीछे खेतों की तरफ जाने वाले चक रोड पर एक गन्ना कटे खेत में पांच मृत गोवंश व पांच तड़प रहे गोवंश मिले। मृत गोवंशों के शव को स्थानीय लोगों के द्वारा दफनाया गया वहीं तड़प रहे गोवंशों को पशु चिकित्सा के द्वारा उपचार हेतु पशु चिकित्सालय लाया गया। वहीं पुलिस ने देहरा अजीतपुर के फारूख नाम के



व्यक्ति पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

दरअसल थाना मोहम्मदी क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र वासियों द्वारा पुलिस को फोन पर सूचित किया गया कि बबौरी गन्ना ऑफिस के सामने से ग्राम हजरतपुर के पीछे खेतों की तरफ जाने वाले चक रोड पर एक गन्ना कटे खेत में कुछ गोवंश मरे और कुछ जिंदा पड़े हैं। जिस पर उप निरीक्षक टीटू कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचकर मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंच कर देखा कि पांच गोवंश तड़प रहे थे वहीं पास मे पांच मृत गोवंश पड़े थे जिनमें दो बछड़ा व तीन बछिया थे। पहचान न खुलने की शर्त पर ग्रामीणों ने पुलिस को दबी जुबान से बताया कि ग्राम देहरा अजीतपुर का रहने वाला फारूख बीती रात ट्रैक्टर से उक्त जानवरों को बांधकर ट्रैक्टर के माध्यम से लाते हुए देखा गया था। लोगों ने संदेह जताते हुए बताया कि यह घटना उसी के द्वारा की गई होगी। वही मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सा मोहम्मदी डॉक्टर मोहन सिंह ने एक मृत पशु के कान में लगा टैग देख कर बताया कि यह पशु फारूख के नाम से दर्ज है जिस पर पुलिस ने सख्ती कर फारुख से पूछा तो फारूख ने अपना जुर्म कबूल लिया जिस पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# रॉकेट लर्निंग प्रशिक्षण में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के लिए हुए जागरूक

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षा और पोषण को बढ़ाने के लिए 'पोषण भी पढ़ाई भी' विषय पर बदोसराय पँचायत भवन में सीडीपीओ अर्चना वर्मा के नेतृव में प्रशिक्षक कृष्णा गुप्ता डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रॉकेट लर्निंग के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण से छोटे बच्चों को सर्वांगीण विकास के मौके प्रदान करना, आंगनबाड़ी वर्करों को सशक्त करना और बच्चों और किशोर लड़कियों के लिए उचित पोषण को यकीनी बनाना है। उच्च-गुणवत्ता ईसीसीई अध्यापकों का काडर बनाने के लिए मौजूदा आंगनबाड़ी वर्करों की ट्रेनिंग का प्रस्ताव करके इस नीति के लक्ष्यों को शामिल करती है। इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य पोषण के साथ पढ़ाई का सही तरीका।जिससे शुरुआती बचपन की शिक्षा, सेहत और ट्रेनिंग अभ्यास, माताओं की देखभाल, विकास की निगरानी और संतुलित खुराक की महत्ता समेत कई विषयों पर जानकारी दी गई।इस अवसर पर सुपर वाइजर सरोज यादव, रागनी,ईशा,सुन्दरा गुप्ता, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी खनन का कारोबार चरम पर, डीएम बोले होगी कार्रवाई

**उचौलिसया खीरी समृद्धि न्यूज।**

खनन माफिया प्रशासन पर इस कदर हावी है कि रविवार की पूरी रात जेसीबी मशीन से राष्ट्रीय राजमार्ग कोटरा एरा प्लांट के पास मिट्टी का अवैध खनन होता रहा। खनन माफिया जमीनों पर अवैध खनन कर सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व का चूना लगा रहे हैं।

मिट्टी से लदे डंपर दिन रात सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जेसीबी डंपरो की आवाजों से खेती करने वाले किसानों के कान गूंजते रहते हैं। पुलिस से शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। खनन करके जा रहे डंपर तेज रफ्तार से गुजरते हैं। जिससे सड़क हादसो का खतरा बना रहता हैं। क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद है मानो उन्हें खाकी वर्दी का बिलकुल भी खौफ नहीं रहा इसी का नतीजा है कि वे धड़ल्ले से अपना कारोबार कर रहे हैं। सरकार ने रात में किसी भी प्रकार के खनन पर पाबंदी लगा दी है, ऐसे में प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। अवैध खनन को लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा लगातार शिकायतें की जाती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदकर बैठे हैं। खनन माफिया दिन रात अवैध खनन करके सरकार को खुली चुनौती दे रहे हैं। प्रशासन के नाक के नीचे जमीनों पर अवैध खनन हो रहा है। मिट्टी से भरे ट्रैक्टर दिन रात सड़कों पर दौड़ रहे हैं। पुलिस प्रशासन जानते हुए भी खनन विभाग का काम बताकर अपना पल्ला झाड़ रहा है।

इस संबंध में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई की बात कहीं। वही मोहम्मदी तहसीलदार नीलम तिवारी ने भी थाना अध्यक्ष को फोन से कार्यवाही करवाने की बात कही। जिसके बावजूद भी अवैध खनन होता रहा।

थाना प्रभारी डी पी सिंह का कहना है कि मौके पर पुलिस फोर्स को भेजा था लेकिन वहां पर कोई भी मौजूद नहीं मिला।

**खुलेआम दौड़ रहे हैं मिट्टी से लदे डंपर लोग बोले, जेसीबी डंपरों की आवाजों से खेती करने वाले किसानों के कान गूंजते रहते हैं**

## 147 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक निश्शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन पी एम पी डब्ल्यू ए भवन, ऐरा रोड , मीरपुर, पर किया गया। इसमें मेडिसिन, सर्जरी, नेत्र रोग, नाक कान गला रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, बाल रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, एवं होम्योपैथिक के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर का उद्घाटन संगठन के संरक्षक डॉक्टर जी सी मिश्रा ने फीता काटकर किया। संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर एम आर खान ने बताया की बहुत से मरीज ऐसे हैं जो प्राइवेट में फीस देकर अपना इलाज नहीं करवा सकते इसी को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आज निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई।

# कच्ची शराब के गिलास में डूब रही जिंदगियां, महिलाएं भी धंधे में शामिल

**बॉकेगंज- खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैलानी थाना के बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के कई गांवों के लोग इस अवैध कच्ची शराब के कारोबार से जुड़कर मोटी कमाई कर रहे हैं। कई गांवों में शाम ढलते ही बूढ़े व नौजवानो से लेकर बच्चे भी इस अवैध शराब के जाल में फंसते जा रहे हैं।

पुलिस द्वारा कभी कभार शराब माफियों को पकड़ भी लिया जाता है तो उसका चालान अवैध कच्ची शराब बनाने व तस्करी की मामूली धाराओं में कर दिया जाता है। शराब के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर एक आध महिने में कार्यवाही कर घरों से कच्ची शराब व उपकरण बरामद कर फोटो खींचने और वाहवाही लूटने में बॉकेगंज पुलिस मशगूल हैं। कच्ची शराब का करोबार गंगापुर, मैकूपुर, अम्बेडकर नगर, कुंवरपुर, बंजरिया, सुभानपुर, पसियापुर, चौधीपुर, पूरनपुर, निपानिया, समेत गांवों में शाम ढलते ही जाम छलकता हैं। वही पिछले माह से लेकर अब तक शराब बनाने व उपकरण बरामदगी मामले में पुलिस ने खानापूर्ति के लिए एक आध लोगों पर कार्रवाई की हैं। लेकिन आबकारी विभाग भी अवैध कच्ची शराब बनाने वाले तस्करों पर अंकुश लगाने में नाकाम हैं।

# अवैध निर्माण व प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के वीसी इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वीसी के निर्देश पर एलडीए की टीम ने काकोरी के मौंदा नहर स्थित अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन 3 के जोनल अधिकारी देव्यांश त्रिवेदी ने बताया कि रहमान प्रॉपर्टी के काकोरी के मौंदा में प्रिज्म सीमेंट गोदाम के पास नहर के नजदीक में अवैध रूप से सोसाइटी विकसित की जा रही थी। प्रॉपर्टी डीलर के द्वारा यहां पर लगभग 20 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। एलडीए से नक्शा पास कराए बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के खिलाफ न्यायालय ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता के नेतृत्व में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आज अवर अभियंता भरत कुमार पाण्डेय, भानू प्रताप वर्मा, प्रमोद कुमार पांडेय ने प्राधिकरण पुलिस और स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से बिना नक्शा पास प्रॉपर्टी को ध्वस्त कर दिया। अवैध रूप से जो भी बिना मानचित्र के निर्माण होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाया जा रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

## राजभवन में प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लाभार्थियों से संवाद का हुआ सजीव प्रसारण

**राजभवन के अफसर कर्मियों ने ऑनलाइन कार्यक्रम को देखा**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक और संवाद कार्यक्रम किया। राजभवन में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बस्तर-छत्तीसगढ़, नंदयाला-आंध्र प्रदेश, एजोल-मिजोरम, औरंगाबाद-गोरखपुर और गुरदासपुर-पंजाब के लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान से लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ और अभियान की क्षेत्र में प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया। प्रधानमंत्री द्वारा किसान, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं, हस्तशिल्पी आदि से संवाद के क्रम में वन-धन केंद्र, पीएम जनमन योजना, नैनो फर्टिलाइजर के उपयोग, एग्री इंफ्रा फंड, पैक्स, सहकारिता, केमिकल फ्री फार्मिंग, हस्तशिल्प, पीएम विश्वकर्मा योजना, वोकल फ़ॉर लोकल, ओडीओपी, कस्टम हायरिंग सेंटर आदि पर चर्चा की गई। उपस्थित लाभार्थियों व नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 50 दिनों के अल्प समय में इस यात्रा से लगभग 11 करोड लोग जुड़े, जो कि अभूतपूर्व है। उन्होंने इस यात्रा को देश की यात्रा बताया तथा कहा कि देश के कोने कोने में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी पहुंच रही है इसके सार्थक बदलाव भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा हर गरीब के दरवाजे पर जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। उन्होंने कहा की सरकार का लक्ष्य मिशन मोड पर हर लाभार्थी तक पहुंचना है।

**कोई भी पात्र सरकारी योजनाओं के लाभ से न छूटे**

वर्तमान और भावी पीढ़ियों को पूर्वजों वाले संघर्षपूर्ण जीवन ना जीना पड़े इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। देश के कोने-कोने में जा रही विकसित संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश के गरीब, किसान, महिला और युवा को सशक्त होने में ही हिंदुस्तान का सशक्त होना सुनिश्चित बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो जागरूकता की कमी से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते हैं उन तक पहुंचना सरकार अपना दायित्व समझती है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा योजना, लखपति दीदी, नमो ड्रोन दीदी योजना की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों की हर मुश्किल को आसान करने के लिए चौतरफा प्रयास किया जा रहे हैं, जिसमें कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना, पैक्स, किसान उत्पादक संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे एक आर्थिक ताकत बताया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लक्ष्य के रूप में सरकारी योजनाओं का संतृप्तिकरण और लाभार्थीपरक योजनाओं की हर गरीब तथा गांव तक पहुंच सुनिश्चित किया जाना बताया।

## खबरें एक नजर में

### गणित प्रतियोगिता में अर्णव ने जीता गोल्ड मेडल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्र अर्णव ने राज्य स्तरीय एबेकस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित करने का गौरव प्राप्त किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इन प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अंग्रेजी शराब की दुकान में लगी आग, लाखों की शराब नष्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के हरधौरपुर गांव में चंद्रिका देवी मार्ग पर स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान में सुबह साढ़े आठ बजे के करीब आग लग गई। लोगों ने आग पर काबू करने का प्रयास किया। आग शराब में लगने के चलते आग ने थोड़ी देर में विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं क्षेत्र वासियों ने इसकी सूचना बख्शी का तालाब फायर कंट्रोल रूम को दी। दमकल कर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उक्त अंग्रेजी शराब का ठेका पीयूष शर्मा के नाम से है। सोमवार सुबह अचानक शराब के ठेके में आग लग गई थी। उनसे शराब के नुकसान की जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि स्टॉक रजिस्टर से मिलान के बाद ही नुकसान का आंकलन किया जा सकेगा। बख्शी का तालाब फायर कंट्रोल स्टेशन के प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि सूचना पाकर थोड़ी देर में ही हमारा दमकल वाहन घटना स्थल पर पहुंच गया था। शराब में आग लगने की वजह बिजली के तारों के सर्किट से लग रही है। वहीं जांच करने के बाद ही कुछ बताया जा सकेगा।

### एलयू में लोहिया की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, छात्रों का हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में सोमवार को पहली शिफ्ट का एग्जाम खत्म होते ही युवजन छात्र सभा से जुड़े छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप था कि कॉमर्स डिपार्टमेंट के सामने लगी डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा के खंडित किया गया हैं। छात्रों के हंगामे की सूचना पर विश्वविद्यालय प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोहिया की खंडित मूर्ति को आनन फानन में ठीक कराया। हालांकि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन बाद में भी जारी रहा। दरअसल विश्वविद्यालय परिसर में लगी डॉ. लोहिया की मूर्ति कुछ अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। जब छात्रों को इस मामले का पता तो इसको लेकर हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन में डॉ. लोहिया की प्रतिमा को ठीक कराया।

### कुछ लोगों के ट्वीट हम पढ़ते ही नहीं : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग चल रही है। दोनों पार्टियां के प्रमुख एक दूसरे को आड़े हाथों लेते हुए तंज कस रहे हैं। मायावती ने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश यादव पर तंज कसा। जिस पर अब अखिलेश ने पलटवार किया है। अखिलेश ने मायावती पर निशाना साधते हुए कहा कि हम कुछ लोगों के ट्वीट पढ़ते ही नहीं है। इससे पहले शनिवार को अखिलेश यादव ने बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की बात को लेकर मायावती पर भरोसे के संकट की बात कही थी। जिसके बाद से मायावती भड़क गई और रविवार और सोमवार, लगातार दो दिन उन्होंने सपा पर निशाना साधा है।

### राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले में 56 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आईटीआई अलीगंज में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सत्यकान्त, संयुक्त निदेशक लखनऊ मण्डल के द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत लोगों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले के द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के साथ अल्पकालीन रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे है। एमए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर ने बताया कि मेले में आमंत्रित की गयी 11 कम्पनियों में 56 अभ्यर्थियों को रूपये 13000 से 25000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के ऑफर दिये गये। चयन से वंचित रह गए व्यवसाय वेल्डर, फिटर व इलेक्ट्रीशिन से आईटीआई 2022-2023 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयुसीमा 18 से 24 वर्ष के बीच हो वे 09 जनवरी 2024 को राजकीय आईटीआई अलीगंज में आयोजित टाटा मोटर्स बॉडी सोल्यूसन लि चिनहट, टाटा मार्कोपोलो लि में प्रतिभाग कर सकते है जिसमें 12471 रूपये प्रतिमाह दिया जायेगा।

### 22 जनवरी को लखनऊ में बंद रहेंगी मांस की दुकानें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राम मंदिर उद्घाटन की तारीख में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मांस बिक्री पर बड़ा फैसला आया है। यहां मांस की दुकानें 22 जनवरी को बंद रहेंगी। अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर मीट विक्रेता संघ ने यह फैसला लिया है। लखनऊ के ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश के संगठन ने इस मामले में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र लिखा है। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होना है। इसमें पीएम मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और 6,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### संघ ने निकाली अक्षत पूजित कलश यात्रा



**मलिहाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मे श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। सोमवार को मलिहाबाद मे सागर लान माल रोड से इस कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ पुष्पेन्द्र पासी यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। डॉ पुष्पेन्द्र पासी ने कहा श्रीराम मंदिर निर्माण होने से प्रत्येक सनातनी व्यक्ति को ऊर्जा मिल रही है। प्रत्येक विधानसभा मे निमन्त्रण स्वरूप यह पूजित अक्षत घर घर भेजे जा रहे है साथ ही मंदिर मे बनने वाले महाप्रसाद के लिये प्रत्येक सनातनी घर से एक एक मुट्ठी चावल एकत्र किया जा रहा है। मलिहाबाद चौराहा, डाकघर तिराहा,गुन्नी का चौराहा होते हुये यह यात्रा बुढ़िया का शिवालय होते हुए चिंताहरण हनुमानजी के दर्शन कर समाप्त हुयी। यात्रा मे श्री गोपेश्वर गौशाला के जिला संघ चालक वीरेंद्र प्रांत गौ संवर्धन प्रमुख उमाकांत विहिप जिलाध्यक्ष भूपेंद्र जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता,पूर्व सभासद नरेन्द्र यादव काटू पतंजलि योग पीठ के रूपेश मिश्रा, मण्डल महामंत्री आशीष द्विवेदी, उपाध्यक्ष प्रमोद पाठक, राजेश लोधी समेत तमाम कार्यकर्ता एवं सैकडों स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### दयालु आज राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में बांटेंगे स्मार्ट फोन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एमओएस डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' 09 जनवरी को अपरान्ह 01बजे टुड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानन्द, युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ में अध्ययनरत बीएएमएस अन्तिम वर्ष के 91 छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया जाना है।

# भारत को 2047 तक बनाना है आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र : केशव प्रसाद मौर्य

**उप मुख्यमंत्री ने योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत जनपद लखनऊ के विकास खण्ड मलिहाबाद के ग्रामसभा जिन्दौर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि, सहित अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किये।

हस्तशिल्पियों को टूल किट, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड तथा गरीबों को कम्बल वितरित किए।उप मुख्यमंत्री द्वारा बाल विकासपुष्टाहार, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन, ग्राम्य विकास, मत्स्य विभाग, उद्यान, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, खाद्य रसद, राजस्व विभाग बैंकिंग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गये स्टालो का अवलोकन किया। बच्चों को को अन्नप्राशन संस्कार कराया। उन्होंने महिलाओं एवं उनके बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के संदर्भ में जानकारी लिया श्री मौर्य ने कहा कि कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। मोदी की गारंटी गाड़ी'' द्वारा वंचित, छूटे लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है उप मुख्यमंत्री द्वारा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत जनपद आगमन पर ''हमारा संकल्प विकसित भारत'' के निमित्त भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से उपर उठने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने तथा भारत की एकता को सुदृढ़ रखते हुए देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने तथा एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य निभाने से सम्बंधित शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के उद्देश्यों विस्तार से प्रकाश डाला। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प लेकर बिना किसी भेदभाव के समाज के हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाना है। हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के इन संकल्पों को आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा और ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' को सफल बनाकर हर एक शोषित, गरीब, वंचित, जन तक शासन की योजनाओ का लाभ पहुंचाकर उसके जीवन में परिवर्तन लाकर 2047 तक भारत को दुनिया के सामने एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्पों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि जिन पात्र व्यक्तियों को अभी तक केन्द्र,राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। उन योजनाओं से उन्हें आच्छादित कर जानकारी देना है।

**जन-जन तक योजनाएं पहुंचाना संकल्प यात्रा का उद्देश्य**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पंच प्रण के संकल्प को व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का शुभारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य पूरे देश के अन्दर केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना, किसी भी योजना से वंचित रह गये पात्र महिला पुरूष लाभार्थियों को आच्छादित करना तथा योजनाओं के लाभ से आच्छादित हो चुके लाभार्थियों द्वारा उनके सफलता की कहानी उन्ही की जुबानी शेयर किया जाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' जो विगत 15 नवम्बर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा महानायक जनजाति विरसा मुण्डा के पावन जयन्ती के अवसर पर शुभारम्भ किया गया था, यह 26 जनवरी 2024 तक निरन्तर जारी रहेगी।

# पात्रों को मिल रहा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : स्वतंत्र देव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यहाँ गोसाईगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत सरई गुदौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर आमजनमानस को इस यात्रा के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया, और विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए लगाये गए स्टालों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम में एलईडी वैन के माध्यम से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों को कंबल का वितरण किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को शार्टिफिक्रेट भी बाँटा। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद भी किया। हर महीने देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 11 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ 62 लाख किसानों को 6 हजार रुपए सालाना मिल रहा है। पीएमएवाई के तहत देश में 4 करोड़ पक्के आवास का निर्माण, उज्ज्वला योजना के तहत देश के 10 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश के 1 करोड़ 75 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना से देश में 55 करोड़ लोगों को इलाज की सुविधा दी जा रही है।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि एक समय ऐसा था कि देश एवं प्रदेश के ग्रामीण इलाकों के लोगों को जरूरत भर के शुद्ध पानी के लिए तरसना पड़ता था। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर को नल से शुद्ध जल की सुविधा प्राप्त हुई है। जल जीवन मिशन के माध्यम से आज देश के 13.50 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश के 1 करोड़ 88 लाख ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ जल पहुँच चुका है। हर घर नल से जल योजना के माध्यम से पानी तो गांव-गांव पहुंच ही रहा है साथ ही जल संरक्षण भी किया जा रहा है।

# मेरा दफ्तर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करे सरकार : मायावती

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने लगातार दूसरे दिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने 28 साल पहले हुए गेस्ट हाउस कांड का भी जिक्र किया। कहा-सपा के 2 जून 1995 के घिनौने कृत्यों को कोई भूला नहीं है। उन्होंने सरकार से मौजूदा बसपा ऑफिस को दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का आग्रह किया। इसके बाद सोमवार को सपा महानगर अध्यक्षों के साथ बैठक के बीच अखिलेश ने मायावती को सलाह दी।

उन्होंने कहा बीजेपी वालों से कह दें, उनके पास बुलडोजर है। वह 2 मिनट में पुल तोड़ देंगे। जब यह पुल बना था तब उसे समय पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी भी उद्घाटन में आए थे। तो क्या उनके खिलाफ भी उन्होंने यह बात कही है।मायावती ने लिखा-सपा अति पिछड़ों के साथ-साथ दलित विरोधी है। चुनाव खत्म होने के बाद ही सपा फिर से अपने दलित विरोधी जातिवादी एजेंडे पर आ गई। उन्होंने गेस्ट हाउस कांड का जिक्र करते हुए कहा कि सपा के 2 जून 1995 के घिनौने कृत्यों को कोई भूला नहीं है। इनकी सरकार ने कई दलित विरोधी फैसले लिए गए। मायावती ने आगे लिखा-उनकी सरकारों (सपा) में बसपा के स्टेट ऑफिस के पास ऊंचा पुल बनाने का काम किया। जहां से अराजक तत्व पार्टी दफ्तर और कर्मचारियों व राष्ट्रीय प्रमुख को हानि तक पहुंचा सकते हैं। इस वजह से पार्टी के महापुरुषों की प्रतिमाओं को वहां से हटाकर निवास पर शिफ्ट करना पड़ा। मायावती ने कहा कि सिर्फ यही नहीं, सुरक्षा के चलते ही वह ज्यादातर पार्टी की बैठक अपने आवास पर करती हैं। उन्होंने मौजूदा यूपी सरकार से बसपा के प्रदेश कार्यालय को दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का अनुरोध किया। मायावती ने यूपी सरकार से मांग की है कि वह दलित विरोधी तत्वों से सख्ती से निपटे। उनके बसपा कार्यालय में जाने पर अतिरिक्त सुरक्षा करनी पड़ती है। बसपा कार्यालय पर कोई अनहोनी भी हो सकती है।

### हर वर्ग, क्षेत्र की समस्या से हुआ सामना : अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने यूपी जोड़ो यात्रा के 18 दिन, 11 जिलों और 16 लोकसभा का सफर और जनता के संवाद के बीच हुई चर्चा पर लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अजय राय ने कहा कि प्रदेश की जनता से जुड़ने और भाजपा की नफरत की राजनीति की वजह से टूटी सामाजिक संरचना को जोड़ने, केंद्र और प्रदेश सरकार की अक्षमता, अयोग्यता, विफलता को जनता के बीच उजागर करने और जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया। अध्यक्ष बोले कि कांग्रेस के संकल्प और नीतियों को जनता के बीच पहुचाने के लिए उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर सहारनपुर से 20 दिसंबर को शुरु हुई उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ''यूपी जोड़ो यात्रा'' 18 दिन, 11 जिले, 16 लोक सभाओं का सफर तय करके 6 जनवरी को लखनऊ स्थित शहीद स्मारक पर एक विशाल जनसभा के साथ सम्पन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 18 दिन की यात्रा में सहारनपुर में लकड़ी वालों से मिलना हो, मुजफ्फरनगर में गुड कारीगर और महिलाओं का सवाल सुनना हो सब की समस्या अजय राय जी ने सुनी और समझी।




इन्दिरानगर के कन्वेशन सेन्टर में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अर्न्तगत कार्यक्रम में लाभार्थियों को सम्मानित करते उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, वरिष्ठ नेता।

# विधायक और तहसील प्रशासन ने गरीबों को वितरित किए कंबल



**मलिहाबाद।** तहसील सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल ने महिलाओं बुजुर्गो को कम्बल वितरित किए।इस मौके पर तहसील क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों के लगभग 750 से अधिक जरूरतमंदों तथा पात्र कमजोर वर्ग के लोगों को कंबल बांटे गए। उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने बताया कि सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र भर के जरूरत मन्द और गरीबों को चिन्हित कर कंबल दिए गए है। कम्बल वितरण का यह कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा। नायब तहसीलदार कीरत सेन ने बताया कि इससे पहले रहीमाबाद और माल में कंबल वितरण कार्यक्रम किया जा चुका है। तहसील क्षेत्र का कोई भी पत्र व्यक्ति छूटेगा नहीं। शासन की मंशानुरूप सभी जरूरतमंदो को कम्बल वितरित किए जायेंगे। इस कंबल वितरण समारोह में क्षेत्र से पहुँचे बुजुर्ग और महिलाएं कंबल लेने के बाद काफी खुश दिखी।

**निर्देश** — उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने अधिकारियों से कहा

# जर्जर सेतुओं का ऑडिट कराकर जल्द प्रस्तुत करें रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सभी जर्जर सेतुओं का आडिट कराया जाये और इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत की जाये। जर्जर सेतुओं की वजह से किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर अधिकारी सीधे जम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ सख्त से कार्रवाई भी की जायेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि प्राथमिकता पर सर्वप्रथम जर्जर पुलों के निर्माण का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाये। उसके बाद अन्य सेतुओं के प्रस्ताव प्रेषित किये जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में ग्रामीण सड़कों पर गड्ढे नहीं होने चाहिए। गांव एवं शहरों की नालियां ठीक हो और जल भराव की स्थिति नहीं आनी चाहिए। लोक निर्माण मंत्री ने यह निर्देश आज निर्माण भवन के तथागत सभागार में वाराणसी मण्डल के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि वाराणसी जनपद प्रधानमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र है। इसलिए यहां पर चल रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने आगामी फरवरी माह में प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित की जाने वाली समस्त परियोजनाओं की गहन समीक्षा की और सभी को समय से पहले गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण करने के सख्त निर्देश भी दिये। साथ ही वाराणसी में चल रहे सभी कार्यों का आईआईटी दिल्ली से थर्ड पार्टी आडिट कराने के निर्देश दिये और यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में निर्माणाधीन परियोजनाओं का ख्याति प्राप्त संस्था से थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाये, क्योंकि सड़क एवं पुलों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में लोक निर्माण राज्यमंत्री बृजेश सिंह, प्रमुख सचिव, अजय चौहान, सलाहकार वीके सिंह तथा विभागाध्यक्ष एकेजैन, प्रमुख अभियंता वीके श्रीवास्तव, प्रमुख अभियंता अशोक अग्रवाल सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**सड़कों के मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश**

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि भूमि के अधिग्रहण की वजह से कई सड़कों के निर्माण में विलम्ब हो रहा है। अभियान चलाकर सड़क बनाने के लिए भूमि अधिगृहीत की जाये और अधिगृहीत सभी भूमि का लोक निर्माण विभाग के पक्ष में दाखिल खारिज भी कराया जाये, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाये। उन्होंने बैठक के दौरान सभी अनुरक्षण कार्यों की गहन समीक्षा की। सड़कों के सामान्य मरम्मत एवं विशेष मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता पर समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही धमार्थ मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा राज्य सड़क निधि के तहत सड़कों के निर्माण ध्सुदृढ़ीकरण को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की सूची जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के पंचायतीराज विभाग ने 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु यूपी के नामित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की सूची जारी कर दी है। निदेशक पंचायतीराज विभाग राजकुमार ने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में उप्र के लक्षित 76 प्रतिभागियों के सापेक्ष 81 प्रतिभागियों की सूची जारी कर अपर सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार को भेज दी गई है। निदेशक पंचायतीराज विभाग ने बताया कि प्रतिभागी 25 जनवरी को नई दिल्ली में आगमन करते हुए 27 जनवरी को अपने गंतव्य स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जनपद में 15 जनवरी तक सभी प्रमुख राजमार्गों की होगी मरम्मत, अतिथियों के स्वागत में सजेगा गोनार्द

# अयोध्या से जुड़ने वाले सभी मार्गों पर चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान



▸ डीएम नेहा शर्मा ने सभी विभागों को दिए निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में 'रामोत्सव' की तैयारियां जनपद में भी शुरू हो गई हैं। इसका उत्सव का आयोजन वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश/विदेश से बड़ी संख्या में विशिष्ट महानुभावों का आगमन होगा। गोण्डा जनपद, अयोध्या का सीमावर्ती जनपद है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने काफी संख्या में लोगों का यहां पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए जनपद में विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने साफ किया है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अधिशासी अधिकारीगण को अयोध्या से जुड़ने वाले सभी मार्गों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ किया है कि किसी भी मार्ग पर झाड़ियां/कचरा/गंदगी न रहे। रोड के मीडियन, साइड पटरी, सार्वजनिक स्थल, बाजारों, हाटों एवं वाटर बाडीज के निकट किसी भी दशा में कचरे/कूड़े के ढेर न दिखें। सभी गार्बेज वल्नरेबुल प्वाइंट्स का पूर्णतः विलोपन सुनिश्चित कर उसकी निरन्तरता को बनाए रखने हेतु उन स्थानों का स्थायी रूप से सौंदर्यीकरण भी कराया जाना अति आवश्यक है। सार्वजनिक शौचालयों में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। वहीं, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा/मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद में रोड साइड में (विशेषकर लखनऊ-गोण्डा-अयोध्या मार्ग पर) संचालित ढाबों/होटल/रेस्टोरेंट्स में खाद्य पदार्थों की जांच करा यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं भी अपमिश्रित खाद्य सामग्री की बिक्री/भण्डारण न हो।

### पेट्रोल पम्प्स पर प्रसाधन सुविधाएं

जिलाधिकारी ने बताया कि जिला पूर्ति अधिकारी, ऑयल कम्पनी के अधिकारियों से समन्वयन करते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि रोड साइड में संचालित समस्त पेट्रोल पम्प पर टायलेट्स का रखरखाव वैश्विक स्तर का हो। अच्छी तरह साफ-स्वच्छ स्थिति में रखे जाएं और वहां पहुंचने वाले किसी व्यक्ति को इनके उपयोग में असुविधा न हो।

### 15 जनवरी तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड-1 एवं निर्माण खण्ड-2 एवं अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग प्रखण्ड-अयोध्या को निर्देशित किया है कि प्रमुख राजमार्गों की आवश्यक मरम्मत का कार्य 15 जनवरी 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण हो जाए तथा अयोध्या से जुड़ने वाले किसी मार्ग पर गड्ढे न रहें। सभी प्रकार के अतिक्रमण भी हटवाकर सम्बन्धित मार्गों का अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रभागीय वनाधिकारी, वनप्रभाग गोण्डा को लखनऊ-गोण्डा-अयोध्या राजमार्ग पर कराए गए वृक्षारोपण में से जो पौधे सूख गए हैं, उनके स्थान पर दूसरे पौधे लगवाकर उन्हें व्यवस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ऐसे ट्री-गार्ड, जो निष्प्रयोज्य हो चुके हैं, उनको रिप्लेस/हटाने का कार्य भी गति से कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस को सौंपी गई विशेष जिम्मेदारी

अपर पुलिस अधीक्षक, गोण्डा आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि विभिन्न चौराहों/बाजार क्षेत्र में स्थापित किए गए समस्त सी.सी.टी.वी. क्रियाशील स्थिति में रहें। साथ ही साथ पी.आर.वी. को अलर्ट मोड में रखा जाए, ताकि किसी आकस्मिकता की स्थिति में त्वरित कार्यवाही हो सके। ट्रैफिक प्रबन्धन भी सुदृढ़ रखा जाए। वहीं, क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम गोण्डा यह सुनिश्चित करेंगे कि अयोध्या को जाने वाली निगम की बसें अच्छी स्थिति में हों। समीपवर्ती बस-स्टैण्ड पर सभी सुविधाएं पर्याप्त हों तथा संचालित हो रही बसों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

### निराश्रित गोवंश विचरण पर रोकथाम

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सभी खण्ड विकास अधिकारीगण, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों के सहयोग से विशेष अभियान के तहत जनपद सीमान्तर्गत सभी राजमार्गों, विशेषकर लखनऊ-गोण्डा-अयोध्या मार्ग पर निराश्रित गोवंश के विचरण पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करेंगे तथा ऐसे गोवंश को निकटवर्ती गो-आश्रयस्थलों पर संरक्षित करायेंगे। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न कराया जाए, ताकि आवागमन में बाधा/दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



## 87 युवाओं को मिला रोजगार खिले चेहरे

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को पं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत नवाबगंज में विकास खंड में लगे रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन बीडीओ नवाबगंज डा0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह व जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन प्रभु नाथ मिश्रा व ग्राम प्रधान सिरसा दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। मेले में 10 प्रतिष्ठित कम्पनियां यजाकी इण्डिया, ब्राइट पयवर प्रा0लि0, डिविसन प्रा0लि0, इन्टास प्रा0लि0, फीडम इम्प्लायबिल्टी एकेडमी, एस0एस0 ग्रुप ऑफ मैनपावर, टीडीके इण्डिया प्रा0लि0, श्री कृष्णा प्रा0लि0, नैपिनों आटो एण्ड इलेक्ट्रानिक्स लि0, मेडिकेट प्रा0लि0 कम्पनियों द्वारा विभिन्न प्रकार रिक्तियों के सापेक्ष विकासखण्ड के युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया गया है। इस मेले में विकासखण्ड के 565 युवाओं द्वारा प्रतिभाग करते हुए लगभग 275 युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया जिसमें हिमांशी कौशल, रिंकी यादव, नीलम, दीपा कौशल अंजनी वर्मा, सौरभ, श्याम जी, मंदीप कुमार द्विवेदी, सहित लगभग 87 युवक/युवतियों को विभिन्न कंपनी में सेवायोजित कराया गया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत रवि कुमार मिश्र, जिला समन्वयक प्रभु नाथ मिश्रा, जिला कौशल प्रबंधक अविनाश प्रताप सिंह, दीपक खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिग्विजय सिंह पटेल, डीपीएमयू से आदर्श कश्यप व वि0ख0 कार्यालय के समस्त कर्मचारी, प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधि सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# दबंग नहीं होने दे रहे निर्माण एसपी से हुई शिकायत

▸ प्रार्थी को अपनी ही पुश्तैनी जमीन पर निर्माण कराने से रोक रहे दबंग

▸ मकान खंडहर में तब्दील हो जाने के कारण कई लोगों ने अस्थाई रूप से ढाबली रखकर कर लिया था कब्जा



पीड़ित की फाइल फोटो

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कटरा बाजार में स्थित पुश्तैनी खण्डहर आवासीय भूखण्ड सम्बन्धित नगर पंचायत में मकान नंबर 107/ व 108 अभिलेख में दर्ज है।जो की मोहल्ला नाई टोला प्रथम नगर पंचायत कटरा में स्थित है। वही प्रार्थी ने कुछ वर्ष पूर्व अपने शिक्षा व व्यवसाय के लिए अपना मकान जिला मुख्यालय गोंडा पर बना लिया जिससे कि प्रार्थी का आना-जाना कम हो गया और मकान का मरम्मत न करा पाने के कारण मकान खंडाहर में तब्दील हो गया था। मकान खंडहर में तब्दील हो जाने के कारण सामने कई लोगों ने अस्थाई रूप से ढाबली रखकर कब्जा कर लिया था। जिसे हटाने के लिए 19 जून को उपजिलाधिकारी से मकान के सामने रखी ढाबली को हटवाने की मांग की गई थी जिस पर उप जिलाधिकारी ने हटवाने का आदेश दिया था। जमीन खाली होने पर निमार्ण करने में दबंग किस्म के लोग दखल देते हुए उसमें रोक लगा रहें हैं।

इस बारे में पुलिस से शिकायत की गई बताया गया है कि कटरा बाजार थाना के निवासी आलोक जायसवाल व चंद्र प्रकाश जायसवाल ने एसपी से की शिकायत में कहा है कि उसके पूर्वजो की पुश्तैनी जमीन है। और वह अपनी जमीन की नींव भरा कर दीवार खड़ी करना चाह रहे थे।लेकिन कुछ दबंग किस्म के लोग रंजिशन निमार्ण को रोक रहें हैं।आलोक जायसवाल ने पुलिस से शिकायत की है कि गिर रहे पुराने भवन का निर्माण करवा रहा था जिसे दबंगों ने अनुचित लाभ उठाने के उद्देश्य से गुंडई करते हुए मजदूरों को गाली-गलौज देकर निर्माण सामग्री है सीमेंट,फवड़ा और मजदूरों को गाली गलौज देकर निर्माण सामग्री आदि उठा ले गए हैं।जबकि पूर्व में ही उप जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी निरीक्षक कटरा, और ईओ नगर पंचायत को आदेशित किया था कि प्रार्थी की आवासीय भूखंड से संबंधित दस्तावेज साक्ष्य के प्रकाश में निर्माण कार्य में बाधक बन रहे आरोपियों से छीनी गई सामग्रियों के वापस कराए तथा पुनर्निर्माण कार्य में स्थलीय सुरक्षा के आदेश कटरा बाजार पुलिस को आदेशित कर दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत का आदेश दिया था।

> मकान नंबर 107 और 108 पर दर्ज अभिलेख आलोक जायसवाल व चंद्र प्रकाश जायसवाल के नाम पर है। उसी में 107 मकान नंबर पर आलोक जायसवाल उसी का निर्माण करा रहे थे,जिस पर विपक्षी सुरेंद्र कुमार आपत्ति कर रहे थे कि वह जमीन मेरी है लेकिन उनसे कागजात मांगने पर नहीं दिखा पा रहे हैं।कोर्ट से स्टे लेने के लिए एक सप्ताह का समय मांग रहे हैं। फिलहाल मौके पर काम को रुकवा दिया गया है शांति व्यवस्था कायम है। इस मामले में पुलिस आगे की जांच में जुटी है।
>
> *संजय गुप्ता, थाना प्रभारी, कटरा बाजार*

विपक्षी सुरेंद्र कुमार का एक वीडियो सामने आया जिसमें उनके द्वारा पुलिस प्रशासन व प्रार्थी के सहयोगियों पर उल्टा सीधा आरोप लगाते हुए बयान बाजी कर रहे है। जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चंद्रपाल शर्मा ने बताया कि सोमवार को कटरा बाजार अर्जुन हाता पहुंच कर जमीन का निरीक्षण किया है। और मौके पर दस्तावेज देखा गया दस्तावेज में पुश्तैनी जमीन का निर्माण कार्य हुआ था। सुरेंद्र के पुत्र संजीव ने पुलिसकर्मी सहित अन्य पर सोशल मीडिया के माध्यम से आरोप लगाए हैं वह निराधार है इस तरीके से उनको अनर्गल आरोप नहीं लगाना चाहिए।

## आपदा से बचाव के लिए अध्यापकों को दी गई जानकारियां

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को टाउन हॉल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गोण्डा द्वारा आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्कूल व कालेजों में आने वाली आपदा से बचाव के संबंध में विद्यालय के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में बाढ़ से पूर्व तैयारी, सर्पदंश ,अग्निकांड, वज्रपात, हीट वेव से बचाव के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सभी अधिकारियों व अध्यापकों को बताया गया कि आग लगने, सर्पदंश, वज्रपात, हीटवेव व बाढ़ आने पर पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। सर्पदंश के बारें में चिकित्सा विभाग, अग्नि कांड के संबंध में अग्निशमन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा अलग-अलग आपदाओं से बचने के तरीके बताए गए।

# मोटे कमीशन के चक्कर में आशा गर्भवती महिलाओं को ले जाती हैं निजी नर्सिंग होम




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

निजी नर्सिंग होम से मिलने वाले मोटे कमीशन के चक्कर में गर्भवती महिलाओं को जिला महिला अस्पताल में गुमराह किया जा रहा है।सूत्रों के मुताबिक जिला महिला अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर और कुछ डॉक्टर का संरक्षण प्राप्त आशाए प्रसव को पहुंचने वाले हर गर्भवती को लापरवाही और केस बिगड़ने का हौवा दिखाकर महिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर के निजी अस्पताल ले जाने की सलाह देती हैं।इतना ही नहीं निजी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव कराने की सलाह देकर आशाएं कमीशन के चक्कर में खेल करती हैं।

गोंडा जिला महिला अस्पताल में गर्भवती के एंट्री करते ही नेटवर्क से जुड़े लोग सक्रिय हो जाते हैं।इनमें खासकर आशा एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं।जो नेटवर्क संचालित करने वालों के साथ जुड़े हैं।हमदर्दी दिखाने के बाद महिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की कमियों का पिटारा खोल देते हैं।

महिला अस्पताल में मरीजों को गुमराह करने और गर्भवतियों को निजी अस्पताल ले जाने वाले नेटवर्क का मामला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।आशाओं के कमीशन के चक्कर में कई बार जच्चा-बच्चा की मौत तक हो जाती है।अब तक कई मामले हो चुके हैं। मगर अफसर इससे अंजान बने हुए हैं।वहीं कई बार बहराइच रोड कुंवर टॉकीज के बगल एक नर्सिंग होम संचालित हो रहा है। जहां पर कई परिवारों को बेसहारा कर दिया है।

### कोडवर्ड में बताती हैं अस्पताल

गोंडा महिला अस्पताल में आशाओं और अन्य लोगों का सक्रिय गैंग प्रसव के लिए पहुंचने वाली महिलाओं को कोडवर्ड में अस्पताल बताती हैं। इस नेटवर्क में शामिल लोगों ने मरीजों के कोडवर्ड तय कर रखे हैं।मरीजों को लाने और ले जाने तक के कोडवर्ड से आम आदमी को काले धंधे का पता नहीं चलता है।जितना गंभीर मरीज, उतना बड़ा पैकेज मिलता है।वही इसी के हिसाब से मरीज की जेब को देखते हुए निजी अस्पताल में भेजा जाता है। उसके बाद बंदरबाट होता है।इस प्रकरण को लेकर जब सीएमओ से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन नही उठा।

### मिलता है मोटा कमीशन

आशाओं को एक पेशेंट का पाँच से सात हजार तक मिलता है कमीशन निजी अस्पताल गर्भवती को ले जाने पर ही कमीशन मिलता है।जिला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए रोज दर्जनों महिलाओं आती हैं। सरकारी अस्पताल में लापरवाही की बात बताकर अनहोनी होने की आशंका से डरा दिया जाता है।तीमारदार अपने मरीज की बेहतरी के लिए वहां से निजी अस्पताल के लिए मरीज को लेकर निकलना ही बेहतर समझते हैं।मरता क्या नहीं करता इस दौरान महिला अस्पताल में घूम रही आशाएं उनसे मिलती हैं और निजी अस्पताल ले जाती हैं।

# तम्बाकू व तम्बाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहें युवा : सीएमओ

▸ राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित हुई कार्यशाला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ओरिएंटेशन ऑफ लॉ इनफोर्सेस प्रशिक्षण/ उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण/ उन्मुखीकरण कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, रेल विभाग आदि समेत समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर कार्यरत आशा एवं एएनएम ने तम्बाकू नियंत्रण पर प्रशिक्षण प्राप्त कर तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सतीश कुमार सिंह ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन डीएचआईओ बृजेश सिंह ने किया। नोडल अधिकारी डॉ एस सोलंकी ने कार्यशाला में बताया कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है जिसमें धारा 4 के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्र पान करना अपराध है। पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद पर अगर चित्र के साथ चेतावनी नहीं होगी तो धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष राणा एवं डॉ शंभू दयाल, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सतीश गौतम, डीपीएम सरजू खान, एनसीडी सेल से विवेक श्रीवास्तव, मो हारून, फहीम अहमद, शरद श्रीवास्तव, एनसीडी क्लीनिक के डॉ अंशुमान सिंह श्रीनेत, फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, संतोष सिंह, बृज प्रकाश, मनीष कुमार सिंह, राज कुमार महतो, सीमा कुमारी, अजय एवं मुकेश हंस आदि मौजूद रहे।

### तम्बाकू उद्योग युवाओं को निशाना बनाते हुए उनके स्वास्थ्य को पहुंचा रहा नुकसान

सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह ने कहा कि बेहद चिन्ताजनक है कि तम्बाकू उद्योग अब युवाओं को निशाना बनाते हुए उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही है। अगर हम जागरूक नहीं बने तो तम्बाकू उद्योग के इस अनैतिक आचरण के चलते जल्द ही तम्बाकू और निकोटीन का उपयोग करने वाली अगली पीढ़ी हमारे सामने होगी। इसलिए इससे बचना बेहद जरूरी है।

# 22 जनवरी को दीपावली मनाने के आग्रह के साथ कर रहे अक्षत वितरण





▸ जिला प्रचारक सहित पूरा संघ पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम में जुटा

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

श्री धाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के होने वाले बाल स्वरूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तैयारियां जोरों पर हैं। संघ कार्यकर्ता पूरे जनपद में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का पूजित अक्षत प्रत्येक हिन्दू परिवारों के घर-घर जाकर वितरित कर रहे हैं। जहां एक ओर संघ कार्यकर्ता घर घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं वहीं संघ के जिला प्रचारक अजय के नेतृत्व में न्याय पंचायत डीहा एवं चिलवरिया बाजार में कलश यात्रा निकाल कर पूजित अक्षत व पत्रक का वितरण घर-घर पहुँचकर किया गया। यहां जिला प्रचारक ने प्रभु श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में विस्तृत जानकारी देते ग्रामवासियों का आह्वान किया कि जब 22 जनवरी को श्री धाम अयोध्या में जब प्रभु राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो रही हो तो सभी ग्रामवासी रामभक्त अपने-अपने ग्राम में दीप प्रज्वलित कर महा दीपावली का पर्व मनाएं। इस दौरान टोली में शामिल कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम का उद्घोष कर पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया। दूसरी तरफ खंड चितौरा की नौ न्याय पंचायतों के कुल 90 ग्राम सभाओं की 40 से अधिक ग्रामों में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत वितरण का कार्य घर-घर जाकर किया गया। उक्त ग्राम सभाओं में अक्षत वितरण के कार्य में कुल 24 महिला पुरुष टोलियां कार्यरत हैं। अक्षत वितरण कार्यक्रम में रमेश,अखिलेश ,खंड संघचालक धनंजय ,खंड कार्यवाह धर्मेंद्र ,रमेश,रामकिशन , मनोज दास,खण्ड पत्रिका प्रमुख मनीष , हिंदू जागरण मंच के धनंजय, परमार्थ एवं सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति तथा स्वयंसेवक बंधुओं ने सहभागिता किया।

# जिले में बेहतर रहेगी बहराइच पुलसिंग व्यवस्था : एसपी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सोमवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता की।

उन्होंने कहा कि लोगों को न्याय दिलाने के साथ जनपद की बेहतर पुलिस फोर्स बनाना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार की ओर से आईपीएस वृंदा शुक्ला को जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। एसपी ने रात में जिला मुख्यालय पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद सोमवार को पुलिस लाइन में जिले के पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। एसपी ने कहा कि महिला सुरक्षा पर उनका मुख्य फोकस रहेगा। जिससे महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को गलत तरीके से परेशान नहीं किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनके कार्यकाल में जिले की पुलिस फोर्स को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। एसपी ने कहा कि जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ इसके दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, एएसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, सीओ कैसरगंज रविंद्र गौड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

### एसपी ने सलामी लेकर ग्रहण किया कार्यभार

नवागत पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस कार्यालय पर सलामी लेने के उपरांत कार्यभार ग्रहण किया गया तथा कार्यालय के समस्त शाखाओं का भ्रमण करके शाखा प्रभारीओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जन समस्याएं

सोमवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों,प्रार्थना पत्रों के संबंध में संबंधित अधिकारियों,थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने के लिए आदेशित किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 730 नानपारा- पीलीभीत मार्ग पर ग्राम सेमरहना के निकट सुबह करीब सात बजे किसी अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को ठोकर मार कर चला गया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने फोन कर जलिमनगर पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान करवाई। मृतक की पहचान राममनोहर मौर्य पुत्र शंकर उम्र 65 वर्ष निवासी चकैया, ग्राम पंचायत झाला के रूप में हुई है। दीवान रामाशीष वर्मा ने बताया कि घने कोहरे के कारण ही किसी वाहन से ठोकर लगा है। वाहन का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा विधायक की सजा पर जिला जज ने लगाई रोक



**एसडीएम को धमकाने का लगा था आरोप**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महसी विधानसभा से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह को एमपी एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को एसडीएम को धमकाने के मामले में 2 वर्ष की सजा सुनाई थी साथ ही ढाई हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया था। इसके लिए विधायक के वकील ने निचली अदालत के आदेश को जनपद न्यायाधीश के कोर्ट पर दायर की। सोमवार को जनपद न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी है। जिले के महसी विधान सभा के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह पर दो सितंबर वर्ष 2002 में हरदी थाने में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ था। इस मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट में बीते गुरुवार को हुई थी। एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश अनुपम ने सुनवाई करते हुए विधायक पर दो वर्ष की सजा सुनाई थी। साथ ही विभिन्न मामलों में ढाई हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया था। हालांकि अंतरिम जमानत शुक्रवार को ही मंजूर हो गया था।विधायक के वकील ने निचली अदालत के फैसले को जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के न्यायालय पर अपील दायर कर चुनौती दी। जनपद न्यायाधीश ने सोमवार को मामले की सुनवाई की पक्ष और विपक्ष के वकीलों ने अपनी अपनी बात रखी। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं का तर्क सुनने के बाद जनपद न्यायाधीश ने निचली अदालत के फैसले को स्थगित कर दिया है। विधायक के सजा पर रोक लगने से उनके समर्थकों में खुशी छा गई सभी ने एक दूसरे को बधाई देकर खुशी जताया। वही विधायक ने शहर के सिद्धनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

**स्वास्थ्य** | **सीमित परिवार के साथ उच्च जोखिम गर्भावस्था से सुरक्षित रहती हैं महिलाएं**

# दोहरी सुरक्षा कवच का साधन है परिवार नियोजन




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** परिवार नियोजन साधनों का उपयोग सिर्फ परिवार को सीमित करने तक ही नहीं है बल्कि उच्च जोखिम गर्भावस्था से बचाने में भी इसकी बहुत बड़ी भूमिका है। कोई भी साधन न उपयोग करने पर बार-बार गर्भधारण या गर्भपात की संभावना बढ़ जाती है। दोनों ही स्थितियां जटिल प्रसव का कारण बनती हैं और इसका असर जन्मे शिशु पर भी पड़ता है।

*केस 1-*

फखरपुर, कनेरा निवासी 30 वर्षीय बुंदेला को दो माह का गर्भ है। अभी तक वह 8 बच्चों को जन्म दे चुकी हैं। इनमें 6 बच्चों की मृत्यु जन्म के दो सप्ताह के अंदर हो गयी। क्षेत्र की एएनएम प्रमिला ने बताया कि पिछली गर्भावस्था के परिणाम अच्छे न होने और हर साल लगातार गर्भधारण की वजह से बुंदेला की गर्भावस्था उच्च जोखिम की श्रेणी में आती है। ठीक से देखभाल न होने पर जच्चा - बच्चा दोनों को खतरा हो सकता है। वर्तमान में खून की कमी और उच्च रक्तचाप की वजह से बुंदेला को आगे की जांच व इलाज के लिए सीएचसी पर रेफर किया गया है।

*केस 2-*

फखरपुर, सुंदरपुरवा निवासी 25 वर्षीय गुड़िया चौथी बार गर्भवती हैं। पिछले तीन बच्चों में एक शिशु की मृत्यु दो सप्ताह के अंदर हो गयी। आशा कार्यकर्ता सपना रानी ने बताया कि गुड़िया दो वर्ष के अंदर पुनः गर्भवती हैं उनका वजन 38 किग्रा है और गंभीर एनीमिया से पीड़ित हैं। इन्होंने अभी तक कोई भी परिवार नियोजन का साधन नहीं अपनाया है। उच्च जोखिम गर्भावस्था के कारण इन्हें जांच व इलाज के लिए सीएचसी पखरपुर रेफर किया गया है।

*क्या है उच्च जोखिम गर्भावस्था :-* स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ममता बसंत के अनुसार यदि पिछली गर्भावस्था के खराब परिणाम या प्रसव से पहले रक्तस्राव या गंभीर एनीमिया जैसी समस्या उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था होती है। ऐसे में स्वस्थ होने से पहले पुनः गर्भधारण करने से परहेज करना चाहिए। इसके अलावा उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गुर्दा रोग, क्षय रोग आदि की समस्या होने पर बार-बार गर्भधारण करने से इन बीमारियों की गंभीरता हर गर्भावस्था में और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे दंपति को प्रसव पश्चात कोई भी परिवार नियोजन का साधन अवश्य अपनाना चाहिए ताकि अनचाहे गर्भ से बचने के साथ ही माँ अपने बच्चे का पूरी तरह से ध्यान रख सके और पुनः शारीरिक रूप से स्वस्थ हो सके।

### इन स्थितियों में भी गर्भधारण से करें परहेज

| | |
|---|---|
| -महिला की आयु 20 वर्ष से कम या 35 वर्ष से अधिक | परिवार नियोजन साधन |
| -छोटे बच्चे की उम्र 3 वर्ष से कम | -प्रसव पश्चात कॉपर टी |
| जनपद में चिन्हित उच्च जोखिम गर्भावस्था | -कॉपर टी |
| -वर्ष 2020-21 - 94 | -तिमाही अंतरा इंजेक्शन |
| -वर्ष 2021-22- 115 | -छाया साप्ताहिक गोली |
| -वर्ष 2022- 23 - 86 | -माला एन |
| | -कंडोम |
| | -पुरुष व महिला नसबंदी |

> अस्पताल में प्रसव पश्चात 48 घंटे के अंदर, प्रसव पूर्व जांचों के दौरान, हर महीने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान, बच्चों के टीकाकरण के दौरान, प्रत्येक गुरुवार को अंतराल दिवस पर व प्रत्येक माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस के अलावा गृह भ्रमण के समय दिया जाता है। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाता है कि दंपति परिवार नियोजन के महत्व को जाने और अपनी आवश्यकता अनुसार कोई साधन बच्चों में अंतर रखने के लिए अवश्य चुने।
>
> *डॉ. सतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी*

# ऊंचाहार कोतवाल का महिला से चैटिंग का चैट वायरल

- ट्रूकॉलर पर कथित नंबर आदर्श सिंह के नाम का
- चैटिंग वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप
- फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते क्षेत्राधिकारी डलमऊ




**महिला के पति ने कोतवाल से बताया जान का खतरा, डीजीपी को लिखा पत्र**

**ऊंचाहार, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाल का क्षेत्र की एक महिला से की गई कथित व्हाट्सएप पर चैटिंग वायरल हो गई है। चैटिंग के अधिकांश मैसेज डिलीट किए गए हैं लेकिन कुछ अश्लील मैसेज मौजूद हैं। हालांकि इस चैटिंग की प्रामाणिकता की पुष्टि समृद्धि न्यूज़ नहीं करता है। उधर महिला के पति ने दोनों के बीच हुई चैटिंग को पकड़ा तो उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि उसको जुबान बंद रखने की धमकी दी जा रही है। पति ने कोतवाल से अपनी जान का खतरा बताते हुए डीजीपी को पत्र लिखकर सारा साक्ष्य भेजा है।

वायरल चैटिंग में अधिकांश मैसेज डिलीट हैं। चैटिंग के कुछ अंश शेष है। अलग अलग तिथि में महिला के साथ हुई चैटिंग की पूरी कॉपी डीजीपी को भेजी गई है। कोतवाल की महिला के साथ चैटिंग वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। उधर अधिकारी इससे पूरी तरह अंजान बने हुए है। सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहार का कहना है कि मामले की उन्हें जानकारी नहीं है।

### ....तो क्या कोतवाल साहब हैं आशिक मिजाज?




ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक का कहना है कि कुछ माह पूर्व उसका उसकी पत्नी से विवाद हुआ था । जिसकी शिकायत लेकर उसकी पत्नी कोतवाली गई थी । जहां पर कोतवाल ने उसकी पत्नी को देखा और महिला को अपना निजी नंबर दिया । इसके बाद दोनों में चैटिंग और व्हाट्सएप कॉलिंग शुरू हो गई। महिला के पति ने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन पर दोनों के बीच चैटिंग देखी तो उसके होश उड़ गए । उसने चैटिंग के कुछ अंश की कॉपी कर ली । आरोप है कि जब कोतवाल को मामले की जनकारी हुई तो महिला के पति को दोनों के बीच न आने की धमकी दी गई । उसका कहना है कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट भी की। पीड़ित पति ने आपकी पत्नी और कोतवाल की चैटिंग के अंश डीजीपी को भेजकर कोतवाल से अपनी जान का खतरा बताया है। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी को कोतवाल ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया है । वायरल चैटिंग में कोतवाल महिला को सचेत करते हैं कि सारे मैसेज डिलीट कर दिया करो ।

### क्या कहना है अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह का

वही जब इस खबर के बारे में क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण नौहार के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो दो बार फोन की घंटी बजाने के बाद भी उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा जबकि उनके बड़े साहब अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह के द्वारा एक बार में ही फोन उठा लिया गया और बताया गया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है इस मामले को मैं दिखवाता हूं।

# साफ-सफाई में नगर पंचायत महराजगंज बनी अव्वल

- नगर की जनता दे रही है 10 में से 10 नंबर
- साफ-सफाई पेयजल सहित अन्य तमाम तरह की सुविधा जनता को मिल रही आसानी से




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक ऐसी नगर पंचायत जहां की जनता नगर पंचायत को दे रही है 10 में से 10 नंबर हम बात कर रहे हैं रायबरेली जिले की महराजगंज नगर पंचायत की जिसमें साफ सफाई और पेयजल सहित तमाम तरह की सुविधा आज जनता को बड़ी आसानी से उपलब्ध हो रही है तो इसका सबसे बड़ा कारण अध्यक्ष सरला साहू और उनके पति भाजपा नेता प्रभात साहू सहित नगर पंचायत के कर्मियों को जाता है।

हमारे संवाददाता ने जब नगर का हाल नगर की जनता से जानना चाहा तो जनता ने बताया की साफ सफाई सहित पेयजल की व्यवस्था बहुत ही अच्छी और बढ़िया है महराजगंज कस्बे के शांति नगर निवासी राजन वर्मा ने बताया कि नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा लगातार कूड़ा उठाया जाता है और साफ सफाई में कहीं कोतही नहीं की जाती साथ-साथ पेयजल की व्यवस्था भी बहुत अच्छी है महराजगंज कस्बे के वार्ड नंबर 3 शांति नगर निवासी शिवकुमार वैश्य ने बताया कि साफ सफाई की व्यवस्था बहुत अच्छी है सफाई कर्मी आते हैं कूड़ा उठा ले जाते हैं लेकिन कुछ लोग सफाई कर्मी के जाने के बाद कूड़ा डाल देते हैं वहीं नगर पंचायत को 10 में से 10 नंबर दिया जाना चाहिए।

> तो क्या नहीं है कोई काम इसलिए नगर पंचायत को कर रहे हैं बदनाम रविवार के दिन अवकाश रहता है नगर के कुछ लोगों ने बताया कि रविवार का दिन ही कुछ बदनाम करने वाले लोग चुनते हैं और इसी दिन आकर इधर-उधर के कूड़े का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डालकर केवल नगर पंचायत को बदनाम करने का काम किया जा रहा है बाकी नगर के कर्मियों द्वारा जितनी मेहनत की जाती है वह अन्य नगर पंचायत के लिए एक उदाहरण है।

महराजगंज कस्बे की निवासी रामरति ने बताया कि कूड़ा वाले आते हैं कूड़ा उठा ले जाते हैं कूड़ा सहित तमाम तरह की सुविधा हम नगर पंचायत वासियों को मिल रही है कोई दिक्कत नहीं है ।महराजगंज कस्बे के निवासी वार्ड नंबर 7 प्रकाश नगर के वारिस अली ने बताया कि नगर पंचायत के कर्मी आते हैं और कूड़ा उठा ले जाते हैं साफ-सफाई में नगर पंचायत अव्वल है महराजगंज कस्बे के वार्ड नंबर 7 प्रकाश नगर के निवासी राजेश ने बताया कि साफ सफाई में नगर पंचायत का काम बहुत अच्छा है साथ-साथ पानी भी चार बार आता है किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है नगर पंचायत विकास करवाने के मामले में अव्वल है।

## खबरें एक नजर में

### अवैध शस्त्र व चोरी के समान के साथ दो गिरफ्तार




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायबरेली पुलिस को मिली बड़ी सफलता है सोमवार को रायबरेली पुलिस ने अवैध शस्त्र व चोरी के समान के साथ दो शातिर चोर हुए गिरफ्तार मामला भदोखर थाना क्षेत्र का है जहां पुलिस को काफी दिनों से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घट रही थी पुलिस ने नहरी चौराहे के पास से चित्रसेन पुत्र महारथी व दिनेश को अवैध शस्त्र व चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया गया पुलिस ने इनके पास से एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाइल, व सोने चांदी के जेवरात समेत 18000 रुपए की नगद बरामद किया।

### भाकियू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक उत्तर प्रदेश ने पाँच सूत्रीय माँगों को लेकर खण्ड विकास आधकारी बीघापुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि आवारा जानवरों को गौशालाओं में बंद करवाया जाए। सरकारी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए कैम्प आयोजित किये जायें। ब्लॉक स्तर पर किसानों के राशनकार्ड सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण किया जाए जिससे उनको ऑफिसों के चक्कर न लगाने पड़ें। गांवों में खुली नालियों की साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक की जाए। गांवों में पेयजल हेतु इंडिया मार्का हैंडपम्प जो खराब पड़े हैं उनकी मरम्मत करवाई जाए जहां रिबोर की जरूरत हो वहां रिबोर करवा कर इंडिया मार्का लगवाए जाएं। इन्हीं पांच सूत्रीय मांगों को लेकर यूनियन की ब्लॉक इकाई ने सुमेरपुर ब्लॉक कार्यालय में भी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में अजय कुमार पटेल, हरिश्चंद्र गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, राजबहादुर, देवकीनंदन, राजकिशोर, देवीचरण, सुशीला देवी आदि रहे।

### ट्यूबवेल की रखवाली कर रहे वृद्ध की हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसो में बीती सोमवार की रात ट्यूबबेल की रखवाली कर रहे 62 वर्षीय एक व्यक्ति की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। 7 जनवरी की रात गेंदालाल पुत्र बुद्धीलाल गांव के ही विनोद तिवारी के ट्यूबबेल पर बने पक्के कमरे में रात को खेतों की रखवाली कर रहा था, अज्ञात व्यक्तियों ने कमरे के लोहे के दरवाजे के निचला हिस्सा तोड़कर गेंदालाल को लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर अंदर से कुंडी बन्द करके भाग गए। 8 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे गांव के अन्य व्यक्तियों अपने खेतों पर गए तो गेंदालाल को देखा कि कमरे का दरवाजा टूटा हुआ व तखत के नीचे गेंदालाल खून से लथपथ पड़ा है। गेंदालाल के पुत्र संदीप कुमार को गाँव वालों ने सूचना दी, जब संदीप मौके पर पहुंचा तो उसके पूर्व बीघापुर पुलिस वहां पहले से मौजूद थी। पुलिस ने मृत दशा में गेंदालाल को बाहर निकाला और पंचनामा कर शव को सील करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के पुत्र संदीप के द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफहत्या की तहरीर दी जिसपर पुलिस ने एफआईआर लिख दी है। मृतक का पुत्र संदीप अपने परिवार सहित दूसरे गांव अकवाबद में रहता है।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी के अंतर्गत त्रिभुवनखेड़ा के पास मोटरसाइकिल से जा रहा अधेड़ डिवाइडर से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ऋषिराज पुत्र जमुना प्रसाद निवासी संदीप नगर अन्ना चौराहे के पास सनिगवां थाना चकेरी लखनऊ कानपुर हाईवे पर स्थित हिंदुस्तान लीवर कंपनी से काम करके मोटरसाइकिल से वापस अपने घर कानपुर जा रहा था अभी वह त्रिभुवनखेड़ा के पास ही पहुंचा था कि डिवाइडर से टकराते हुए दूसरी पट्टी में जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दीवार गिरने से महिला की दबकर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र में बीती देररात एक महिला सोते समय दीवार गिरने से मलबे में दब गई। आवाज सुनकर दौड़े परिजनों और पड़ोसियों ने मलबा हटाकर उसे आनन फानन बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने ऐसी किसी सूचना से इंकार किया है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के जैतीपुर निवासी माधुरी (52) पत्नी स्व. सुरेश तिवारी बीती रात अपने घर में सो रही थी। इसी बीच घर की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। जिससे वहां सो रही माधुरी मलबे में ही दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी दौड़े। बेटे संदीप ने पड़ोसियों की मदद से मलबा हटाकर माधुरी को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी मौत से बहू निधि, पोते प्रखर व अक्षत समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घरवालों ने बिना पुलिस सूचना के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ कमल दुबे ने ऐसी किसी घटना की लिखित सूचना से इंकार किया है।

# भूमाफियाओं के खिलाफ एक्शन में प्रशासन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- तलाब की जमीन पर बनाए गए पेट्रोल पंप को प्रशासन ने घोषित किया अवैध
- तालाब की जमीन पर 2 करोड़ 8 लाख 1200 रुपए का अर्थ दंड लगाते हुए जमीन से बेदखल करने का दिया आदेश



> अभी एक बे दखली की कार्यवाही सदर तहसीलदार द्वारा की गई है जो एक पैट्रोल पम्प तालाब की जमीन पर बना रहा था जो 17 साल से काबिज था जिसके ऊपर दो करोड़ से ज़्यदा का जुर्माना व बे दखली की कार्यवाही की गयी है।
> **प्रफुल्ल त्रिपाठी (अपर जिलाधिकारी)**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भूमाफियाओं के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व मामले में कोर्ट में लंबित मामलों को जिले में जल्द से जल्द निपटाया जाए वही इसकी एक बानगी आज देखने को मिली है

कई वर्षों से तालाब की जमीन पर काबिज भूमाफिया पर चला आज जिला प्रशासन का डंडा तहसीलदार सदर ने जमीन से बेदखल करने के साथ ही करोड़ों रुपए का लगाया जुर्माना मामला सदर तहसील क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज ह ॥30 मार्ग पर सरायं दामू गांव के पास स्थिति पेट्रोल पंप का है, जहां भूमाफिया मो हसनैन पुत्र मोहम्मद हफीज निवासी कहारों का अड्डा शहर कोतवाली ने करोड़ों रुपए कीमत की लगभग पौने दो बीघा तालाब की जमीन पर कूट रचित दस्तावेज तैयार करके अवैध पेट्रोल पंप का निर्माण कर लिया था भूमिया मोहम्मद हसनैन लगभग 17 वर्षों तक जिला प्रशासन को गुमराह करता रहा लेकिन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश के बाद तहसील प्रशासन एक्शन मोड में आ गया इसके बाद मोहम्मद हसनैन के द्वारा करोड़ों रुपए कीमत की जमीन पर बनाए गए पेट्रोल पंप को अवैध घोषित करते हुए 17 वर्षों से इस्तेमाल की जा रही तालाब की जमीन पर 2 करोड़ 8 लाख 1200 रुपए का अर्थ दंड लगाते हुए जमीन से बेदखल करने का आदेश दिया भू माफिया हसनैन के ऊपर हुई कार्रवाई से जिले के भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया गया है।

### ट्रक के नीचे आई बाइक, पिता-पुत्र घायल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब सोमवार की सुबह एक पिता अपने बच्चें को बाइक में बिठाकर कोचिंग पढ़ने के लिए छोड़ने जा रहा था तभी जैसे ही डलमऊ बाईपास पहुंचे तो अचानक अनियंत्रित होकर बाइक ट्रक के पहिए के नीचे आ गई जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए बाइक सवार जितेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय महादेव सोनकर निवासी दतौली लालगंज जोकि अपने बेटे आर्यन सोनकर को कोचिंग पढ़ने के लिए बाइक से छोड़ने जा रहे थे तभी डलमऊ रोड बाई पास पर यह हादसा हो गया द्य जिससे वहा मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई तो वही सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी ने बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो न्याय सम्मेलन बूथ स्तरीय पदाधिकारी कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को अभी से लग जाना है और आपके बूथ में जो भी घर पडते हैं उन सभी लोगों से अपील करते हुए उनको समझाना है कि कांग्रेस को वोट दें और आने वाले समय में कांग्रेस की ही सरकार बन रही है क्योंकि जनता ने मन बना लिया है कि बीजेपी को उखाड़ कर फेंक देना है और कांग्रेस पार्टी की सरकार बनानी है कांग्रेसी नेता सुशील पासी ने आए हुए बूथ अध्यक्षों का हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि आप लोग अभी से तन और मन से लग जाए और कांग्रेस पार्टी के ही सांसद को रायबरेली जिले से सांसद बनना है ।वही इस मौके पर बछरावां विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के बूथ कार्यकर्ता बछरावां शिवगढ़ महराजगंज के सैकड़ो बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे और अपने नेता सुशील पासी के विचारों को सुना और गुना।

# आप खा रहे हैं ब्रांडेड मसाले तो हो जाइए सावधान!

**खाद्य विभाग की जांच मे ब्रांडेड मसाले मानकों पर फेल**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अगर आप ब्रांडेड मसालों के शौकीन हैं, तो ये खबर आपके लिए ही है। आप सावधान हो जाएं। क्योंकि, ब्रांडेड मसाले गुणवत्ता पर खरे नहीं उतरे हैं। रायबरेली में बिक रहा नकली मसाले को जांचने के लिए जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने सोमवार (08 जनवरी) अपने फूड सेफ्टी व्हील द्वारा जब ब्रांडेड मसालों की जांच की तो उसमें वो मानक पर खरे नहीं उतरे।

रायबरेली की खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अपराजिता तिवारी के नेतृत्व में सेफ्टी व्हील द्वारा बनी वैन में जांच की गई तो मसालें की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं निकले। ख़राब रिपोर्ट आने के बाद अब मसाले को रायबरेली के बाहर बड़ी लैब में भेजने का फैसला लिया गया है।

### अशोक मसाले की पिसी धनिया-मिर्च पाउडर में मिलावट

जांच टीम ने अशोक मसाले की जांच में पाया कि, पिसी धनिया व पिसी मिर्च, सब्जी मसाले सहित अन्य सभी उत्पादों की बाकायदा जांच की गई। इसमें अशोक मसाले की पिसी धनिया और मिर्च पाउडर में मिलावट पाई गई।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा ये चिंता का विषय

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि, पहले जांच में यह मसाले गुणवत्तापरक नहीं पाए गए। अब इन्हें जांच के लिए आगे लैब में भेजा जाएगा। इन मसाले पर रोक भी लगाई जाएगी। लेकिन, जिस तरह से ब्रांडेड मसालों के नाम पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है निश्चित चिंता का विषय है।

# खंड शिक्षा अधिकारी को शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी ने किया सम्मानित



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई दिनसा गौरा के पदाधिकारी द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया सोमवार को खंड शिक्षा कार्यालय दिन सागर में नव वर्ष में पहली बार पधारे खंड शिक्षा अधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया जहां पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी द्वारा फूल माला पहनकर स्वागत किया गया शैक्षिक महासंघ के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी ने शीतकालीन अवकाश में शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अध्यापक छात्रों के अभिभावकों के संपर्क में रहे और छात्रों को पढान एवं पाटन कार्य के लिए प्रेरित करते रहें तथा विद्यालय एवं शिक्षा संबंधी गतिविधियों पर अपनी पहली नजर बनाए रखें इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह जिला महामंत्री हरिमोहन यादव कार्यकारी अध्यक्ष आरके सिंह महामंत्री जंग बहादुर संयुक्त मंत्री विनीता सिंह एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान रायबरेली में रहेगा रूट डायवर्जन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान अयोध्या में कई अति विशिष्ट अतिथियों के आवागमन के मद्देनजर रूट डायवर्जन किया गया है। इसी कड़ी में रायबरेली में भी आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सुगम यातायात के लिए रूट डायवर्जन किया गया है।

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रस्तावित भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए रायबरेली में रूट डायवर्जन रहेगा। इस दिन यहां कानपुर या अन्य जिलों से आने वाले भारी वाहनों को महाराजगंज से हैदरगढ़ होते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के जरिये उनके गंतव्य की ओर भेजा जायेगा। यह व्यवस्था 22 जनवरी से पूर्व लागू की जायेगी। इसी प्रकार लखनऊ से अयोध्या की ओर जाने वाले भारी वाहनों को भी उन्नाव व रायबरेली होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के जरिये ही भेजा जायेगा।

### कानपुर से अयोध्या जाने वाले भारी वाहन का ये होगा रूट

अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह ने बताया, अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। उसकी संवेदनशीलता को देखते हुए रूट चार्ट बनाया गया है। जो भी भारी वाहन अयोध्या जा रहे हैं, उनका रूट डायवर्ट किया गया है। उन्होंने बताया, कि वह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते अयोध्या जाएंगे। आवागमन के लिए दो रूट तैयार किया गया। है भारी वाहन कानपुर से लखनऊ से होकर के अयोध्या जाते हैं। उनके रूट में डायवर्जन किया गया है। वह कानपुर से उन्नाव आएंगे, फिर उन्नाव से लालगंज, लालगंज से हरचंदपुर और वहां से महाराजगंज के लिए रवाना होंगे। महाराजगंज से फिर हैदरगढ़ होते हुए वह पूर्वांचल एक्सप्रेस का रास्ता पकड़ लेंगे। फिर वो अयोध्या जाएंगे।

### कानपुर से लखनऊ जाने वालों का ये होगा रूट

इसके अलावा, जो भारी वाहन कानपुर से लखनऊ जा रहे हैं, उनका दूसरा रूट चार्ट है। वो पहले कानपुर से फतेहपुर आएंगे। फतेहपुर से गेगासो से फिर वह लालगंज आएंगे। उसके बाद हैदरगढ़ से फिर वह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पड़कर अयोध्या जाएंगे।

# नशेबाज पिता-पुत्र ने बीडीसी को किया लहूलुहान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौंकी के अंतर्गत नईखेड़ा गांव में ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर शराब के नशे में धुत बाप-बेटे ने बीडीसी को बुरी तरह पीटा।

जानकारी के अनुसार बीडीसी सुरेंद्र पुत्र राजेंद्र ने कोतवाली गंगाघाट में लिखित शिकायती पत्र में यह हवाला दिया है कि देररात लगभग 10 बजे वह जब दुकान बंद करके अपने घर आया तो एक ई-रिक्शा चालक उसके दरवाजे से रिक्शा खड़ा कर रहा है तभी पीड़ित ने उसे रोका तो ई-रिक्शा चालक के रिश्तेदार निहाल अरमान जो कि शराब के नशे में थे तो उन्होंने पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जमकर पीटा। पीड़ित के चीखने-चिल्लाने पर घर के लोग बचाने दौड़े तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 750 किलोमीटर पैदल यात्रा तय कर अयोध्या पहुंचेंगे राम भक्त

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



राम मंदिर स्थापना को लेकर देश भर में उत्सव का माहौल है।आने वाली 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर के राम भक्तों में उत्साह दिखाई पड़ रहा है।हर कोई राम की भक्ति में लीन है।राम भक्तों में कुछ अलग करने का जुनून छाया हुआ है।

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर भक्तों में राम के प्रति आस्था एवं समर्पण का ऐसा जुनून छाया की सैकड़ो किलोमीटर की पदयात्रा तय कर अयोध्या धाम पहुंचने का लक्ष्य तय करने का साहस दिखाया।ऐसा ही कुछ राम के प्रति आस्था का नशा मध्य प्रदेश विदिशा जिले के कागपुर के रहने वाले कन्हैया जोशी,बलिराम केवट, शैलेंद्र केवट, स्वरूप केवट, विनोद केवट एवं अजय केवट पर छाया की इन राम भक्तों का 6 सदस्यों का जत्था बीती 21 दिसंबर को पैदल ही अयोध्या के लिए निकल पड़ा। 22 जनवरी के पहले अयोध्या पहुंचने के लक्ष्य को लेकर निकले राम भक्तों को 750 किलोमीटर का सफर तय करना है।

राम भक्त कन्हैया जोशी ने बताया कि 21 दिसंबर को वह अपने साथियों के साथ गृह जनपद विदिशा मध्य प्रदेश से पैदल चलकर टीकमगढ़, सागर, ललितपुर, छतरपुर, महोबा फतेहपुर, रायबरेली से सुल्तानपुर आदि जनपदों से होकर अयोध्या प्रभु श्री राम के दर्शन करने जा रहे हैं।

राम भक्तों ने बताया कि जगह-जगह राम सेवकों द्वारा उनका स्वागत खाने-पीने एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई। रायबरेली जनपद में राम जी महाराज एवं मुन्ना त्रिवेदी के द्वारा मध्य प्रदेश से पैदल चलकर आए राम भक्तों का स्वागत किया गया।

# फुटपाथ पर लावारिश हालत में बिलखती मिली दुधमुंही

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



दही थाना अंतर्गत लखनऊ बाईपास तिराहे के फुटपाथ पर लगातार रो रही दुधमुंही ने लोगों का ध्यान खींचा। उसे लावारिश हालत में पड़ा देख सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बच्ची को उठाया और उसे दूध पिलाया। बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है। उसे किसी ने जानबूझ कर छोड़ा या गलती से छूट गई। इन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

दही थाना क्षेत्र के आवास विकास लखनऊ बाईपास तिराहे पर लावारिश हालत में फुटपाथ पर पड़ी छह माह की बच्ची को रोता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसओ अनुराग सिंह पहुंचे और बच्ची की मां व परिजनों की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। उन्होंने महिला सिपाही को बुलवाया और रो रही बच्ची को दूध पिलाया।

एसओ ने बताया कि बच्ची के परिजनों की तलाश की जा रही है। फ्लिहाल बच्ची बाल कल्याण समिति को सौंप दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बच्ची को कोई जानबूझकर छोड़ गया है या गलती से यहां छूट गई है।

बच्ची के परिजनों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की जा रही है। लावरिश हालत में बच्ची को बिलखता देख लोग भावुक हो गए। लोग उसे इस हालत में छोड़ने वाले परिजनों को कोसते नजर आए।

### सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि शपथ कर्ता के पासपोर्ट में मो. राजू पुत्र हुसैन बख्श निवासी कनौली मेजरगंज थाना भदोखर जिला रायबरेली है जबकि वास्तविक व वर्तमान में शपथ कर्ता का नाम मो. शरीफ पुत्र हुसैन बख्श निवासी उपरोक्त है। और इसी नाम से जाना व पहचान जाए।

शपथी
नान बाबू

## गारंटी बनाम गारंटी

हिमाचल में गारंटियों के चक्रव्यूह में जनता हो न हो, विपक्ष ने गारंटी बनाम गारंटी का मुद्दा बनाकर सुक्खू सरकार के लिए आगामी लोकसभा चुनाव का पैमाना बता दिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पुन: मोदी की गारंटी की विश्वसनीयता को सौ फीसदी मानदंड पर खरा साबित करने की कोशिश की है। यकीनन जनता की टोकरी में सियासी भीख के भी नखरे परवान हैं, वो मांगती है सुबह से शाम मुफ्त की रेवड़ी अलग-अलग जुबान। वैसे कांग्रेस के लिए यह परीक्षा राजस्थान में दर्द दे गई और ओपीएस पर खर्चा करके भी पार्टी मतदाता का एहसान प्राप्त नहीं कर रही है। हिमाचल में भी कमोबेश हर सरकार ने जरूरत से ज्यादा 'एहसान की राजनीति' को तरजीह देते खुद को असमर्थता की कचहरी बना डाला है। इसी कचहरी ने न तो किसी सरकार के मिशन रिपीट या रिवाज बदलने दिया या हर बार लाचारी में सरकारें अपने-अपने दौर के पांच साल ही नहीं, बजट भी गंवाती रहीं। मेहरबानियों में किसका सजदा करूं, यहां तो सभी कर्जदार हैं। सवाल हर चुनाव में वही रहते, मगर जुबान पर अलग-अलग पार्टियां चढ़ जाती हैं। जहां आज कांग्रेस है, वहां कल भाजपा भी डोरे डाल रही थी। हम लगातार सरकारों को कर्मचारियों की शरण में देखते रहे हैं, लेकिन सियासत की इस बोली में प्रदेश के संसाधन रोते हैं। सरकारों का आना और सरकारों का जाना अब राज्य के लिए आर्थिक नुकसान का बहाना हो गया है। भाजपा को लगता होगा कि उसकी सत्ता को कांग्रेस की गारंटियां छीन ले गईं और इधर कांग्रेस को यह भरोसा है कि ये गारंटियां जादुई असर रखती हैं, लेकिन सच दोनों विचारों को निकम्मा घोषित करता है। यह हिमाचली जनता की लोकतांत्रिक परख है जो कभी रूठती है, तो कभी ऐंठती है, लेकिन सुशासन और सरकारों के सियासी समीकरण को हमेशा परखती है। विधानसभा चुनाव में मंडी पर भाजपा का एकाधिकार साबित करता है कि यह जीत पार्टी के बजाय एक मुख्यमंत्री की थी और यहीं विश्लेषण कांगड़ा में कांग्रेस का साथ देकर बता गया कि कहीं पक्षपात हुआ है। ऐसे में जितनी कशमकश गारंटियों पर हो रही है या कांग्रेस सरकार गारंटियों की जी-हुजूरी कर रही है, उससे हटकर सुशासन और सियासी संतुलन पर गौर करना होगा। स्पष्ट रूप से देखें तो मंत्रिमंडल के गठन और सरकार के प्रवचन में कांगड़ा का राजनीतिक इतिहास और नेताओं का निजी विकास कहीं असंतुलित है। सरकारी उपक्रमों की गाडियां घाटे के दलदल में धंसी हुई हैं। पुराने मसलों का पहाड़, नई घोषणाओं की दहाड़ से लड़ रहा है। अनावश्यक कार्यालयों की भरमार, सरकारी दफ्तरों की रिक्तियों से परेशान है। छोटे से प्रदेश में विधानसभा क्षेत्रों को चमकाने के चक्कर में जरूरत से कहीं अधिक स्कूल-कालेज और मेडिकल कालेज खुल गए, लेकिन न अच्छी शिक्षा और न ही अच्छी चिकित्सा का प्रबंध हो पाया। सरकारी बसें खटारा, रूट आवारा, फिर भी नए बस डिपो के घाटे का नजारा बढ़ाने के लिए राजनीतिक महत्वाकांक्षा डराती है। सियासत ने ऐसी मनहूस परिस्थितियां पैदा कर दी हैं कि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय की मिट्टी पलीद करने के लिए जदरांगल को एक अखाड़े के रूप में तहस-नहस किया जा रहा है। एक ओर भाजपा ने जिस विश्वविद्यालय को भगवा चरित्र में रंगने तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर के अंगने का प्रश्न बना दिया, वहां कांग्रेस सरकार पूर्व सरकार के घुटनों पर चलती हुई जदरांगल परिसर के ढाई सौ करोड़ को बेवजह बर्बाद कर रही है।

**प्रधानमंत्री के खिलाफ मालदीव के तीन मंत्रियों की टिप्पणियों से गुस्साये भारतीयों ने मालीदव की यात्रा रद्द करनी शुरू कर दी। होटलों और हवाई टिकटों की बुकिंग रद्द होने लगी और सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालीदव ट्रेंड होने लगा तो माले सरकार घबरा गयी और आनन-फानन में उन तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया जिन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था। मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर यह भी कहा कि मंत्रियों के बयान मालदीव की नीति के अनुरूप नहीं हैं। यही नहीं, मालदीव की पूर्व सरकार के मंत्रियों और पूर्व राष्ट्रपतियों ने भी अपने ही देश की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और भरोसेमंद पड़ोसी भारत के खिलाफ की गयी टिप्पणियों को अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के समान बताया।**

# पड़ोस प्रथम की नीति पर चलने वाले भारत को छेड़ा तो खैर नहीं



**जहां तक मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणियों पर भारत के आधिकारिक रुख की बात है तो भारतीय उच्चायोग के स्तर पर तत्काल ही आपत्ति जता दी गयी थी लेकिन अब भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर भी अच्छी तरह से सुना दिया गया है और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। हालांकि मालदीव सरकार अपने बचाव में तर्क दे रही है कि मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर रविवार को ही तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है। हम आपको बता दें कि तीनों उप मंत्रियों ने लक्षद्वीप की यात्रा के बाद 'एक्स' पर प्रधानमंत्री की ओर से की गयी पोस्ट के लिए उनकी आलोचना की थी और कहा था कि यह केंद्र शासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का एक प्रयास है।**

**नीरज कुमार दुबे**

भारत हमेशा 'पड़ोस प्रथम नीति' को आगे रखकर चलता है लेकिन यदि पड़ोसी ही आंख दिखाने लगे तो उसे लगे हाथ तगड़ा जवाब भी दे दिया जाता है। कर्ज में डूब चुके मालदीव को भारत ने लगातार आर्थिक मदद देकर उबारा, वहां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपना पैसा लगाया, भुखमरी और महामारी के समय वहां भोजन और वैक्सीन पहुँचाई। वहां के पर्यटन क्षेत्र को खड़ा करने के लिए भारतीयों ने ऐसा योगदान दिया कि माले के सरकारी खजाने में डॉलरों का ढेर लग गया। लेकिन अब वहां जो चीन समर्थक नई सरकार आई है वह लगातार भारत को अपमानित करने का काम कर रही है। भारत ने पहले तो बेहद संयमित रुख अपनाया लेकिन जब मालदीव के तीन मंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां कर दीं और भारतीय पर्यटन क्षेत्र का मजाक उड़ाया तो पूरे देश ने एक साथ खड़े होकर मालदीव को ऐसा सबक सिखाया कि वह नजीर बन गया।

प्रधानमंत्री के खिलाफ मालदीव के तीन मंत्रियों की टिप्पणियों से गुस्साये भारतीयों ने मालीदव की यात्रा रद्द करनी शुरू कर दी। होटलों और हवाई टिकटों की बुकिंग रद्द होने लगी और सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालीदव ट्रेंड होने लगा तो माले सरकार घबरा गयी और आनन-फानन में उन तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया जिन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था। साथ ही मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर यह भी कहा कि मंत्रियों के बयान मालदीव की नीति के अनुरूप नहीं हैं। यही नहीं, मालदीव की पूर्व सरकार के मंत्रियों और पूर्व राष्ट्रपतियों ने भी अपने ही देश की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और भरोसेमंद पड़ोसी भारत के खिलाफ की गयी टिप्पणियों को अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारनेके समान बताया।

जो लोग नया भारत क्या है, यह बात आज तक नहीं समझे हैं उन्हें जरा उन टिप्पणियों पर गौर फरमा लेना चाहिए जो बॉयकॉट मालीदव या पहले भारत के द्वीपों की सैर करो जैसे हैशटैग के साथ लिखी गयी हैं। जिस तरह फिल्म उद्योग, खेल जगत और अन्य क्षेत्रों की हस्तियों ने प्रधानमंत्री के समर्थन में टिप्पणियां करते हुए मालदीव को खरी खरी सुनाई है उससे माले के पूरे पर्यटन उद्योग को दिन में तारे दिख गये हैं। भारतीयों के रुख को देखते हुए अन्य देशों ने भी बड़ी प्रेरणा ली होगी क्योंकि आज के समय में भारतीय नागरिक ही कई देशों की पर्यटन अर्थव्यवस्था में जान फूंक रहे हैं। इसके अलावा इस पूरे प्रकरण से लक्षद्वीप के पर्यटन को भी नये पंख लगना तय हो गया है क्योंकि अधिकतर लोगों ने वहां की यात्रा की इच्छा जताई है। आने वाले दिनों में संभव है कि वहां के लिए अधिक से अधिक फ्लाइटें शुरू हो जाएं ताकि लोग आसानी से वहां पहुँच सकें।

जहां तक मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणियों पर भारत के आधिकारिक रुख की बात है तो भारतीय उच्चायोग के स्तर पर तत्काल ही आपत्ति जता दी गयी थी लेकिन अब भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर भी अच्छी तरह से सुना दिया गया है और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। हालांकि मालदीव सरकार अपने बचाव में तर्क दे रही है कि मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर रविवार को ही तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है। हम आपको बता दें कि तीनों उप मंत्रियों ने लक्षद्वीप की यात्रा के बाद 'एक्स' पर प्रधानमंत्री की ओर से की गयी पोस्ट के लिए उनकी आलोचना की थी और कहा था कि यह केंद्र शासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का एक प्रयास है।

मालदीव की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, युवा मंत्रालय में उप मंत्रियों- मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम माजिद को उनके पदों से निलंबित कर दिया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह विवाद ऐसे दिन शुरू हुआ, जब मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू एक सप्ताह की चीन यात्रा पर रवाना हुए। देखा जाये तो मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और माले की पिछली सरकार में दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति देखी गई थी। नये राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का करीबी माना जाता है। पदभार संभालने के तुरंत बाद मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी का आह्वान किया था। माना जा रहा है कि चीन समर्थक और मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी सहयोगी माने जाने वाले मुइज्जू ने चीन की उम्मीदें बढ़ा दी हैं कि भारत के दक्षिणी तट के करीब हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपीय देश उसके समर्थन में अब नीतियों को आगे बढ़ाएगा।

बहरहाल, जहां तक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन यात्रा की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि इस दौरान शी जिनपिंग तथा मुइज्जू दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने पिछले सप्ताह कहा था कि राष्ट्रपति शी आठ से बारह जनवरी तक राजकीय यात्रा पर आ रहे मुइज्जू के स्वागत में भोज देंगे। दोनों राष्ट्राध्यक्ष बातचीत करेंगे और 'सहयोग दस्तावेजों के हस्ताक्षर समारोह' में भाग लेंगे।

## विचार

# लोकसभा चुनाव से पहले राहुल की न्याय यात्रा की धूम

**क्या राहुल की पहली यात्रा के बाद जिस तरह सब विपक्षी दल गठबंधन के लिए मान गए। वैसे क्या वे अपने राज्य में प्रभाव पैदा कर सकते हैं? इसका जवाब है कि नहीं! इसीलिए राहुल को दूसरी यात्रा शुरू करना पड़ी। समय कम था। लोकसभा चुनाव सिर पर खड़े हैं। और सबसे बड़ी बात राहुल के घुटने की चोट। पहली यात्रा के समय भी वह पुरानी चोट उभर आई थी। खिलाड़ियों के साथ यह समस्या होती है। खासतौर पर फुटबाल खेलने वालों के। राहुल की प्रारम्भिक शिक्षा सेंट कोलम्बस में हुई। वहां वे फुटबाल ही खेलते थे। जब 1984 में इन्दिरा गांधी की हत्या हुई तो उस राहुल सेंट कोलम्बस में ही थे। वहीं से उन्हें कड़ी सुरक्षा में ले जाया गया था। सुरक्षा की शुरूआत वहीं से हुई। उससे पहले राहुल सामान्य छात्र की तरह खेलते पढ़ते थे।**

राहुल की पहली यात्रा एक साहसिक पहल थी और यह दूसरी उसकी निर्णायक परिणीति! जो माहौल पिछले साल राहुल की भारत जोड़ो यात्रा ने बनाया था जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस ने दक्खन फतह की। दो दक्षिणी राज्यों में चुनाव हुए दोनों जगह पहले कर्नाटक और फिर तेलंगाना में कांग्रेस जीती और सबसे बड़ी बात कि जिस विपक्षी एकता से सत्ता पक्ष घबराया हुआ था वह हुई। इंडिया गठबंधन बना। और एक सीट पर एक लड़ने की सहमति हुई। हालांकि हिन्दी प्रदेश के तीन राज्यों में कांग्रेस बीजेपी से सीधे मुकाबले में हारी। मगर यह बीजेपी की जीत कम और कांग्रेस की हार ज्यादा थी। और कांग्रेस की हार अपने राज्य के नेताओं पर सब कुछ छोड़ देने के कारण थी।

कांग्रेस के राज्यों के नेता थोड़ी सी ताकत पाते ही खुद को सर्वेसर्वा समझने लगते हैं। वे समझते हैं कि वोट उनके नाम से मिलते हैं। जबकि वोट कांग्रेस की प्रगतिशील नीतियों उसके जनसमर्थक रवैये एवं नेहरू गांधी परिवार के नाम से मिलते हैं। क्या कांग्रेस के क्षत्रप कभी यह सोचते हैं कि पहली यात्रा भी राहुल की दूसरी भी उनकी! क्यों? क्या क्षत्रप जो विधानसभा हारने से पहले राहुल का विकल्प बनने की सोच रहे थे एक यात्रा भी अपने राज्य के अलावा पड़ोसी राज्य में भी निकाल सकते हैं? अपने राज्य में भी निकालने को निकाल लें। मगर लोग कितने आएंगे? प्रभाव कितना पड़ेगा?

क्या राहुल की पहली यात्रा के बाद जिस तरह सब विपक्षी दल गठबंधन के लिए मान गए। वैसे क्या वे अपने राज्य में प्रभाव पैदा कर सकते हैं? इसका जवाब है कि नहीं! इसीलिए राहुल को दूसरी यात्रा शुरू करना पड़ी। समय कम था। लोकसभा चुनाव सिर पर खड़े हैं। और सबसे बड़ी बात राहुल के घुटने की चोट। पहली यात्रा के समय भी वह पुरानी चोट उभर आई थी। खिलाड़ियों के साथ यह समस्या होती है। खासतौर पर फुटबाल खेलने वालों के। राहुल की प्रारम्भिक शिक्षा सेंट कोलम्बस में हुई। वहां वे फुटबाल ही खेलते थे। जब 1984 में इन्दिरा गांधी की हत्या हुई तो उस राहुल सेंट कोलम्बस में ही थे। वहीं से उन्हें कड़ी सुरक्षा में ले जाया गया था। सुरक्षा की शुरूआत वहीं से हुई। उससे पहले राहुल सामान्य छात्र की तरह खेलते पढ़ते थे। खैर तो यह बीड़ा फिर राहुल को उठाना पड़ा। अगर कांग्रेस के क्षत्रप कमलनाथ मध्य प्रदेश में अहंकार, राजस्थान में गहलोत और पायलट आपसी झगड़े और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल मीडिया पर अति निर्भरता और उसके कारण उपजी आत्ममुग्धता छोड़ देते तो राहुल को इस दूसरी यात्रा पर नहीं निकलना पड़ता।

तीनों राज्य कांग्रेस जीत जाती। और उससे बने माहौल के जरिए कांग्रेस और इन्डिया गठबंधन जीत के आत्मविश्वास के साथ लोकसभा चुनाव में जाते। मगर कांग्रेस विधानसभा हारी और एक बार फिर बोझ राहुल के सिर आ गया। कांग्रेसी यह कभी नहीं समझते कि अपने नेता को कितना दौड़ाना चाहिए। जैसे रेस के घोड़े पर दांव लगा होता तो उसकी चिन्ता नहीं की जाती सिर्फजीत के नोट ही नोट दिखाई देते हैं। वैसे ही कांग्रेसियों को राहुल में अपने हित दिखाई देते हैं। राहुल की सफलता का मतलब उन्हें सत्ता मिलना है। उनके धंधे पानी चलना है। उन्हें न कांग्रेस से मतलब ने नेहरू गांधी परिवार से। हमने कांग्रेस के करीब एक दर्जन बड़े नेताओं से बात की होगी जो 2012 से 2014 तक सरकार में और पार्टी में टाप हैसियत में थे कि अन्ना हजारे जैसे नकली आंदोलन को वे क्यों नहीं समझ पाए और उससे क्यों नहीं निपट पाए?

दूसरे सारे मुद्दों पर ज्ञान प्रदर्शन करने वाले इन नेताओं में से किसी के पास कोई जवाब नहीं था। केवल वे अन्ना जी, हजारे जी ही कहते रह गए। मतलब ये सारे नेता अनुकूल परिस्थितियों के हैं। प्रतिकूल परिस्थितियां में यह हाथ पांव डाल देते हैं। याद कीजिये 1977 से 1980। अगर इन्दिरा गांधी और संजय गांधी हिम्मत नहीं करते तो क्या कांग्रेस वापस आ सकती थी? 1991 में कांग्रेस सरकार क्या हत्या से पहले राजीव गांधी की मेहनत के बिना आ सकती थी? 2004 में सोनिया गांधी कमर कस के नहीं निकलतीं तो क्या इन कांग्रेसियों को दस साल सत्ता सुख मिल सकता था? और इसीलिए अब राहुल को दूसरी बार भारत यात्रा पर निकलना पड़ रहा है। भारत के इतिहास में यह पहला मौका है जब कोई दूसरी बार इतनी बड़ी यात्रा कर रहा हो। पहली यात्रा साढ़े चार महीने की थी। दूसरी चूंकि लोकसभा चुनाव बिल्कुल सिर पर आ गए इसलिए कम समय करीब सवा दो महीने की है। मगर दूरी पहली यात्रा से लगभग दो गुने के करीब कवर करेगी। पहली यात्रा जो सितम्बर 2022 में कन्याकुमारी से शुरू हुई थी वह श्रीनगर, कश्मीर तक 30 जनवरी 2023 तक चार हजार किलोमीटर मीटर पैदल चलकर राहुल ने पूरी की थी। साथ में सौ से ऊपर भारत यात्री थे जो पूरी यात्रा उनके साथ पैदल चले थे। इस बार पूर्व से पश्चिम की यात्रा 6700 किलोमीटर से ज्यादा चलने वाली है। मगर समय कम होने के कारण यह यात्रा पूरी पैदल नहीं होगी। प्रतिदिन कुछ किलोमीटर पैदल लोगों के दुरूख दर्द सुनते हुए उन्हें हिम्मत बंधाते हुए राहुल चलेंगे। और कुछ समय बस में। यहां भी लोग उनके साथ बैठेंगे, बात करेंगे और फिर कहीं राहुल उतर कर पैदल चलने लगेंगे। मीडिया को फिर एक काम मिल गया है।

## क्यों जरूरी है बांग्लादेश में हसीना की फिर ताजपोशी?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियों के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढ़ाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाए। मगर जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। हसीना फिर सरकार बनाएंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि बांग्लादेश चुनाव आयोग की उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ है। वोटिंग प्रतिशत तकरीबन चालीस फीसदी रहा। कई संसदीय क्षेत्र में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि? अब यह साफ है कि शेख हसीना पार्टी अवामी लीग ही सत्ता में वापसी करेगी। हसीना के अलावा भारत भी यही चाहता है, क्योंकि दोनों देशों के प्रमुखों की कूटनीति और सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हित में हैं।

बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुल 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था। उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी 'बीएनपी' ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाए। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनाव में हो? जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गए थे।

दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती है। इस चुनाव में शेख हसीना ने मतदाताओं से चुनाव कैंपेन के दौरान कई मर्तबा अपने पुराने जख्मों को कुरेदा भी। उन्होंने 1975 का ज़िक्र किया। बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान के अलावा मां और तीन भाइयों की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस वक्त शेख हसीना अपनी छोटी बहन रिहाना के साथ विदेश में पढ़ाई कर रही थीं। घर पर होतीं तो उनके साथ भी हादसा हो सकता था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता को बताया कि उस मुसीबत की घड़ी में उन्हें भारत ने ही शरण दी थी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। दरअसल, भड़काने का ये काम उन्होंने खुद से नहीं किया, बल्कि उन्हें पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया। भारत के सहयोग से इस वक्त बांग्लादेश विकास की नई ऊचाइयां छू रहा है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हे भारत अपने प्रयास से करवा रहा है।

चुनाव कैसे करवाने हैं इसको लेकर भी उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग से रायशुमारी की। तभी भारत के एक चुनाव दल ने वहां पहुंचकर अच्छे से चुनाव संपन्न करवाया। बांग्लादेश और भारत की सीमाएं आपस में साझा होती हैं, कमोबेश दोनों मुल्कों की संस्कृति भी आपस में मेल खाती है। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के रीति-रिवाज एक जैसे ही हैं। भारत की हुकूमत इस पड़ोसी मुल्क की तरक्की में सहयोग करने से कभी पीछे नहीं हटती। हालांकि, खुराफाती चीन और पाकिस्तान इस बार नहीं चाहते हैं कि शेख हसीना की वापसी हो। दोनों चाहते हैं कि उनकी मनमाफिक 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' देश में हुकूमत करे, जिसके जरिए वह भारत को परेशान करे। लेकिन शायद उनकी नापाक कोशिशों पर इस बार भी शेख हसीना पानी फेरेंगी। शेख हसीना सन-2009 से सत्ता पर काबिज हैं।



## राशिफल

**मेष :** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**वृषभ :** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन :** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क :** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंह :** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्या :** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला :** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक :** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**धनु :** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर :** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ :** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन :** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

# लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसना शर्मनाक

**कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिक मिजाज गीतकारों से देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है। आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गई है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आए हैं। वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है।**

**प्रियंका सौरभ**

वर्तमान परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि विदेशी/वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यू-ट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यू-ट्यूब और सोशल मीडिया पर रील्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है।

अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर हैं। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरी होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीन का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता



को दिखाने की होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा।

अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरुआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मर्यादा सब छिन्न-भिन्न होती जा रही है। यदि आज भी हम नहीं सचेत हुए तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार के नृत्य व गाने प्रस्तुत किए गए हैं, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत कर देते हैं। बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोसी जा रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएं पहुंचाई हैं लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मर्यादा को खंडित कर दिया। इन्टरनेट ने हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी।

कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिक मिजाज गीतकारों से देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है। आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गई है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आए हैं। वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है।

इन अल्फाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज 'जिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटने' जैसा है। यही अंदाज संस्कृति पर गहरी चोट कर रहा है। लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतों का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेश का पैगाम देता है।

आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, जीप-कार और बसों में जो गीत बजते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज साफ झलकता है। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी-ब्याह आदि उत्सवों में कुछ बुजुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएं, नायक-नायिकायें धीरे-धीरे सांस्कृतिक पहरुओं की नजर का कांटा बनते जा रहे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# मौसम साफ होते ही ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**




सोमवार को मौसम साफ होते ही नवीन प्राथमिक केंद्र की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर एक बजे तक ओपीडी में डेढ़ सौ से अधिक मरीजों का उपचार हो चुका था। अपरान्ह 3 बजे तक संख्या 180 पहुंच गई थी।

मौसम साफ होते ही सोमवार को ओपीडी खुलते ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डा.शशांक ने बताया कि ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम व बुखार से ग्रसित आ रहे हैं।

दोपहर एक बजे तक डेढ़ सौ से ज्यादा मरीजों का उपचार ओपीडी में हो चुका था। अपरान्ह 3 बजे तक संख्या 180 हो चुकी थी। शाम 4 बजे तक संख्या 200 के करीब पहुंचने की संभावना थी। कस्बे के निवासी गजेंद्र गुप्ता, महेश कुमार, रामू, राजेश कुमार, अभय सिंह, नरेंद्र कुमार, रामवती, प्रेमा, गिरजा आदि ने बताया कि वह खांसी जुकाम बुखार से ग्रसित होकर उपचार कराने आए हैं। चिकित्सकों ने बताया कि मौसम के बदलाव का असर बच्चों बूढ़ों युवाओं महिलाओं सभी पर पड़ा है। उपचार के साथ मरीजों को सर्दी से बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं, ताकि लोग ठंड से अपना बचाव सही तरीके से करते रहें।

# नगर पंचायत की नाक के नीचे हो रहा अवैध निर्माण

- सभासद की शिकायत के बाद नहीं हुई कार्रवाई
- नगर पंचायत अध्यक्ष बोले जारी करेंगे नोटिस

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत कार्यालय के ठीक बगल में एक दबंग सार्वजनिक नाली को कवर करके मकान का निर्माण कर रहा है। नगर पंचायत इस प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नोटिस थमाने की बात कही है।

नगर पंचायत कार्यालय के दूसरे गेट के बगल में कस्बे के राकेश ओमर ने एक पुराना रिहायशी मकान खरीदा था। इस पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बनाया जा रहा है। पूर्व में मकान सार्वजनिक नाली के अंदर बना हुआ था। अब राकेश ओमर सार्वजनिक नाली को कवर करते हुए मकान का निर्माण करा रहे हैं। इससे आम रास्ता सकरा हो रहा है। वार्ड की सभासद संगम सोनी ने इसकी शिकायत नगर पंचायत कार्यालय में की थी। लेकिन शिकायत के बाद इस दबंग पर कार्यवाही नहीं हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं था। वह मंगलवार को मौके पर जाकर कब्जा करने वाले के खिलाफ नोटिस जारी करेंगे।

# पूरे देश में बुंदेलखंड के सफेदा ज्वार की मांग

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड के कोने-कोने में पैदा होने वाली सफेदा ज्वार की डिमांड पूरे देश में हो रही है। पशुओं के चारे के साथ इसका उपयोग सूती कपड़ा बनाने में होता है। इसके अलावा इसके तमाम खाद्य पदार्थ भी बनाए जाते हैं। इस समय कस्बे के गल्ला मंडी में इसकी आवक पूरे बुंदेलखंड से हो रही है।

यूपी एवं एमपी के 16 जनपद में फैले बुंदेलखंड क्षेत्र के कोने-कोने में किसान सफेदा ज्वार का उत्पादन करता है। दिसंबर माह से यह बाजार में आने लगती है। कस्बे की गल्ला मंडी ज्वार खरीद का हब है। यूपी, एमपी के सभी जनपदों से ज्वार यहां लाकर बेची जाती है। यह कारोबार फरवरी माह तक निरंतर चलता है मौजूदा समय में मंडी में ज्वार की भारी आवक है तकरीबन 15 से 20 ट्रक ज्वार प्रतिदिन बिक्री के लिए यहां आ रहा है। सोमवार को यह रुपये 2000 से 5600 रुपए कुंटल तक बिक रही थी। स्थानीय व्यापारी कुंज बिहारी, श्याम बिहारी, श्याम बाबू पांडे, उदित नारायण तिवारी, रामविलास गुप्ता, बाबू गुप्ता, राजू गुप्ता आदि ने बताया कि ज्वार के लिए कस्बे की मंडी सदियों से पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां से ज्वार देश के अलावा विदेशों तक जाती है मौजूदा समय में ज्वार दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में जा रही है। फरवरी के बाद इसकी मांग बाहर कमजोर हो जाती है। इसके बाद जून माह में फिर इसकी डिमांड बढ़ती है। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि दिसंबर माह में ज्वार से 14 लाख 62 हजार से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### प्रतिभागियों को मिला मेडल खिले चेहरे



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के अंतर्गत द योगा हाइव हीलिंग फाउंडेशन व जायन्ट्स ग्रुप ऑफ़ राइजिंग स्टार द्वारा पंचम जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रदर्शनी पंडाल में किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने योगासन खेल की चार अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। सूर्य नमस्कार में 15 प्रतिभागियों ने मेडल प्राप्त किये। योगासन खेल में 20 प्रतिभागियों ने चकरासन होल्डिंग प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने मेडल प्राप्त किये। फ्री फ्लो योगा डांस में सुदिति ग्लोबल की टीम प्रथम स्थान पर, केंद्रीय विद्यालय द्वितीय स्थान पर, पुलिस मॉर्डन तृतीय स्थान पर एवं सात्वना पुरुस्कार के अंतर्गत नगला गौर की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता का स्वागत अभिनन्दन प्रीति गुप्ता, नीतू पुरवार, सोनिया गुप्ता एवं शिल्पी गुप्ता द्वारा पटका व स्मृति चिन्ह से किया गया। कार्यक्रम में आये विशिष्ट अतिथिगण आयुष विभाग से डॉ.लोकेश कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग से अवनीश दुबे, डॉ. आर.के. अग्रवाल, डॉ.शिवराज सिंह यादव व डॉ.आशीष त्रिपाठी द्वारा विजयी प्रतिभगियों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान किये गए।

### कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र में 8 हजार कंबलों का होना है वितरण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शासन की मंशानुसार राजस्व विभाग द्वारा गरीबों व असहाय लोगों को कंबल वितरण अभियान चलाकर गलन भरी सर्दी से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लेखपालों द्वारा अलाव की भी व्यवस्था की जा रही है। जिससे लोगों को राहत मिल सके। कुलपहाड़ के तहसीलदार दिवाकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील क्षेत्र में 8 हजार कंबल वितरण किए जाने हैं, जिसमें अभी तक 4 हजार कंबल वितरण किए जा चुके हैं। शेष जगहों पर सूची तैयार कर कानूनगो, लेखपाल व प्रधानों के द्वारा कंबल वितरण के लिए लगाया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब व निराश्रितों को चिन्हित कर कंबल वितरण के आदेश दिए गए हैं। कहा कि किसी भी व्यक्ति की सर्दी से मौत नहीं होना चाहिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित जगहों पर अलाव की भी व्यवस्था की जा रही है।इसके साथ ही अन्य जगहों पर भी कंबलों का वितरण किया जा रहा है।जिससे लोगों को सर्दी से राहत पहुंचाई जा सके।

### कम्बल पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।** एबीवीपी ने विवेकानन्द नन्द जी के जन्मदिवस पर मनाये जा रहे विवेकोत्सव पर कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया, विधार्थी परिषद के सेवार्थ विधार्थी आयाम जो मानव कल्याण के साथ-साथ सेवा परमो धर्मः का संदेश देता है विवेकोत्सव पर साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें आज प्रथम दिन यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मां चंद्रिका महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ ज्योति सिंह शामिल रही वही परिषद् की तरफ से कार्यक्रम संयोजक आदर्श चक्रवर्ती सह संयोजक शिवम विश्वकर्मा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पवन कुशवाहा, तपस्या, कृष्ण पाल, तुषार आदि कार्यकर्ता रहे।

### दबंगों का फायरिंग करते वीडियो वायरल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** असलहों से लैस बेखौफ दबंगों की ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में हड़कंप मच गया। फायरिंग का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जो अब जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने जांच करने की बात कही है। शहर के सिंह भवानी वार्ड में रात्रि को चार दबंग असलहों से लैस होकर फायरिंग की, पूरी वारदात कैमरे में कैद हुई जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। फायरिंग कर रहे दबंग सीने में गोली मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर रहे हैं।



फायरिंग के बाद वार्ड में हड़कंप मच गया, लोग डर के कारण घरों में दुबक गए। भटीपुरा चौकी प्रभारी सतवेन्द्र सिंह का कहना है कि दो दिन पहले दो पक्षों का विवाद हुआ था, इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फायरिंग करने वाले लोगों की तलाश की जा रही है।

### विद्याभारती व संघ ने घर-घर वितरित किए अक्षत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के वार्ड 17 में सोमवार को विद्या भारती,संघ एवं एकल विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राम मंदिर अयोध्या के अक्षत और चित्र वितरित करके 22 जनवरी को घर घर दीप जलाने की अपील की। कस्बे के ठडेश्वरी सरस्वती विद्या मन्दिर से शुरु हुआ यह कार्यक्रम पीडब्लूडी स्टोर के समीप हरिओम गुप्ता के यहां सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के नगर प्रचारक भोला, सभासद दीपक शर्मा, सभासद राजू गुप्ता, सभासद राधे शुक्ला, कल्याण सिंह, पवन शुक्ला, प्रिंसिपल अनामिका गुप्ता, एकल विद्यालय की खण्ड प्रमुख कंचनलता, अमन धुरिया, शिवम अग्रवाल, अनुज गुप्ता सहित नगर की महिलाएं और एकल विद्यालयों की शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# आगरा ने जीता अंतरराज्जीय टूनामेंट का फाइनल मैच

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**




स्थानीय स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय क्रीड़ा स्थल पर चल रहे स्वामी ब्रम्हानंद अंतरराजजीय टूनामेंट का फाइनल मैच आज राठ और आगरा की टीम के बीच खेला गया। इस मैच में आगरा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया।

बैटिंग करने उतरी राठ की टीम ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में 9 विकेट पर 92 रन ही बना सकी। जिसमें बल्लेबाज जावेद ने 18 रन बनाए और प्रशांत ने 19 रनो का योगदान दिया इसके अलावा कोई भी खिलाड़ी दहाई का भी अंक नही छू सका। वही आगरा की ओर से गेंदबाजी में अंकुर चौधरी ने 4 विकेट और अक्षत ने 3 विकेट लिए। 92 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आगरा की टीम 16.3 ओवर में 93 रन बनाकर राठ को 4 विकेट से हराते हुए फाइनल जीत लिया। आगरा के बल्लेबाज अंकुर चौधरी ने 18 रन, और शार्दुल ठाकुर ने 26 रन बना कर अपनी टीम को जीत दिला दिलाई। वही राठ के गेंदबाजों की तरफ से तरुण राजपूत ने 2 विकेट और प्रशांत ने 3 विकेट अपने नाम किया। मैच का मेन ऑफ़ द मैच तथा मेन ऑफ द सीरीज आगरा टीम के खिलाड़ी अंकित चौधरी के नाम किया गया। अंकित ने 19 गेंद में 25 रन बनाये वही गेंदबाजी में 3 विकेट चटकाये। टूर्नामेंट के समापनकर्ता सुबोध राजपूत पूर्व प्रधान बंधोली जालौन द्वारा किया गया। सुबोध राजपूत ने विजेता टीम को एक लाख रुपए और बड़ी शील्ड और वही उपविजेता टीम को पचास हजार रुपए और छोटी शील्ड प्रदान की। आज स्वामी ब्रम्हानंद ग्राउंड में करीब पचास हजार दर्शको ने फाइनल मुकाबले का आनंद लिया। अंपायरिंग इमरान, और आसिम पाल ने की और कमेन्ट्री देवेंद्र राजपूत व शीतू सेंगर ने की वहीं मैच में स्कोरर की जिम्मेदारी दीपू ठाकुर ने सम्भाली।

# सपा अधिवक्ता सभा के जिला महासचिव बने रवि यादव

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव एवं जिलाध्यक्ष इदरीश खान के अनुमोदन पर दरियापुर निवासी रवि यादव एडवोकेट को सपा अधिवक्ता सभा का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। इनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा ब्रजेश कुमार प्रजापति, खलील अजमत एडवोकेट, शैलेंद्र सचान एडवोकेट, रामनारायण यादव एडवोकेट, कुशल द्विवेदी एडवोकेट, तुलसीदास प्रजापति एडवोकेट, राजेश श्रीवास एडवोकेट गुलाब यादव एडवोकेट, राकेश यादव एडवोकेट आदि अधिवक्ताओं ने हर्ष जताया है।

# खंभे के सपोर्ट वायर में उतरे करेंट की चपेट में आया युवक, मौत

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**



बिजली के खंभे में लगे सपोर्टिंग वायर की चपेट में आया युवक बुरी तरह से गंभीर हो गया। जिसे परिजन कस्बे के सरकारी अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिंवार थानाक्षेत्र के ग्राम सायर निवासी देवीदीन (20) दुर्गा प्रसाद गुप्ता सोमवार सुबह गांव में लगे बिजली के पोल के सपोर्टिंग वायर में उतरे करंट की चपेट में आ गया। जिसे गंभीर हालत परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रशासन की सूचना पर पहुंची बिंवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने परिवार में चार बहनों के बीच इकलौता भाई था। जबकि परिजनों के साथ मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता था। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि ड्यूटी में लगे डाक्टरों ने मृत घोषित किया है। अस्पताल आने से पहले युवक की मौत हो चुकी थी। जबकि थाना प्रभारी बिंवार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस को भेजा गया है। पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है।

# रामभक्तों ने घर-घर जाकर बांटे पत्रक व अक्षत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होना है और इसे लेकर रामभक्त घर-घर अक्षत और पत्रक पहुंचाने का काम कर रहे है। रामभजन के साथ घर-घर जाकर अक्षत बांट रहे है। इसे लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि यह अक्षत व पत्रक अयोध्या से आए हुए हैं, जो आपको अयोध्या मंदिर आने का आमंत्रण है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन हम सबको अपने घर के पास के प्रत्येक मंदिर को सजाना है और उसमें भजन कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, आरती आदि धार्मिक कार्यक्रम कर दीपोत्सव करना है। जिस प्रकार भगवान के वनवास से लौटने पर सजाया गया था। अपने अपने घरों में भगवा ध्वज लगाकर अपने नगर को भगवामय करें। अक्षत वितरण कार्यक्रम दौरान भाजपा नेता रेखा तिवारी, सभासद साधना गुप्ता, उमा गजया, साधना तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग के साथ रेप, केस दर्ज होने पर आरोपी ने खाया जहर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में एक नाबालिग दलित बालिका को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला समाने आया है. दबंग आरोपी बीच रास्ते से लकड़ी को उठाकर अपने घर ले गया और घिनौनी वारदात को अंजाम दे डाला। दुष्कर्म के मामले के चर्चा में आने पर आरोपी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे अचेत अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है। ये मामला जनपद के खरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है. बताया जा रहा है कि नाबालिग लड़की अपने चाचा के घर जा रही थी तभी युवक ने जबरन इसे पकड़कर अपनी हवस का शिकार बनाया. पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 16 वर्षीय पीड़िता अकेले अपने चाचा के घर जा रही थी. आरोप है कि तभी पड़ोस में ही रहने वाला युवक प्रदीप ने उसे पकड़ लिया और घसीटकर अपने घर ले गया. जहां उसने बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

### पीड़िता को जान से मारने की दी धमकी

आरोपी ने किसी को बताने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह पीड़िता जब घर पहुंची तो अपने दादा और बहन को आपबीती बताई। जिसे सुनकर सभी का होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि पीड़िता के माता पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं. परिवार के लोग पीड़िता को लेकर खरेला थाना पहुंचे जहां आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए खरेला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला के आरोपी प्रदीप के खिलाफ धारा 376, 342, पाक्सो सहित एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### आरोपी ने खाया जहरीला पदार्थ

वहीं दूसरी तरफ दुष्कर्म के मामले के चर्चा में आने कर मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे अचेत अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला का कहना है कि उक्त मामले में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कर उसके बयान दर्ज किए गए हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एसपी के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक ने स्वच्छता अभियान चला थाना प्रागंण का किया कायाकल्प

- गन्दगी से पटे पड़े प्रागंण को जेसीवी से करवाया साफ

**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**



एस पी अपर्णा गुप्ता के स्वच्छता अभियान के आदेश को अमल मे लाते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने युद्ध स्तर पर थाना प्रागंण मे क ई स्थानो पर गन्दगी एव कूडे के लगे ढेरो को जेसी वी से सम्पूर्ण ग्राउन्ड को साफ सुथरा वना नोनिहालो को खेलने के लिए स्थान भी वना दिया। युद्ध स्तर पर सफायी देख कस्वावासी ग्राउन्ड का कायाकल्प देख मुक्त कंठ से सरहना भी कर रहे है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने स्वच्छता अभियान के तहत ग्राउन्ड मे आडे तिरछे वाहनो को एक कतार मे खडा करवा एक वडे स्थान की सफायी करवा वच्चो को खेलने का मैदान मिल गया। मैदान के वाये साइड भी एक वडा भाग यूज लैस पडा था। यहाँ भी जेसी वी चलवा इसकी सफायी करवायी गयी ।इसी के साथ ग्राउन्ड मे लगे दर्जनो पेडो की साखो को कटवा उन्हे डिजाइन मे वदला गया इसी के साथ थाने के समीप रहने वाले रिहाशी मकानो के स्वामी एव व्यवसाइयो को हिदायत देकर ग्राउन्ड मे कूडा डालने को मना किया गया।प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने सवाँददाता से एक भेट वार्ता मे वताया कि उपरोक्त मैदान को सुज्जित ढंग से वनाया जा रहा है उन्होने कहा कि वाये साइड 60*60 का स्वीगं पूल वनाया जाये साथ ही मैदान मे जिम आदि यन्त्र वार्म अप होने के लिए लगवाये जायेगे। और सम्पूर्ण ग्राउन्ड का सुन्दरी करण कराया जा रहा है।

# छेड़छाड़ के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जिले के थाना कबरई पुलिस टीम ने की कार्रवाई**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई बीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिंह के द्वारा आरोपी उदयभान कुशवाहा निवासी ग्राम पहरा थाना कबरई को पकड़ा गया। उस पर धारा 354, 504, 452 व 8 पाक्सो एक्ट एससी/एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज था और न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश द्वारा निर्गत वारण्ट के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और बाद में उसे जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, कां नईम मोहम्मद, कां. अंकुश पाल आदि शामिल रहे। पुलिस के अभियान से अपराधियों में खासा

# सपा की जिला कमेटी घोषित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने जिला कार्य समिति समाजवादी पार्टी का विस्तार करते हुए 29 नामों की घोषणा की है साथ ही चार नगर अध्यक्ष और पांच ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी है। समाजवादी पार्टी ने जो लिस्ट जारी की है उसमें तीन उपाध्यक्ष एक मीडिया प्रभारी/ प्रवक्ता और 17 सचिव,8 सदस्यों को स्थान दिया गया है। उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, सिग्रेश यादव को बनाया गया। मीडिया प्रभारी प्रवक्ता विक्की गुप्ता बने हैं। सचिव मेवाराम पूर्व प्रधान, आशीष श्रीवास्तव, रोहित, राहुल गुप्ता, रमेश, अखिलेश यादव, राकेश यादव, महावीर सिंह यादव, महेश सिंह चौहान, ध्यान सिंह, राकेश यादव, रविंद्र सिंह गुर्जर, जनवेद सिंह सेंगर, रवींद्र सिंह, शिवकिशोर, राजवीर सिंह पूर्व प्रधान, राजेश सिंह, जितेंद्र यादव मोना बनाये गए हैं। सदस्य आनंद यादव, रामचंद्र संखवार, जगदीश गुर्जर, रामकुमार, जोशी बंजारा, पवन सविता, सुनील कुमार, भारत कुमार, रामबरन सिंह चौहान को बनाया गया है। नगर अध्यक्ष लाइन पार अविनाश कुशवाहा, नगर अध्यक्ष इकदिल नरेंद्र सिंह दोहरे, नगर अध्यक्ष भरथना राजीव तिवारी, नगर अध्यक्ष बकेवर ज्वाला कठेरिया को बनाया गया है। इसके अलावा जसवंतनगर ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह यादव, बढ़पुरा प्रथम ब्लॉक अध्यक्ष शेखर राजपूत, बढ़पुरा द्वितीय ब्लॉक अध्यक्ष अनिल मिश्रा, बसरेहर ब्लॉक अध्यक्ष नितिन यादव, चकरनगर ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना सिंह राजावत को बनाया गया है।

# रेलवे अंडरपास बना तालाब, लोग परेशान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जसवंतनगर स्थित रतनगढ़ के पास बना रेलवे अंडरपास हरसमय पानी भरे रहने के कारण लोगों की मुसीबत बना हुआ है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस अंडरपास का पानी कभी सूख नहीं पाता है यही कारण है कि अंडरपास से निकलना मुश्किल रहता है और रेलवे लाइन क्रॉस करते समय कभी कभार कोई ना कोई हादसे का शिकार हो जाता है। यहां अंडरपास में पानी भरने की स्थिति में संपर्क करने के लिए लिखे गए नंबरों को भी भद्दा कर दिया गया है तथा पुल में पानी भरा होने पर आर पार न करें लिखते हुए खतरे का संकेत दिया गया है तथा संपर्क करने के लिए ठेकेदार के कांटेक्ट नंबर भी दर्शाए गए हैं। अब समझ में यह नहीं आ रहा है कि आखिर रेलवे अंडरपास की देखरेख करने वाली संस्था क्या अपने दायित्वों से किनारा कर रही है। देवीपुरा के राजेश कुमार व रमपुरा के रघुवीर सिंह, रतनगढ़ श्याम सिंह आदि ग्रामीणों ने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने कई बार उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया किंतु कोई भी नतीजा नहीं निकला और लगातार अंडरपास में जल भराव की समस्या बनी हुई है। बारिश के दौरान तो हालात इस कदर हो जाते हैं की अंडरपास पूरा भरा रहता है। ग्रामीण इसके लिए अब आंदोलनात्मक कदम उठाने की तैयारी कर सकते हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



महेवा विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पँचायत रतनपुर और कुडरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिले की प्रभारी कमला वती सिंह, कानपुर बुन्देलखण्ड के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ,पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल के अध्यक्ष सुशील राजपूत ने की गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला प्रभारी कमला वती सिंह ने बताया कि सरकार ने आम जन मानस के खेतों के लिए बीज, पानी, बिजिली, शौचालय आदि की तमामं जन उपयोगी योजनाये आम जन को समर्पित किया है, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने बताया कि सरकार का प्रयास है कि सरकार की योजनाओ का लाभ समाज की अंतिम लाइन में खड़े व्यक्ति को मिले श्री दुबे ने इज्जत घर, आयुष्मान कार्ड, आवास योजना विधवा , बिकलांग पेंशन बिधुत व्यवस्था आदि के बारे में बिस्तार से बताया , सरकार की जन हित मे चलाई जाने वाली जन हित कारी योजनाओ की समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को योजनाओ का लाभ पात्रो तक पहुचाने को कहा,वही कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों को न देखकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने शाशन को इस लापरवाही की शिकायत करने की बात कही पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जन हित कारी योजनाओ की जानकारी दी, कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक मीनाक्षी चौहान ने सरकार द्वारा संचालित उज्ज्वला गैस योजना, मुख्य मंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, विधवा, बिकलांग योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी चौह ने किया कार्यक्रम में विकसित भारत यात्रा के जिला संयोजक हरनाथ सिंह कुशवाह, उषा चन्द्रा, राज बर्धन सिंह भदौरिया, विनोद सिंह चौहान ,ब्रजेश दुबे,, संजय दुबे, धर्मेश वाजपेयी, संजीव मिश्रा, छोटे सिंह तोमर, विपिन सिंह, राजेश दोहरे, भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम में सरकारी विभागों से आये कर्मचारियों ने अपने अपने विभागों की जन हित कारी योजनाओ की जानकारी दी।

# जल जीवन मिशन की कार्यदायी एजेंसियों को डीएम ने लगायी फटकार

उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।



सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति की वर्चुअल समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रायपुर, मधेपुरा व कोटा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की धीमी गति को लेकर उन्होंने बीजीसीसी लिमिटेड के एमडी को कड़ी फटकार भी लगायी। तो वहीं जीवीपीआर डीजीएम को चेतावनी देते हुये साफ तौर पर कहा कि मैन पावर व मशीनरी बढ़ायी जाये। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान साला ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति धीमी होने पर कॉन्ट्रेक्टिंग एजेंसी मेसर्स जीवीपीआर के डीजीएम राकेश रेड्डी को सभी ग्रामों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने हेतु कमिश्निंग टीम बढ़ाए जाने के साथ ही मैन पावर एवं मशीनरी बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया। रायपुर, मधेपुरा एवं कोटा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अंतर्गत धीमी प्रगति पर एजेंसी मेसर्स बीजीसीसी लिमिटेड के एमडी को फटकार लगाते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करने तथा मैन पावर और मशीनरी बढ़ाकर सभी ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गई सड़को की मरम्मत का कार्य अगले एक माह में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जल निगम एवं टीपीआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर भ्रमणशील रहकर कार्यो की गुणवत्तापरक एवम मानक के अनुसार पूर्ण कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अधिशाषी अभियंता जल निगम अंचल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनीं समस्या

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

> विधायक राम प्रताप वर्मा का कहना है कि यही जनता तो हमारी पूंजी है

जनता की समस्याओं को लेकर संवेदनशील विधायक राम प्रताप वर्मा रोज सुबह अपने आवास व शाम को कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनते हैं। तथा दोपहर बाद क्षेत्र में अपनी जनता को समय देते हैं। जनता दरबार में उनके विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं। इनमें कई लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण भी विधायक करवाते हैं। लोगों की समस्या का सिलसिला चलता रहता है। कुछ ऐसे काम भी होते हैं,जो विधायक के एक फोन करवाने से हो जाते हैं। कई बार शिकायत होती है कि संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं या फाइल अटकी हुई है, ऐसे में मामले की गंभीरता देखकर विधायक संबंधित अधिकारी को तत्काल फोन करते हैं और उनका काम करवाते हैं। जनता दरबार को लेकर विधायक राम प्रताप वर्मा का कहना है कि यही जनता तो हमारी पूंजी है। इनकी बदौलत ही तो हम चुनाव जीते हैं।

अगर हम इनकी नहीं सुनेंगे तो किसकी सुनेंगे। इसीलिए मैं उनको समय देता हूं। लोग अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्या लेकर आते हैं। जितना हो सके उन्हें हल करने का प्रयास करता हूं।

लोगों का आवेदन संबंधित विभाग तक नहीं पहुंचा रहता हैं उन्हें भी यहां से मार्गदर्शन देते हैं। उनका आवेदन भी बनवाते हैं ताकि समय पर उनका आवेदन विभाग में सही जगह पहुंचे और उनका काम जल्दी हो सके। विधायक के सुबह 8 बजे से ही लगने वाले इस जनता दरबार में दोपहर तक भीड़ लगी रहती है।

जिस दिन उनका कहीं दौरा नही रहता, वे यहां देर तक बैठे रहते हैं। यहां से उठने के बाद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। शाम को कार्यालय पर बैठते हैं। लेकिन अधिकतर लोग उनके घर पर ही समस्या लेकर पहुंचे रहते हैं। विधायक कहते हैं कि कई बार लोगों से इस तरह के जुड़ाव से एक अलग ही संबंध बन जाता है। लोगों की समस्या हल होती है तो वह दुआएं व आशीर्वाद देते हैं। विधानसभा के कई गांव के लोग उन तक अपनी समस्या लेकर आते हैं। कई बार लोग अपनी समस्या बताते भावुक भी हो जाते हैं।

## बिरिया बुजुर्ग माइनर ओवरफ्लो होने से अनेकों खेत पानी से जलमग्न

**जालौन (उरई)।** सिकरी माइनर रजवहा से बिरिया बुजुर्ग माइनर ओवरफ्लो होने से खेतों में पानी भर गया है। क्षेत्रीय किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बिरिया बुजुर्ग माइनर का पानी बंद कराने की मांग की है। जालौन क्षेत्र के किसान बाबूलाल, लालसिंह, भगतजी, मनमोहन सिंह, सूरज, अजय, जितेंद्र, धर्मेंद्र, रमेशबाबू, राजू साहू, आनंद कुमार, महेंद्र फौजी, राजेश आदि ने एसडीएम सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी खेती बिरिया बुजुर्ग मौजे में है। खेती में सिंचाई के लिए सिकरी माइनर रजवहा से बिरिया बुजुर्ग माइनर में पानी आता है। लेकिन पिछले वर्ष सिल्ट की सफाई न होने से माइनर में पानी ओवर फ्लो हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### विधायक निधि से लगाए गए स्ट्रीट लाइट खराब

**उतरौला,बलरामपुर।** विधायक निधि से लगाए गए करोड़ों की स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब पड़े हैं। इसकी देखरेख करने के लिए कोई विभाग तैयार नहीं है। उतरौला तहसील के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, ऐतिहासिक मंदिर व मस्जिदों के पास विधायकों ने अपने फण्ड से स्ट्रीट लाइट के लिए बड़े बड़े पोलो पर हाई मास्ट के स्ट्रीट लाइटें लगवाई लेकिन वह कुछ ही समय बाद खराब हो गई। स्ट्रीट लाइट के खराब होने के बाद कोई विभाग उसे ठीक कराने को तैयार नहीं है। स्ट्रीट लाइट के वर्षो खराब रहने पर सार्वजनिक स्थल पर अंधेरा रहता है। सरकार ने स्ट्रीट लाइट के देखरेख के लिए किसी विभाग को जिम्मेदारी नहीं दी। किसी विभाग को इसके देखरेख की जिम्मेदारी न मिलने से इसकी मरम्मत कोई विभाग करा नहीं रहा है। उतरौला तहसील के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सैकडो स्ट्रीट लाइट खराब होने से शो फीस बने? है। नगर पालिका परिषद उतरौला ने कुछ स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया था लेकिन मानक के विपरीत होने से अक्सर खराब हो जाते है।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर व्यापारियों की पुलिस के संग बैठक

**अयोध्या।** सोमवार को अयोध्या धाम व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा व्यापारियों के साथ पुलिस प्रशासन की एक बैठक नया घाट चौकी में आयोजित की गई।बैठक में आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान अयोध्या की सुरक्षा एवं भव्य स्वागत को लेकर चर्चा की गई। बैठक में व्यापारियों की ओर से भी पुलिस प्रशासन के सामने अपनी समस्याएं उठाई गई। निर्णय लिया गया कि वीआईपी मूवमेंट में आने-जाने को लेकर एक समन्वय पास बनाया जाएगा।इस पास को दिखाकर व्यापारियों को शहर के अंदर प्रवेश मिल सकेगा।बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने की।बैठक में नंदलाल गुप्ता,प्रेम सागर मिश्रा, विनोद श्रीवास्तव,सुरेश मोदनवाल,सनी मोबाइल,मानू गुप्ता,बृज किशोर पांडेय,शक्ति जायसवाल,विजय यादव,अश्वनी गुप्ता,ओंकार मोदनवाल, सीओ अयोध्या सी.पी गौतम,यातायात क्षेत्राधिकारी डॉ राजेश तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या मनोज शर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक राम जन्मभूमि देवेंद्र पांडेय मौजूद रहे।

### राहगीरों के लिये मुसीबत बनी लौना मोड़ की टूटी पुलिया

**जालौन,उरई।** उरई जालौन मुख्य सड़क से लौना संपर्क मार्ग की मोड़ पर स्थित पुलिया की पटरी टूटी होने और कोई संकेतक न होने से अक्सर हादसे होते रहते हैं। जिसमें लोग चुटहिल होते हैं। नगर के लोगों ने उक्त पुलिया के दोनों ओर पटरी बनवाने की मांग की है। साथ ही सड़क का लेवल भी दुरूस्त कराने की मांग की है। उरई जालौन फोर लेन मार्ग से कोतवाली के बगल से लौना, हरदोई गूजर के लिए संपर्क मार्ग निकला है। इसी रोड पर एसडीएम आवास व सीओ कार्यालय के साथ ही उप निबंधक कार्यालय, पूर्ति विभाग कार्यालय भी स्थित हैं। इन कार्यालयों के साथ ही गांवों में लोगों का आना जाना लगा रहता है। इतना ही नहीं इस मार्ग से झांसी के लिए भी दो पहिया व चार पहिया वाहन भी निकलते हैं। लेकिन फोर लेन के निर्माण से पूर्व से ही उक्त मार्ग की मोड़ पर ही स्थित पुलिया की पटरी टूटी हुई हैं। इसके अलावा फोर लेन का निर्माण होने के बाद फोर लेन और संपर्क मार्ग ऊंचा नीचा हो गया है।

# 35 लाख के गांजा सहित दो अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।

> कंटेनर ट्रक के केबिन में छिपाकर लाया जा रहा था गांजा

कदौरा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर एक कंटेनर ट्रक के केबिन में छिपाकर लाया जा रहा 3 कुंटल दो किलो गांजा बरामद कर दो अंतर्राज्जीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर कंटेनर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

उक्त मामले का खुलासा करते हुये अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि बीती रात्रि कदौरा पुलिस क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चला रही थी उसी दौरान मुखबिर की सूचना मिलते ही चतेला तिराहे पर एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली तो ट्रक चालक जसकरन पुत्र सतनाम सिंह निवासी दीवानगर थाना माल टाउन जिला पानीपत हरियाणा व ट्रक चालक की बगल वाली सीट पर एजाज पुत्र रियाज मुहम्मद निवासी मोहल्ला तोड़ो भितिरिया सांई बार्ड नंबर 5 देवगढ़ थाना देवगढ़ उड़ीसा की निशानदेही पर ट्रक की केबिन के अंदर बने गुप्त स्थान से पांच बोरे जिसमें अवैध गांजा पैकेटों में प्लास्टिक से टेप किया हुआ बरामद हुआ। जब थाना पुलिस ने पांचों पैकेटों की तौल करायी तो वह 3 कुंटल दो किलो निकला। इसके बाद थाना पुलिस ने धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम जसकरन सिंह आदि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

# सब रजिस्ट्रार कार्यालय को मूल स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग

उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।

लगभग तीन वर्ष पूर्व तहसील के सामने स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय को बिल्डिंग की मरम्मत कराने के चलते सीओ कार्यालय के पास स्थानांतरित कर दिया गया था। अब बिल्डिंग बनकर तैयार है। इसके बाद भी कार्यालय को स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। नवीन बार एशोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने कार्यालय को मूल स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है। नगर में सब रजिस्ट्रार कार्यालय तहसील के सामने स्थित था। कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर होने पर वर्ष 2020 में कार्यालय को सीओ कार्यालय के पास ही स्थानांतरित कर दिया गया। जो कि मूल स्थान से लगभग एक किमी की दूरी पर स्थित है। कार्यालय दूर होने के चलते कार्य के लिए आने वाले लोगों को परेशानी होती है। वकीलों के लिए कोई स्थान न होने के चलते वकील मूल स्थान पर ही रहते हैं। लिखा पढ़ी के लिए एक किमी दूर जाना पड़ता है। इससे खासकर महिलाओं को दिक्कत होती है। नवीन बार एशोसिएशन के तत्वावधान में अध्यक्ष श्रीगोविंद चतुर्वेदी, महामंत्री कमलेश सिंह सेंगर, कमलेश प्रजापति, शैलेंद्रकांत त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार आदि ने एसडीएम सुशील कुमार को मांग पत्र देकर बताया कि वर्तमान में तहसील के सामने स्थित कार्यालय बनकर तैयार है। लगभग सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं।

# सीएचसी में गर्भवती महिलाओं के प्रसव की सुविधा नहीं

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।




सीएचसी उतरौला क्षेत्र की आधी से अधिक ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव की सुविधा नहीं है। जिसके चलते सीएचसी उतरौला में प्रसव पीड़ित महिलाओं की संख्या बढ़ गई है।

गर्भवती महिलाओं का प्रसव केन्द्र बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शासन को पत्र नहीं लिखा। सीएचसी उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैरमपुर, बकसरिया, गुरदयाल डीह, जाफराबाद, जनुका जनुकी, मधपुर, मानापार बहेरिया, मोहनोत, पेहर, रमवापुर खुर्द, तेन्दुवा तकिया में उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित कर रखा है। इस ग्यारह उपस्वास्थ्य केन्द्र पर लगभग चार चार ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई है। इस तरह पचासों गांव की महिलाओं का केन्द्र से जुड़े होने से उनके स्वास्थ्य का परीक्षण इसी केन्द्रों पर अक्सर होता रहता है। पूरे क्षेत्र की लगभग आधी आबादी महिलाओं का होने के बाद इस उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं के प्रसव का कोई इंतजाम नहीं है। मजबूरन इस क्षेत्र की महिलाएं प्रसव कराने के लिए जिला अथवा तहसील मुख्यालयों को चक्कर लगानी पड़ती है। शासन ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने के लिए सीएचसी उतरौला के आधे उपस्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के प्रसव का इंतजाम कर रखा है लेकिन आधे से अधिक केंद्र इस सुविधा से वंचित हैं। ब्लांक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सीएचसी उतरौला के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रो? पर गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने का इंतजाम करने की मांग की है। सीएचसी उतरौला अधीक्षक डा सी पी सिंह ने बताया कि सीएचसी उतरौला के ग्यारह उपस्वास्थ्य केंद्र पर शासन ने गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने की योजना की स्वीकृति नहीं दी है। शासन से स्वीकृति मिलने पर उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएंगी।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आरएसएस व पटेल समाज ने लिया निर्णय

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पटेल समाज की बैठक भवदीय पब्लिक स्कूल शिक्षण संस्थान रानोपाली में आयोजित की गई। बैठक मे निर्णय लिया गया कि श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भवदीय पब्लिक स्कूल से लेकर चूड़ामणि चौराहा तक साज सज्जा, भवन सजावट,झालर, लाइट,दीप प्रज्ज्वलन,रंगोली सजावट तथा दीप प्रज्ज्वलन आदि से संबंधित जो भी कार्य होंगे,वह डॉ अवधेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में पटेल प्रगति समिति द्वारा किया जाएगा।


# कार्यालय-जिला बाल संरक्षण अधिकारी/ जिला प्रोबेशन अधिकारी, फर्रु0।

पत्रांकः- 349/ जि0बा0सं0ई0/ सहा0व्यक्ति/ विज्ञापन/2023-24 — दिनांक 06/01/2024

## प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार द्वारा सहायतित एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना पूर्व नाम (चाइल्ड प्रोटेक्शन सर्विसेस) के अन्तर्गत लैंगिक अपराधों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्तियों की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति।

किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा सहायतित एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना पूर्व नाम (चाइल्ड प्रोटेक्शन सर्विसेस) के अन्तर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्तियों की नियुक्ति सूचीबद्ध किये जाने हेतु शासनादेश संख्या-1038/60-1-2023 दिनांक 28.09.2023 के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं-

1. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्तियों को अहर्तानुसार प्राप्त आवेदन के क्रम में साक्षात्कार समिति द्वारा चयन/सूचीबद्ध किया जायेगा। सहायक व्यक्ति नियुक्त होने हेतु निम्नवत् अहर्तातें हैं-

| क्र0 सं0 | पदनाम | आयु | नियत मानदेय प्रति प्रकरण | अर्हता | पदों की प्रकृति एवं अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सहायक व्यक्ति (सपोर्ट पर्सन) | 21 से 50 वर्ष | यात्रा व्यय सहित प्रति प्रकरण 15000 रुपये धनराशि भुगतान की संस्तुति की गयी है जिसके सम्बंध में उचित आदेश वित्त विभाग की सहमति के उपरान्त विभाग से प्राप्त होने पर प्रदान की जायेगी। | 1. भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्व विद्यालय से स्नातक की डिग्री।<br>2. उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है।<br>3. जनपद फर्रुखाबाद में लगभग 10 वर्ष से निवासरत् होना अनिवार्य है।<br>4. बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/ सदस्य को सहायक व्यक्ति नियुक्त नहीं किया जा सकता है। | किसी व्यक्ति को 03 वर्षों हेतु सहायक व्यक्ति नियुक्त किया जायेगा। जिलाधिकारी अनुमोदनपरान्त अधिकतम एक अतिरिक्त कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। |

**आवश्यक निर्देशः-**

1. उपर्युक्त पदों पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। अभ्यार्थियों की संख्या अधिक होने पर उच्चतम योग्यता एवं अनुभव के उच्च मानक के आधार पर आवेदकों की संख्या एक उचित सीमा तक सीमित किया जा सकता है।
2. जनपद स्तर पर सहायक व्यक्ति की सूची तैयार किये जाने हेतु गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
3. आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 20 जनवरी, 20204 होगी। समस्त आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक जिला प्रोबेशन कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखाबाद में डाक अथवा स्वयं द्वारा समस्त अपेक्षित संलग्नक सहित प्राप्त होने पर ही स्वीकार किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. समस्त शैक्षिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य अभिलेख निर्धारित आवेदन-पत्र पर अंकित करते हुए संबंधित अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी/ जिला बाल संरक्षण अधिकारी, फर्रुखाबाद को प्रेषित की जायेगी।
5. साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु आने-जाने को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
6. आवेदन/नियुक्ति सम्बन्धित जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, फर्रुखाबाद कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी/**
**जिला बाल संरक्षण अधिकारी, फर्रुखाबाद।**

**लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 अन्तर्गत प्रकरणों में सहायक व्यक्तियों हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप**

जनपद का नाम : ..................................................
पद का नाम : ..................................................
अभ्यर्थी का नाम : ..................................................
पिता/पति का नाम : ..................................................
माता का नाम : ..................................................
जन्मतिथि : ..................................................
आयु ( ) : दिन माह वर्ष
लिंग (पुरुष/महिला/अन्य) : ..................................................
राष्ट्रीयता : ..................................................
ई-मेल : ..................................................
पत्राचार का पता : ..................................................
स्थाई पता : ..................................................
आधार संख्या : ..................................................
दूरभाष/मोबाईल नम्बर : ..................................................

Photo

1. शैक्षिक अर्हता (हाईस्कूल से प्रारम्भ) :- (Attach all relevant certificate as encloser)

| क्र0सं0 | शैक्षिक योग्यता | विश्वविद्यालय/संस्था का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

2. Work Experiences (वर्तमान स्थिति) :- (Attach all relevant certificate as encloser) के विवरण के संबंध मेंः-

3. जाति (सामान्य/पिछड़ी/अनुसूचित/अनुसूचित जनजाति) : ..................................................
4. प्रकाश (यदि केई हो) : ..................................................
5. पुरस्कार/सुविधायें (यदि कोई हो) :..................................................
6. स्वैच्छिक संगठनों में किये जाने वाले कार्य एवं अनुभव (यदि कोई हो):
7. क्या आप के विरुद्ध किसी प्रकार का आपराधिक रिकार्ड है? यदि हां तो उल्लेख करें:
8. क्या आप दिव्यांग है? यदि हां तो उल्लेख करें:
: ..................................................
9. जनपद फर्रुखाबाद में कितने वर्षों से निवासरत् है। (संलग्न निवास प्रमाण पत्र)
: ..................................................
10.अन्य कोई विवरण, जो उक्त पद के लिए आवश्यक होः
: ..................................................

मै एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन प्रपत्र तथा अनुलग्नकों में मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण हैं। मैं वचन देता/देती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत की गयी कोई सूचना भविष्य में किसी भी समय पर मिथ्या पायी जाती है, तो इससे मैं आवेदित पद के लिए अपात्र हो जाऊंगा/जाऊंगी।

**दिनांकः**....................................
**स्थानः**....................................

**(हस्ताक्षर)**
**आवेदक का नाम**

**अनुलग्नकः-**
1. समस्त शैक्षिक अर्हता की स्वप्रमाणित प्रति।
2. अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति।
3. आधार की प्रति।
4. निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
5. अन्य कोई अभिलेख जो आवश्यक हो।

# श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पूरा जनपद होगा राममय

- 14 से 22 जनवरी तक जनपद के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों एवं बाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर परिसर में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर विभिन्न कार्यक्रमो को भव्यता से कराये जाने के संबंध मे मंदिर कमेटी व व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक जनपद के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिरो एवं बाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जायेगें। इस अवसर पर आप लोगों के सहयोग से मंदिरों में दीप प्रज्जवलन-दीपदान के साथ-साथ राम कथा प्रवचन, अनवरत रामचरित मानस का पाठ व सुन्दरकाण्ड कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ कराए। इससे कोई भी क्षेत्र छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिरों का चयन कर लिया गया है एवं कार्यक्रम का प्रभावी अनुश्रवण नोडल एंव सहायक नोडल अधिकारी कार्यक्रम सुनिश्चित करायेगें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि नगर के चौराहों की साज सज्जा कराई जाए। मंदिरों में बिजली, पेयजल, साफ सफाई की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कराए। बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नीलम चौधरी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## न्यायालय के आदेश पर नायब तहसीलदार ने सीज की दुकान

**सौरिख, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** न्यायालय के आदेश पर पत्नी को भरण पोषण का खर्चा न देने पर नायब तहसीलदार ने न्यायालय के निर्देश पर माल समेत दुकान सीज कर दी। नगर के सीएसबी रोड निवासी नितिन पुत्र सुरेश शर्मा का पत्नी से कई साल से न्यायालय में भरण पोषण का मुकदमा चल रहा है। नितिन की नगर के सीएसबी रोड पर हार्डवेयर की दूकान है। न्यायालय ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। नितिन कई साल से न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर पत्नी को गुजारा भत्ता देने में आनाकानी कर रहा था। न्यायालय के आदेश पर सोमवार को नायब तहसीलदार ने बकाया 3 लाख 85 हजार रूपए गुजारा भत्ता न देने पर नितिन की हार्डवेयर की दुकान सीज कर दी। नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्या ने बताया कि पत्नी को गुजारा भत्ता का पैसा न देने पर न्यायालय के आदेश पर दुकान सीज कर दी गई है।

# लाइस्ट एलईडी को मिला यूपी स्टार्टअप पॉलिसी से ग्रांट का सपोर्ट

- छिबरामऊ के लाल ने रोशन किया नाम

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**लाइस्ट एलईडी** प्राइवेट लिमिटेड को यूपी स्टार्टअप पॉलिसी से 11.25 लाख रु की ग्रांट का सपोर्ट मिला है। इस ग्रांट को दिलवाने के लिए नवयोथन स्टार्टअप फाउंडेशन, इनक्यूबेशन सेंटर आफ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज ने स्टार्टअप को सपोर्ट किया था।

आपको बता दें लाइस्ट एलईडी प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर इंजीनियर अभिनव त्रिपाठी हैं जो सोलर व एलईडी से बने प्रोडक्ट के निर्माता और सर्विस प्रोवाइडर हैं। यह स्टेट गवर्नमेंट व सेंट्रल गवर्नमेंट में प्रोडक्ट को सप्लाई करते हैं और कस्टमाइज्ड इन्नोवेटिव प्रोडक्ट भी बनाते हैं। यूपी स्टार्टअप पॉलिसी के तहत इनका नॉमिनेशन जी20 समिट व यूपी ट्रेड फेयर में भी हुआ था। प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए 21 से 25 सितंबर तक 5 दिन का यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में हुआ था। इसमें अभिनव त्रिपाठी ने भी अपनी कंपनी का स्टाल लगाकर पूरे देश में नगर सहित सुगंध नगरी कन्नौज का नाम रोशन कर दिया था।

# खबरें चलते-चलते

## मौसम के बदलाव के कारण आलू में झुलसा रोग लगने से किसान परेशान

**छिबरामऊ कन्नौज।** पिछले कुछ दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव और बादलों के छाए रहने व हल्की बूंदाबांदी के कारण आलू की फसल में पिछेती झुलसा रोग लगने की संभावना बढ़ गई हैकुछ किसानों के खेतों में इसका प्रकोप देखने को मिल रहा है इस कारण से किसान काफी परेशान है। वह लगातार दावों का छिड़काव भी कर रहे हैं लेकिन रोग रुकने का नाम नहीं ले रहा है दावों का प्रकोप करने से किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है कुछ दिनों से मौसम में अचानक परिवर्तन आ गयाआसमान में बादलों के छाए रहने व भीषण सर्दी के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है इसके अलावा फसलों पर खतरा मडराने लगा है आलू की फसल में की पिछेती झुलसाआने से किसान परेशान है वह अपनी फसल को बचाने के लिए फसल में दबाव का छिड़काव करने में लगे हैं लेकिन जलसा रुकने का नाम नहीं ले रहा है झुलसा रोग बढ़ता जा रहा है किसानों ने बताया कि काफी दिनों से धूप न निकलने के कारण आलू की फसल में झुलसा रोग आ गया है दो-तीन बार वह फफूंदी नाशक के साथ कीटनाशक दावों का छिड़काव कर चुके हैं लेकिन रोग बढ़ता ही जा रहा है फसल में रोग आने के कारण किसान काफी परेशान है किसानों को कहना है कि वैसे भी आलू की फसल पैदा करने में लागत अधिक आती है उसके बाद मौसम की बेरुखी के कारण झुलसा रोग के आने से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है इसके बाद भी यह निश्चित नहीं है कि उनकी फसल बच जाएगी।

## महिला मनरेगा मेट संगठन ने अपमी मांगों के निस्तारण की मांग की

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण योजना कार्मिक संघ के पदाधिकारी महिला मनारेगा मेट ने सोमवार को ब्लॉक सभागार में जलालाबाद खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव को जिलाधिकारी संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन की मांग है कि ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के तहत समस्त कार्यो में महिला मेट की अनिवार्यता लागू की जाएं, बीस श्रमिको की वाध्यता समाप्त की जाये अथवा न्यनतम किया जाएं एवं बकाया भुगतान जारी किया जाएं। एनी योजना सहकर्मियों की तरह महिला मेट को मानदेय निर्धारित किया जाएं, जिन ग्राम पंचायतो में महिला मेट चयनित है उनका नियोजन किया जाएं एवं अतिरिक्त महिला मेट के चयन पर रोक लगाईं जाएं, जिला स्तरीय मनरेगा निगरानी समितियों एव राज्य रोजगार गारंटी परिषद् उत्तर प्रदेश का गठन शीघ्र किया जाएं। इस मौके पर विनीता द्विवेदी, पिंकी, सुमन, रीना, मौर्य श्री, काजल, पूनम राजपूत, नीलम कुशवाहा, पिंकी वर्मा आदि लोग रहे।

## रंगदारी वसूली के लिए दबंगों ने हास्पिटल संचालक को पीटा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** थाना तिर्वा क्षेत्र में रंगदारी वसूली को लेकर दबंगों ने हॉस्पिटल संचालक की पिटाई कर दी। दबंगों द्वारा मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में पीड़ित द्वारा आरोपियों के खिलाफप्रार्थना पत्र दिये जाने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। मारपीट का वीड़ियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के इन्दरगढ़ तिराहे के निकट स्थित गीता हॉस्पिटल का संचालन बलनपुर गुलरिया गांव निवासी जितेंद्र राजपूत करते हैं। विगत दिवस वह देर शाम हॉस्पिटल के मेडिकल स्टोर में थे, तभी वहां कुछ युवक अन्दर घुस आए और हॉस्पिटल संचालक के साथ मारपीट की और वहां से भाग निकले। मामले को लेकर हॉस्पिटल संचालक जितेंद्र राजपूत ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को उक्त दबंगों के खिलाफप्रार्थना पत्र दिया, लेकिन 24 घण्टे बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। मामले को लेकर पीड़ित ने बताया कि उक्त दबंग हफ्ता वसूली करने आये थे। बताया कि उक्त दबंगों ने उससे 15 हजार रुपये की मांग की, उसके द्वारा इन्कार किये जाने पर उसे मारापीटा और वहां से भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान उक्त दबंगों ने उसके गले मे पड़ी सोने की चेन लूट ली। पीड़ित ने बताया कि मामले को लेकर जब उसने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफरिर्पोट दर्ज करानी चाही तो पलिस ने पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज करने से मना कर दिया।

# सर्राफा कारोबारी की मंगेतर ने भी दुनिया को कह दिया अलविदा

समधन, समृद्धि न्यूज



**संदिग्ध परिस्थितियों** में युवती ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली समधन क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर निवासी नफीस खान की पुत्री सोनी बानों उम्र 20 वर्ष ने सोमवार सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया मौत की खबर लगते ही घटना स्थल पर सैकड़ो की संख्या में भीड़ लग गई। मृतक सोनी बानों के पिता नफीस खान ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी बेटी सोनी बानों ने आज़ सोमवार सुबह उठकर पहले नमाज़ पढ़ी फिर कुरान पाक की तिलावत भी की उसके बाद सुबह का नाश्ता बनाया हम सभी पूरे परिवार ने नाश्ता किया और हम लोग अपने मकान के ऊपर वाले कमरे में चले गए काफी देर बाद हम लोग नीचे आयें तों देखा हमारी पुत्री कमरें के अन्दर फांसी के फंदे पर लटकी थी उसको देखकर परिवारजनों के होश उड़ गए चीख पुकार सुनते ही आसपास मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए आस पड़ोस के लोगों ने फांसी के फंदे से शव को नीचे उतार लिया आगे उन्होंने बताया कि बीते तीन दिन पूर्व में सर्राफा कारोबारी समधन के दारासराय निवासी अय्याज खान पुत्र नायाब खान मलिकपुर से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे रास्ते में बदमाशों ने अय्याज खान को गोली मारकर घायल कर दिया था और दो लाख की नकदी व लाखों के जेवर से भरा थैला लेकर फरार हो गए थे अय्याज की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई थी। हमने अपनी बेटी सोनी बानों की शादी सर्राफा कारोबारी अय्याज खान के साथ तय की थी मंगनी भी हो गई थी जिस दिन से अय्याज की मौत हो गई थी उसी दिन से हमारी बेटी बोल रही थी हमारी किस्मत ही खराब है। घटना की सूचना मिलते ही आनन फानन में गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा अपने मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे घटना के बारे में बारीखी से जानकारी ली उसके बाद कन्नौज सीओ भी मौके पर पहुंच गए फिर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया।

# कड़ाके की सर्दी में कंबल पाकर गरीब बेसहारा लोगों के चेहरे खिले

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



आज बड़ी गलन,सामाजिक संस्था गोल्डन पहल द्वारा हर वर्ष चलाए जाने जाने वाले अभियान ÷सर्दी से बचा लो जिन्दगी÷ के अंतर्गत आज आर्य समाज मंदिर प्रांगण में वास्तविक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। बहबलपुर एवम खुबरियापुर रोड के ग्रामवासियों को संस्था के संरक्षक मंडल की टीम द्वारा कंबल वितरण कर उन्हें सर्दी से राहत देने का प्रयास किया गया। यह लगातार कंबल वितरण करने का नौवां वर्ष है। संस्था के सचिव महेंद्र सिंह ने कहा कि अभियान के तहत टीम गोल्डन पहल का प्रयास रहता है कि सर्दी के कारण किसी जरूरतमंद को अपनी जान न गंवानी पड़े। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक मण्डल से राजेश सक्सेना , नरेश वर्मा , पवन गुप्ता , जितेन्द्र शर्मा ( पूर्व सभासद ) एवम संस्था की कोर टीम से मुनेद्र भदौरिया व महेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# घर-घर पहुंच रहे पत्रक व अक्षत



कलश यात्रा में मौजूद स्थानीय लोग — समृद्धि न्यूज

- पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने नागरिकों से की अपील
- 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाए जाने की अपील

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोमवार को पालिकाध्यक्ष मुन्नी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि जीतू गुप्ता, विकास गुप्ता,विजय दुबे के साथ मोहल्ला अशोक नगर में पहुंचे और डोर टू डोर जाकर नागरिकों को श्री राम जन्मभूमि से आए पत्रक व अक्षत वितरित किए। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा की आगामी 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में सभी लोग सहभागी बने और लोग अपने घरों में रहकर दीपोत्सव मनाएं कहां की अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर बना हम सभी सनातनियों के लिए बड़े ही गौरव की बात है। इस मौके पर उनके साथ बृजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता बंटू, सुगम दुबे, सभासद पूजा गुप्ता, विनीता दुबे, रानी सविता, राखी अनजान, अनीता दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# वृद्ध से मारपीट कर, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बच्चों के विवाद में गांव के दंपति व बेटों ने दरवाजे पर जाकर वृद्ध से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर के मोहल्ला शांति नगर निवासी सुरेश चंद्र पुत्र शांति प्रसाद ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि शाम करीब 6.45 बजे पड़ोस के ही पिंटू शर्मा व उसकी पत्नी रुचि तथा दो बेटों प्रिंस और कृष्णा ने बच्चों के विवाद के चलते उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित वृद्ध ने अभद्रता का विरोध किया। तो उक्तगणो ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित वृद्ध की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाकियू लोकशक्ति ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी

**किसानों की** मूलभूत सुविधाओं व विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम छिबरामऊ को सौपा और समस्या के निस्तारण की माँग की।

सोमवार को नगर के निरीक्षण भवन में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारी पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी को सौंप कर जल्द से जल्द समस्या के निस्तारण की मांग की। जिसमे उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं की समस्या का विधीवत निस्तारण, फ़सलों का समुचित भाव सुनिश्चित करने के लिए कहा, सरकार द्वारा किसानों की खाद की बोरी यूरिया का वजन 45 किलो से 50 किलो करने की बात कही, मनरेगा में हो रही धांधली को तत्काल रोका जाए, किसने की बकाया राशि पर बैंकों एवं अन्य संस्थाओं द्वारा किए जा रहे मुकदमों की कार्रवाई को तत्काल रोकना, नगर में वाहन चेकिंग भीडभाड़ के इलाकों से बाहर एंट्री पॉइंट पर कराया जाए, किसानों के ट्यूबवेल पर मुक्त बिजली उपलब्ध कराने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहिद खान, मंडल उपाध्यक्ष हाशिम अली, जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद, जिला महासचिव शादाब खान, ब्लॉक अध्यक्ष चांद खान, जिला सचिव धर्मेंद्र यादव, प्रवक्ता विकास तिवारी, ग्राम अध्यक्ष अभिमन्यु ठाकुर, रोहित राजपूत, सराज अली, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण जरूरी

- वृक्षारोपण कर किया पूर्वजों को नमन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज




वृक्षारोपण के दौरान मौजूद स्थानीय लोग — समृद्धि न्यूज

**सोमवार** को फतेहगढ़ रोड रामगंज स्थित नगर पालिका परिषद की भूमि पर स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में स्थानीय लोगों ने पौंधरोपण कर नमन किया। कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। वृक्ष धरती की शान है। वृक्ष जहां हमें गर्मी से बचाते हैं। वहीं पशु पक्षियों को आवास व अन्य तरीकों की जरूरतें पूरी करते हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के मोहल्ला रामगंज में सड़क किनारे बनाए गए अमृत वन में कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, समाजसेवी राधेश्याम सेजवार, रतन चंद्र गुप्ता ने वृक्षारोपण कर बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित करने का प्रयास किया। इस दौरान नागरिकों ने वृक्षारोपण करने वालों का फूलमालाये पहनाकर स्वागत किया। कहा कि मनुष्य को खुशहाल जिंदगी जीने के लिए वृक्ष लगाकर व उनकी सही देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने पेड़ पौधों को धरती का आभूषण बताया। वृक्ष जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन हम सबको प्रदान करते हैं। जितने हरे भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। विषैली गैसों को पेड़ अवशोषित करते है। उन्होंने पेड़ों की कटान को रोकने के लिए आम जनता की सहभागिता पर बल देते हुए उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रजनीश चक, आनंद शाक्य, संतोष शर्मा, राजीव पाल, अर्जुन, राहुल, राजू वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य पीडी विश्वकर्मा, राकेश यादव, पूरनलाल गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# आगामी लोकसभा चुनाव में जनता के वोट से तीसरी बार मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री: कैलाश राजपूत

- नगर पंचायत सौरिख स्थित सब्जी मण्डी परिसर में आयोजित हुआ भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम
- कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने गिनाईं केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

सौरिख,कन्नौज,समृद्धि न्यूज







**नगर पंचायत** सौरिख स्थित नगर पंचायत कार्यालय के सामने सब्जी मंडी परिसर में भारत विकसित संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक, तिर्वा विधानसभा विधायक कैलाश राजपूत और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने मा सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने जहां केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया तो वहीं आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार बनाने के लिए लोगों से संकल्प लिया। श्री राजपूत ने कहा कि 2024 के चुनाव में देश की बागडोर पुनः नरेंद्र मोदी जी के हाथों में होगी। उन्होने मौजूद लोगों से आग्रह किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट दें। सांसद सुब्रत पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनको समाज के गरीब वर्ग तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कोई भी व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रह सके, इसलिए इस तरह के कार्यक्रम में लोगों की जन समस्याओं को निस्तारण करने के लिए काउंटर लगाए गए हैं, उन काउन्टरों पर आप अपनी समस्याओं को नोट कर दे, जिससे एक सप्ताह के अंदर आपकी समस्या का निराकरण किया जा सके। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ समाज के गरीब, किसान, विकलांग, व असहाय लोगो तक पहुचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अधिशासी अधिकारी आदेश दुबे, राजन सैनी, राघव दुबे, महिला जिला अध्यक्ष नेहा त्रिपाठी,, मंडल अध्यक्ष मंजेश पाल, विजय राजपूत, अरुण प्रताप सिंह, अखिलेश राजपूत, चुन्नू चौरसिया, पंकज राजपूत, अभिषेक सिंह, अजयपाल, रुचि मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर प्रधान पति ग्राम समाज की कई जमीनों पर किये है कब्जा

- थाना मऊदरवाजा में पंजीकृत हैं 26 मुकदमे, ग्रामीण नहीं खोलते मुंह
- खेत से ट्रैक्टर निकालने का विरोध करने पर घर में घुसकर परिजनों को पीटा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दबंग प्रधान** पति ग्राम समाज की भूमि पर अपनी दबंगई के बल पर कई बीघा भूमि पर अनाधिकृत रुप से कब्जा किये हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित सुदीस कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम नगला राम सहाय मौजा भिड़ौर थाना मऊदरवाजा का निवासी है। पीड़ित का 15 बीघा खेत जिसमें गेहूं की फसल खड़ी हुई है। उक्त आराजी से लगा हुआ सरकारी चकरोड है जिसको ग्राम सभा भिड़ौर के प्रधान पति फेरु सिंह दबंगई से बंद कराकर अपने सहयोगी गांव के पेशकार पुत्र पंचम सिंह निवासी नगला रामसहाय से जुतवाये हुये हैं और इसके अलावा उक्त ग्राम प्रधान पति फेरु सिंह सिंह यादव करीब 3-4 अन्य सरकारी चकरोडों व ग्राम समाज की सरकारी भूमि करीब 30-35 बीघा अनाधिकृत रुप से जोते हुए हैं। दिनांक 3 जनवरी को अपराह्न करीब 3 बजे उक्त फेरु सिंह यादव पुत्र सूबेदार, अतेन्द्र यादव पुत्र फेरु सिंह यादव व फेरु सिंह यादव का सगा भाई रक्षपाल जबरदस्ती पीड़ित की उक्त गेहूं की फसल से अपने ट्रैक्टर को निकाल रहे थे। पीड़ित ने जब मना किया, तो उपरोक्त लोगों मां बहिन की बुरी-बुरी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़े, लेकिन पीड़ित मौके से भाग आया। उसी दिन रात्रि करीब 11 बजे फेरु सिंह यादव, अतेन्द्र यादव व रक्षपाल यादव व उसके सहयोगी रामपाल यादव, राजेश उर्फ सुखवासी पुत्र सूबेदार, किशनू पुत्र सुखवासी, सतेन्द्र, आशीष पुत्रगण रक्षपाल, जितेंद्र पुत्र फेरु सिंह, गोलू पुत्र फेरु सिंह, सुनील पुत्र रामपाल, कप्तान, राजेश, पेशकार, भूरे, अन्नू, लेखपाल पुत्रगण पेशकार, दीवान, कोतवाल पुत्रगण पंचम, अनिल पुत्र कोतवाल हरिओम पुत्र दीवान व 10-12 अज्ञात निवासीगण उपरोक्त एक राय होकर अपने हाथों में लाइसेंसी व अवैध तमंचा व बंदूकें लेकर पीड़ित के घर में घुस आये और उपरोक्त लोगों न पीड़ित के घर में पड़ी टीन शेड, बर्तन, चारा की मशीन, तीन पम्पिंग सेट, ट्रैक्टर को तोड़ डाला और पीड़ित व उसके परिवार की महिलाओं के साथ अभद्रता की तथा पीड़ित की पत्नी रुबी, भाभी पूनम व लज्जा देवी के कपड़े फाड़ दिये और जमीन पर गिराकर प्रधान पति फेरु सिंह के भाई रक्षपाल, रामपाल व फेरु सिंह के भतीजे कमलेश कुमार ने पीड़ित की पत्नी व उपरोक्त भाभियों को अपमानित किया तथा उनसे अभद्रता व छेड़छाड़ की। चीखने चिल्लाने व 112 नंबर पर पुलिस को फोन किये जाने पर उपरोक्त लोग अपने असलहों से फायर करते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने बताया कि उपरोक्त लोग 25 हजार रुपये नकद, पीड़ित की भाभी लज्जा देवी के कुंडल व दूसरी भाभी का मंगल सूत्र ले गये। उक्त फेरु सिंह यादव व उसका भाई रक्षपाल व फेरु सिंह का पुत्र अतेन्द्र सिंह हिस्ट्रीशीटर किस्म के बदमाश हैं। फेरु सिंह पुत्र सूबेदार के खिलाफ थाना मऊदरवाजा में 26 मुकदमे पंजीकृत हैं।



शिकायत करने के बाद जानकारी देता पीड़ित

# खरीददारी के दौरान आरोपियों ने युवक को घेरकर किया कुल्हाड़ी से प्रहार

- आक्रोशित आरोपियों ने ईट पत्थरों से घर पर बोला धावा, हजारों का नुकसान

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**दुकान पर** सौदा लेने गये युवक के साथ दबंगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर टकोरे से सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल कर दिया। बाद में आरोपियों ने घर पर धाबा बोला और ईंट पत्थर चलाये और दरवाजे आदि तोड़ डाले। पीड़ित महिला ने दबंग आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र गदनपुर वक्त निवासी गीता देवी पत्नी विजेंद्र सिंह ने गांव के ही राहुल पुत्र हरपाल सिंह के अलावा भाईयों में रोहित तथा अरुण कुमार सहित तीन लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 05 जनवरी की शाम 05 बजे के करीब उनका पुत्र गौरव जो पास की एक दुकान पर सामान की खरीदारी करने गया था। आरोप है आरोपियों में राहुल ने घेरकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर राहुल तथा राहुल के भाइयों में रोहित, अरुण कुमार ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। राहुल ने टकोरे से सिर में बार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंचते तब तक आरोपी फरार हो गए थे। घटना की जानकारी होते ही पीड़ित महिला घायल पुत्र को लेकर सीएचसी शमसाबाद पहुंची। जहां उसका उपचार जारी है। आरोप है आक्रोशित आरोपियों का मन जब इतने से भी नहीं भरा, तो उन्होंने एक राय होकर घर पर धाबा बोल दिया तथा जमकर ईट पत्थर चलाए। आरोपियों के इस हमले में जहां एक ओर घर का टीन शेड टूट गया, वहीं दूसरी ओर घर के दरवाजे टूट गए। पीड़ित महिला के अनुसार पुत्र की हालत गंभीर ह। पीड़ित महिला ने दबंग आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर लेकर कार्रवाई की मांग की।

# भ्रष्ट लेखपाल ने प्लाट को होली की जगह में दर्शाया

- अपने नाम चढ़वाने के नाम पर मांगे 20 हजार रुपये

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भ्रष्ट लेखपाल** ने प्लाट को होली की जगह में लिख दिया। विरोध करने पर लेखपाल ने पीड़ित से 20 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित राधेश्याम त्रिपाठी पुत्र दीन दयाल त्रिपाठी निवासी ग्राम अमृतपुर, तहसील व परगना अमृतपुर, जनपद फर्रुखाबाद का निवासी है। पीड़ित के गांव में घरौनी दर्ज की जा रही है। जो ड्रोन सर्वे के आधार पर बना नक्शा लेखपाल द्वारा लिखा जा रहा है। उपरोक्त नक्शे के आधार पर पीड़ित ने लेखपाल धनंजय दीक्षित से अपने पैतृक प्लाट के बावत बताया व दिखाया, परन्तु भ्रष्ट लेखपाल द्वारा बिना किसी साक्ष्य के नक्शे में 1026 नंबर पर होली स्थान लिख दिया गया, जो कि अवैधानिक है। जबकि पीड़ित के प्लाट के पूरब तरफ पीड़ित के पूर्वजों द्वारा आंशिक रुप से परिवारीजनों के लिए होली महोत्सव मनाने के लिए रखते थे। उपरोक्त प्लाट पर प्रार्थी आज तक काबिज है। उपरोक्त प्लाट पर पीड़ित का कच्चा मकान व छप्पर आदि पड़े हुए थे। जो कुछ वर्ष पूर्व बरसात के कारण गिर गये। जो आज प्लाट के रुप में है, परन्तु उपरोक्त भ्रष्ट लेखपाल ने सम्पूर्ण प्लाट को गलत व मनमाने ढंग से होली स्थान में लिख दिया है। जब पीड़ित ने लेखपाल से इस बावत विरोध किया, तो लेखपाल धनंजय दीक्षित ने कहा कि लाखों का प्लाट है जो आपके नाम लिख जायेगा, लेकिन उसके बदले में मुझे 20 हजार रुपये रिश्वत देनी होगी। जिस पर पीड़ित ने देने में असमर्थता जतायी। जिस पर लेखपाल ने कहा कि तुम्हें जो करना हो कर लो, बगैर रिश्वत कुछ नहीं होगा। पीड़ित ने जिलाधिकारी ने न्याय दिलाने की गुहार लगायी है।



पीड़ित की विवादित जगह — समृद्धि न्यूज

# दबंगों ने युवक को पीटा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम अलादादपुर निवासी अंकित उम्र 28 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके मोबाइल फोन पर सुमित उर्फ मोनू ने गाली देते हुए कहा साले तू अगर असील का है तो कायमगंज बिरियो के पास आ जा। जैसे ही मैं अकेला बिरियो के पास पहुँचा, वहाँ पर पहले से मौजूद सुमित उर्फ मोनू पाल निवासी चिलसरा, राजीव मिश्रा निवासी चांदपुर थाना कादरीगेट फर्रुखाबाद, गोलू दुबे निवासी निजातपुर फतेहगढ़ ने आते ही मेरी लात-घूसों से पिटाई कर दी। जिसकी लिखित शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर गोलू दुबे, राजीव मिश्रा, सुमित उर्फ मोनू के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित अंकित का मेडीकल परीक्षण करवाया।



सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जानकारी देता पीड़ित

# खबरें चलते-चलते

## पतंजलि स्टोर के कर्मचारी से बदमाशों ने लूटे ढाई लाख

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पतंजलि स्टोर पर काम करने वाले कर्मचारी को बाइक सवार बदमाशों ने डंडे से हमला कर ढाई लाख रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर क्षेत्राधिकारी, नवाबगंज थानाध्यक्ष, शमशाबाद थानाध्यक्ष व चिलसरा चौकी इंचार्ज ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद के मोहल्ला बजरिया निहालचंद्र निवासी आकाश पुत्र गणेश प्रसाद जो कि किराना बाजार स्थित अमित पतंजलि स्टोर पर काम करता है। वह सोमवार को शमशाबाद में मुन्ने जिनके यहां स्टोर से माल गया था उसकी वसूली करके बाइक से लौट रहा था। समय लगभग 3.30 के आसपास जब वह नगला नान अमलैया आशानंद के निकट दलामलू तालाब के पास पहुंचा, तभी पल्सर सवार तीन युवक आये और डंडे से उस पर हमला कर दिया। जिससे वह बाइक सहित गिर पड़ा। इस दौरान झोले में रखी ढाई लाख रुपये की नकदी झोला सहित लेकर लुटेरे भाग गये। सिर में चोट लग जाने के कारण वह गश खाकर गिर गया। मदद के लिए उसने आवाज लगायी। कुछ देर बाद एक राहगीर के आने पर उसके फोन से उसने घटना की सूचना पतंजलि स्टोर के मालिक अमित और पुलिस को दी। जानकारी होते ही चिलसरा चौकी इंचार्ज, थानाध्यक्ष शमशाबाद, थानाध्यक्ष नवाबगंज पुलिस बल के साथ पहुंच गये। कुछ ही देर में क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। कई घंटे तक पीड़ित से अलग-अलग पूछताछ की। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। घटनास्थल पर पतंजलि स्टोर के मालिक अमित भी पहुंच गये। पुलिस ने शमशाबाद स्थित मुन्ने खां जिनसे आकाश रुपये लेकर आया था उन्हें भी घटनास्थल पर बुलाया और पूछताछ की। समाचार लिखे जाने तक पुलिस पीड़ित से ही पूछताछ कर रही थी। बताया जा रहा है कि बदमाशों द्वारा हमला करने से पीड़ित के सिर पर काफी चोट लगी है।

## पिता की गुमशुदगी की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सलेमपुर निवासी अजीत कुमार पुत्र विष्णु सेठ ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया हमारे पिता विष्णु सेठ उम्र लगभग 54 वर्ष 7 जनवरी को शाम 4.30 बजे घर से बाजार नवाबगंज कहकर गए थे, जो घर वापस नहीं आए। जिनकी पुत्र अजीत कुमार ने रिश्तेदारी व अन्य काफी जगह खोजबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला।

## गली बंद करने का विरोध करने पर दंपति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम बीसलपुर बांगर निवासिनी राजवती पत्नी जिलेदार सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरे ही गांव के दबंग राजेश कुमार आदि हमारे घर की तीन फिट निकास वाली गली बंद कर रहे थे। जब मैंने एवं मेरे पति जिलेदार ने मना किया, तो उन लोगों ने मुझे एवं मेरे पति को लात-घूसों व लाठी डंडों से मारापीटा। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## ई-रिक्शा से बैटरी चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गॉव गढ़िया हैवतपुर निवासी हाशिम उर्फ टुईयां का ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा था। रात्रि में अज्ञात चोरों ने ई-रिक्शा से दो बैटरा चुरा लिए। जब सुबह ई-रिक्शा चालक सवारिया को बिठालने के लिए ई-रिक्शा के पास पहुचा. तो बैटरे चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने नजदीकी पुलिस चौकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ मौखिक शिकायत की। ई-रिक्शा चालक ने बताया अज्ञात चोरों द्वारा 16000 की कीमत के दो बैटरे चोरी किये गये हैं।

## युवक ने पिया जहर, भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव बराखेड़ा निवासी करू के 17 वर्षीय पुत्र लोकेश ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन गंभीर हालत में उसे अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# लेखपालों को डीएम ने किया सम्मानित



डीएम के साथ सम्मानित लेखपाल — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीएम किसान सैचुरेशन ड्राइव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लेखपालों को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया सम्मानित किया। बताते चलें कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार पीएम किसान योजना का लाभ देने के लिए सैचुरेशन कैंपेन चल रहा है। 45 दिवसीय ग्राम स्तरीय सैचुरेशन कैंपेन 15 जनवरी 2024 तक चलेगा। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है। कैंपेन के जरिए देश का हर पात्र किसान इस मुहिम से जुड़ सकता है और पीएम किसान योजना का लाभ ले सकता है। इस मौके पर विजयपाल, रजत श्रीवास्तव, अमित राठौर, डॉ अजय सिंह, अमित प्रताप सिंह, अतुल प्रताप सिंह, अंकित राठौर, सोनी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, प्रमोद सागर, राहुल सिंह, अजीत गुप्ता, शरद यादव, गौरव त्रिवेदी आदि लेखपाल सम्मानित हुए। जिलाधिकारी ने सम्मानित लेखपाल एवं तहसील की पूरी टीम को दी बधाई।

# जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच

- वक्फ संख्या-266 की स्थलीय जांच कराये जाने का मामला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**यू.पी. सुन्नी** सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने दरगाह छोटे बड़े साहब स्थित पुलखाम वक्फ संख्या-266 की स्थलीय जांच कराये जाने के संबंध में जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया था, लेकिन उक्त मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आज एक पक्ष ने पुनः जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की।

बताते चलें कि वक्फ बोर्ड के अभिलेखों में वक्फ संख्या-266 पूर्णतया वक्फ अललखैर के रुप में पंजीकृत है। उक्त वक्फ के प्रबंध हेतु जफर हुसैन पुत्र अख्तर हुसैन की अध्यक्षता व असलम शेर खां सेक्रेटरीशिप में बोर्ड के आदेश 28 अक्टूबर 2022 के द्वारा 12 सदस्यीय समिति की मंजूरी तीन वर्ष के लिए दी गयी थी। जो कार्यरत है। उक्त वक्फ के प्रबंध समिति के सचिव असलम कुरैशी ने भूमि पर 8 वाई 10 फिट की छः दुकानें के निर्माण की अनुमति चाही थी। किन्तु कमेटी के विरुद्ध अबरार पुत्र मुन्ने खाँ ने वक्फ जायदाद को खुर्दबुर्द किये जाने की शिकायत की थी।। उपरोक्त प्रकरण में असलम कुरैशी सचिव प्रबंध समिति के प्रार्थना पत्र पर दिनांक 20 नवंबर 2023 व अबरार कुरैशी के शिकायती प्रार्थना पत्र दिनांक 20 नवंबर 2023 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए यू.पी.सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सम्पूर्ण प्रकरण की जांच कराकर आख्या इस कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिये थे। इस मामले को लेकर आज पुनः लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा जिसमें कहा गया है कि दरगाह में छोटे साहब और बड़े साहब का मकबरा बना है। उस जमीन पर रोड के किनारे दुकान बनाने के लिए लोगों से रुपए ले लिये गये हैं और जो भी वहां पर चढ़ावा आता है उसका कोई आय और व्यय का कोई भी लेखा जोखा नहीं है। इसकी बीते दिनों वक्फ बोर्ड सुन्नी से शिकायत की गई। जिसको बोर्ड सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी और शिकायतकर्ता को पत्र भेजा है और तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट दीपावली भार्गव ने दुकानों का निर्माण कार्य रुकवा दिया था। आज जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र को जांच सौंपी है।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पीड़ित — समृद्धि न्यूज

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत को दिए बंदर पकड़वाए जाने के आदेश

- वार्ड-3 की सभासद ने की थी जिलाधिकारी से शिकायत

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**खूंखार बंदर** शमशाबाद में हर दिन किसी न किसी ग्रामीण को काटकर घायल कर रहे हैं। घरों में रहने वाले छोटे-छोटे बच्चे तथा महिलाओं के लिए भी यह बंद सिरदर्द बने हुए हैं। शमशाबाद नगर के विभिन्न मोहल्ले में खूंखार बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही, जो चिंता का विषय है। नगर पंचायत शमशाबाद के वार्ड नंबर-3 की सभासद मधु देवी के नेतृत्व में तीन दर्जन से अधिक लोगो ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आतंक का पर्याय बने खूंखार बंदरों को पकड़वाये जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने लोगों की मांग को गंभीरता से लेकर नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद को एक सप्ताह के अंदर खूंखार बंदरों को पकड़वाये जाने के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी के आदेशानुसार आतंकी बंदरों को पकड़वाए जाने की नगर पंचायत शमसाबाद द्वारा तैयारिया कर ली गई हैं। मुहल्ले के लोगों के अनुसार यहां से गुजरने वाले लोगों को अक्सर खूंखार बंदर शिकार बनाकर घायल कर रहे हैं। महिलाएं जिन्हें घरों में खाना बनाना भी दुश्वार हो जाता है। मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने बताया महिला सभासद मधु देवी के माध्यम से लोगों को शिकायत तथा जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद ने नगरवासियों को बंदरों से निजात दिलाने के लिए फौरी कदम उठाए जायेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह फारूकी के आदेशानुसार टीम के माध्यम से पिजड़े लगवाकर बंदरों को पकड़वाया जाएगा।



मोहल्ले में विचरण करते बंदर — समृद्धि न्यूज

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- विधायक ने की 22 जनवरी को दीपोत्सव के रूप में मनाने की अपील

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**सदर विधायक** एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत हैदरपुर ब्लॉक कमालगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा भेजी गयी एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद का लाइव प्रसारण का विधायक भोजपुर, समस्त उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीणों द्वारा अवलोकन किया गया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है की हर गांव के हर व्यक्ति को विकसित बनाना है। इसी उद्देश्य से पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़े पैमाने पर आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान पर 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर उद्घाटन के पावन दिवस को दीपोत्सव के रूप में मनाने की अपील की। जिलाधिकारी द्वारा इस दौरान शपथ ग्रहण कराई गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। यदि कोई पात्र लाभार्थी किसी कारणवश वंचित रह गया है तो यात्रा कार्यक्रम में ही आवेदन कराकर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। विकसित भारत यात्रा में विधायक एवं जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को घरौनी, आयुष्मान कार्ड वितरित किए। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ-साथ नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभागीय योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप निदेशक कृषि, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, संबंधित अधिकारी एवं सम्मानित ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी व ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# बीएसजी ज्ञान परीक्षा में 778 विद्यार्थियों ने लिया भाग

## 249 प्रतिभागियों ने छोड़ी परीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बीएसजी ज्ञान परीक्षा देते छात्र-छात्रायें समृद्धि न्यूज

**बीएसजी** ज्ञान परीक्षा का जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आयोजन हुआ। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में 458 पंजीकृत थे। 342 उपस्थित रहे, 116 छात्रों अनुपस्थित रहे। एसएमएन इंटर कालेज कायमगंज में 347 पंजीकृत थे, जिसमें 247 उपस्थित रहे, 100 छात्र अनुपस्थित रहे। पंडित दीनदयाल रोशनाबाद में पंजीकृत 144 थे, 113 उपस्थित रहे, 31 छात्र अनुपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर में पंजीकृत 78 छात्रायें थी, जिसमें 76 छात्रायें उपस्थित रही। दो छात्रायें अनुपस्थित रही। कुल पंजीकृत छात्र 1027 थे। जिसमें 778 उपस्थित रहे और 249 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित रही। परीक्षा जनपद के चार केंद्रों पर दोपहर 12 से 1 बजे के बीच रही सभी छात्र-छात्रायें उत्साह के साथ परीक्ष में प्रतिभाग किया। जनपद स्तर पर स्काउट गाइड की तीनों विग कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, एवं रोवर्स/रेंजर्स, प्रथम, द्वितीय, तृतीय कुल 9 छात्र मेरिट के आधार पर चयनित किये जायेंगे। इनकी परीक्षा पुनः प्रदेश स्तर पर सम्पन्न की जायेगी। प्रदेश स्तर पर चयनित छात्रों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा। सभी छात्रों को प्रतिभागिता एवं प्रमाण पत्र प्रदेश स्तर से सम्मानित किया जायेगा। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में सर्वाधिक परीक्षा केंद्रा था। केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के रुप में मुख्यायुक्त प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, चमन शुक्ला, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, सर्वेश श्रीवास्तव, आलोक बिहारी शुक्ला, जितेन्द्र कुमार यादव, इन्द्रा राठौर, बीना गौतम आदि शिक्षक मौजूद रहे। सहायक कमिश्नर गाइड सुमन त्रिपाठी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। विद्यालय के सभी अध्यापकों ने सहयोग किया। परीक्षा प्रभारी सर्वेश यादव, लक्ष्मी, नेम सिंह यादव, विपिन कुमार, पुष्पेन्द्र शर्मा, हिमलेश शाक्य, कुसुम अपने-अपने छात्रों के साथ केंद्र पर मौजूद रही।

# शेखपुर दरगाह की ओर से डीएम, एडीएम व एएसपी को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



जिलाधिकारी को सम्मानित करते शेखपुर दरगाह कमेटी के लोग

**दरगाह शेखपुर** के सज्जादानशीन अजीनुल हक गालिब मियां ने सिष्ट मण्डल में शामिल अनस सिद्दीकी, हस्सान अहमद व मोहसिन समसी के साथ जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक को शील्ड देकर सम्मानित किया। 699वां उर्स 26 दिसम्बर से 2 जनवरी तक चला। जिसकी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यवस्था चाकचौबंद रही। इन व्यवस्थाओं को बेहतर देने के लिए गालिब मियां ने आभार व्यक्त किया और सोमवार को उनके कार्यालय पर जाकर जिलाधिकारी संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व उपजिलाधिकारी सदर गजराज सिंह यादव व सीओ अमृतपुर रविन्द्र राय, प्रभारी निरीक्षक कमालगंज राजेश राम आदि की भूरि-भूरि प्रशंसा कर स्मृति चिन्ह देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## खबरें एक नजर में

### 12 जनवरी को मनायी जायेगी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर ज्योति एसोसिएशन की बैठक संस्था के कार्यालय श्रीराम नगर मसेनी पर सम्पन्न हुई। बैठक में संस्था के आदर्श स्वामी विवेकानंद की जयंती आगामी 12 जनवरी को मनाने की रुपरेखा बनायी गई। महासचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की प्रतिभा सम्पूर्ण विश्व में है। उन्होंने सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया। वह भारत के लिए जन-जन के लिए प्रेरणादायी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती का आयोजन होगा। जिसमें अध्यक्षता नेमिषधाम के महामण्डलेश्वर विद्याचेतन महाराज करेंगे। अतिथि के रुप में दुर्वाषा आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी व मुख्य अतिथि के रुप में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, मानवेन्द्र प्रताप सिंह रानू आदि लोग आयेंगे। इस मौके पर वीरबहादुर सिंह, जयसिंह, कौशलेन्द्र पाण्डेय, अनिल तिवारी, स्वदेश त्रिवेदी, अनिलेश मिश्रा, संजीव मिश्रा, चंदन कटियार मौजूद रहे। अध्यक्षता नरेश चन्द्र शर्मा ने की। संचालन अनिल तिवारी ने किया।

### रोजगार मेला आज शमशबाद में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में 9 जनवरी को शमशाबाद विकास खण्ड में रोजगार मेले का आयोजन होगा। 37 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 3 हजार से अधिक अभ्यार्थियों का चयन होना है। अभ्यार्थी समय 10 बजे अपने प्रपत्रों के साथ रोजगार मेले में भाग ले। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के आदेश के अनुपालन में अपर जिला जज एवं प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जयसवाल ने सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में निरूद्ध बंदियों से उनके खानपान, चिकित्सा एवं उनके मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली और उनकी समस्याओ को सुनकर जेल अधीक्षक और जेलर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सोमवार को अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कारागार के निरीक्षण के दौरान ऐसे 2 ऐसे बंदियों की पहचान की, जो न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने में असमर्थ है एवं 4 ऐसे बंदी जिनकी अपील तो दाखिल हो चुकी है किन्तु अपील संख्या ज्ञात नहीं हो पा रही है। उक्त समस्त दोषसिद्ध बंदियों के उच्च न्यायालय में अपील करने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के बावत जेल अधीक्षक को निर्देशित करते हुए अविलंब आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष भेजे जाने हेतु कहा। निरीक्षण के दौरान सचिव ने प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों को विशेष लोक अदालत के संबध में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 22, 23 एवं 24 जनवरी को चेक बाउंस के मामलों के निस्तारण एवं 29 व 30 जनवरी एवं 31 जनवरी को विद्युत वादों के निस्तारण हेतु लगने वाली विशेष लोक अदालत में अपने-अपने मामले जुर्म स्वीकारोक्ति/ सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराने हेतु प्रेरित किया।

### सैम श्रेणी में पंजीकृत बच्चों के अभिभावकों को दी जाये दो सौ गायें: डीएम

**उरई (जालौन)।** सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार कर दिए निर्देश। समीक्षा बैठक में कहा गया कि सभी सैम श्रेणी के पंजीकृत बच्चों के अभिभावकों को दो सौ गायों को सुपुर्दगी में दी जाये। कोंच, कुठौंद व माधौगढ़ परियोजना द्वारा सबसे कम फीडिंग होने के कारण चेतावनी दी गयी। जिलाधिकारी ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तीव्र अतिकुपोषित (सैम) श्रेणी के बच्चों में और अधिक सुधार कराये तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा मुख्य सेविकायें सैम बच्चों की निगरानी करें जिससे वह बच्चा दोबारा सैम श्रेणी में न आये। परियोजना कोंच, कुठौंद व माधौगढ़ द्वारा सबसे कम फीडिंग होने के कारण चेतावनी दी गयी। समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्र पर 15 जनवरी के बाद निरीक्षण करें जिसमें हॉट कुक्ड मील वितरण की स्थिति के साथ ही सैम तथा मैम बच्चों के पोषण में सुधार लाने हेतु प्रयास करें।

# प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर 22 व 23 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



एडीएम को ज्ञापन सौंपते रामवीर चौहान, शिवम दुबे आदि

**500 वर्षों** के लम्बे संघर्ष के बाद रामभक्तों के लिए अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनाये जाने की परिकल्पना साकार हुई है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति स्थापना की तिथि निश्चित हुई है। भव्य एवं अध्यात्मिक कार्यक्रम में देश-विदेश से तमाम रामभक्त उपस्थित होने की सूचना मिल रही है। इस भव्य कार्यक्रम को देश के अनेक रामभक्त अपने घर पर रहकर राममय होने के लिए उत्सुक है। कार्यक्रम सुबह शुरु होकर कई घंटे तक चलता रहेगा। लम्बी प्रतिक्षा के बाद शुभ दिन रामभक्तों के लिए आया है। भगवान प्रभु श्रीराम 14 वर्षों के बाद वनवास की अवधि पूरी करने के बाद अयोध्या वापस हुए थे। उनकी प्रजा ने होल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया था। आज भारत वर्ष का हर सनातनी मनाना चाहता है कि भारत के तमाम सनातनी ऐसे है जो रोजी रोटी के लिए नौकरी और व्यवसाये करते है। उनके मन में इस अद्वितीय मनोरम कार्यक्रम को देखने की प्रबल लालसा है। आयोजन की तारीख 22 जनवरी के बाद 23 जनवरी को अमर बलिदानी सहित नेता जी सुभाष बोस की जयंती है। सनाती इस मनोरम कार्यक्रम को देखने के लिए वंचित न रहे, इसलिए 22 व 23 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर सनातनियों को इस भव्य मनोरम कार्यक्रम को देखकर राममय होने का अवसर प्राप्त हो सके। ज्ञापन देने के दौरान फतेहगढ़ भाजपा नगर अध्यक्ष रामवीर सिंह चौहान, महामंत्री शिवम दुबे, विष्णुनारायन दीक्षित, संदीप औदिच्य, गौरव यादव, रमला राठौर, अनिल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने प्रकाश प्रधान को बनाया लोकसभा कोआर्डिनेटर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



लोकसभा कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान

**ऑल इंडिया** कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद फर्रुखाबाद का लोकसभा कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान को नियुक्त किया गया है। सोमवार को प्रदेश के लोकसभा कोआर्डिनेटरों की सूची जारी की गई। जिसमें प्रकाश प्रधान को फर्रुखाबाद कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके कोआर्डिनेटर बनने पर जिलाध्यक्ष शकुंतला गौतम व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी व डा0 अरुण अग्निहोत्री सहित कांग्रेसियों ने खुशी का इजहार व्यक्त किया और प्रकाश प्रधान को कोआर्डिनेटर बनने पर बधाई दी है।

# ट्रेन से कटने वाले की हंसराम के रुप में हुई शिनाख्त



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मानसिक रुप से विक्षिप्त युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मृतक के मफलर से उसकी पहचान हंसराम के रुप में की। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के अंतर्गत बुढ़नामऊ बगिया निवासी हंसराम पुत्र देशराज पाल उम्र करीब 28 वर्ष मानसिक रुप से विक्षिप्त था। वह 5 जनवरी को घर से सुबह 6 बजे बिना बताये चला गया था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई कुछ पता नहीं चला। तब परिजन फतेहगढ़ कोतवाली पहुंचे, तो पुलिस ने बताया कि एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जिस पर पुलिस ने मृतक की डेडबाडी दिखायी। जिस पर परिजनों ने मफलर से उसकी पहचान हंसराम पुत्र देशराज के रुप में की। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं परिजनों का कहना है कि हंसराम विक्षिप्त था। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह अक्सर गायब हो जाता था। मृतक सात भाई है। जिसमें जगत सिंह, धनपाल, यशपाल, अरुण, राजीव, घनश्याम आदि हैं।

# विकसित संकल्प यात्रा में जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



विकसित संकल्प यात्रा में मौजूद भूदेव राजपूत व अश्नील दिवाकर समृद्धि न्यूज

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा सोमवार को जहानगंज के ग्राम सिरौंज में सम्पन्न हुई। मोदी गारंटी रथ के साथ एलसीडी स्क्रीन पर आनलाइन मोदी से जुड़े और जन कल्याण कारी योजनाओं का अवलोकन किया गया। मुख्य अतिथि ने 150 से अधिक महत्वाकांक्षी योजना पर प्रकाश डाला। मण्डल अध्यक्ष अरविन्द कटियार ने कहा जिस प्रकार सूरज सभी को एक समान रोशनी देता है कोई भेद भाव नहीं करता, जैसे चन्द्रमा सबको समान शीतल रोशनी देता है। उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाभकारी योजनाएं जाति धर्म से ऊपर उठकर बनाई गई है। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव राजपूत ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डीएस राठौर व जिलामहामंत्री फतेहचन्द्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता को केंद्र की सरकार का सीधा लाभ मिल रहा है। 2047 तक भारत विकसित देश बनेगा। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी लोकसभा सीटे जीतकर फिर सरकार बनायेगी। इस मौके पर धर्मेन्द्र राजपूत, पंकज गुप्ता, अभिषेक वाजपेई, अनुज कटियार, योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर की समस्याओं को लेकर सपा नेताओं ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



ईओ को ज्ञापन सौंपते सपा नेता समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार नगर में राघव दत्त मिश्रा द्वारा शिविर लगाकर जनता की समस्यायें सुनी जा रही थी। जन सुनवाई के दौरान नगर पालिका से संबंधित आई समस्याओं को लेकर महानगर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल ने 6 सूत्रीय समस्याओं को लेकर ईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि अढ़तियान मोहल्ले में हनुमान मंदिर के पास रह रहे राजू बाथम के मकान के पास लगा हैण्डपंप खराब है। उसे रिबोर कराया जाये। न्यामत खां मोहल्ला में बाल्मीकि मंदिर के पास पाइप लाइन टूटी है व गड्ढे है, उन्हे ठीक कराया जाये। कई मोहल्लों में झाड़ू नहीं लग रही है। उसे नियमित लगवाया जाये। मैन रोड पर अलाव की जरुरत है सर्दी को देखते हुए सूखी लकड़ी डलवायी जाये। नगर में मच्छरों के प्रकोप से बीमारियां फैल रही है। नालियों में फॉगिंग मशीन से छिड़काव कराया जाये। नगर में व्याप्त आवारा कुत्ते व बंदरों का आतंक है, दुर्घटनायें हो रही है। कुत्तों एवं बंदरों को पकड़कर बाहर छुड़वाया जाये। इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष खुर्शीद अहमद, रजत क्रांतिकारी, कुलदीप भारद्वाज, अफसर खान, अर्चित मिश्रा, उरुज खान, शिव अवस्थी, आदित्य मिश्रा, अमित, जयवीर सिंह, रवि बाल्मीकि, सारिक अली, अतुल वर्मा, मोहित पाल, ताहिद, अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे।

# बीसी सखी को वेतन न मिलने से फूटा गुस्सा

## जिलाधिकारी की गाड़ी का घेराव कर की नारेबाजी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रुके हुये मानदेय को लेकर बीसी सखियों ने जिलाधिकारी की गाड़ी का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। आखिरकार जिलाधिकारी को गाड़ी से नीचे उतरकर उनकी समस्या सुननी ही पड़ी।

जानकारी के अनुसार सोमवार को बीसी सखियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं, जिलाधिकारी की गाड़ी का घेराव कर लिया। तब जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को अपनी गाड़ी से नीचे उतरकर उनकी समस्या सुननी ही पड़ी। बीसी सखियों ने जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मांग की उन्हें राष्ट्रीय बैंकों से जोड़ा जाए, बीसी सखियों का 15 लाख रुपए का बीमा किया जाए, रुका हुआ मानदेय अतिशीघ्र दिलाया जाये, बीसी सखियों को स्थाई किया जाए, सहित पांच सूत्रीय मांगें शामिल हैं। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान करीब दो दर्जन से अधिक बीसी सखी मौजूद रहीं।

# आईजीआरएस पर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो: डीएम



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में आइजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत निस्तारण से पहले शिकायतकर्ता से बात अवश्य की जाए एवं स्वयं निस्तारण आख्या का अवलोकन कर निस्तारण अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, यह सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस पर डिफाल्टर ना होने दें एवं शिकायतों का ससमय निस्तारण किया जाए। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सभी लोग शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें और अपनी डियूटी को बखूबी अंजाम दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी, समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती ने मनायी संस्थापक बाबा योगेन्द्र की 101वीं जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बाबा योगेन्द्र के चित्र पर पुष्प अर्पित करते संस्कार भारती के लोग

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के संस्थापक पद्मश्री कला ऋषि बाबा योगेन्द्र की 101वीं जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अमन अवस्थी के गढ़ी असरफ अली स्थित निवास पर बाबा योगेन्द्र को पुष्पांजलि अर्पित कर संस्था के लोगों ने याद किया।

संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि बाबा योगेन्द्र बहुत ही सहज सरल स्वभाव और व्यक्तित्व के धनी थे। उनका सारा जीवन कला और कलाकारों के लिए समर्पित रहा। फर्रुखाबाद से उनका बहुत ही गहरा नाता था, वह इस इकाई को बहुत ही ऊर्जावान मानते थे और बहुत ही विश्वाश करते रहते, अपने अंतिम दिनों तक वह कला और राष्ट्रसेवा के लिए प्रवास पर रहें। रविन्द्र भदौरिया ने कहा कि बाबा ने हमेशा कला और कला साधकों का सम्मान किया और उन्हें आगे बढ़ाने में अग्रसर रहे, संस्कार भारती जैसी अखिल भारतीय संस्था को पौधे के रूप में रोपित किया जो आज एक विशाल वट वृक्ष बन चुकी है जिसकी छाया का फल हजारों कला साधक ले रहे हैं। अरविंद दीक्षित ने कहा को बाबा ने पूरे देश में प्रवास के दौरान अनेकों यात्राएं की वह जहां भी जाते थे। उस स्थान की संस्कृति और महत्व पर गहन अध्ययन करते थे। अर्पण शाक्य ने कहा को मैंने बाबा के चित्र को एक बार बनाकर दिया था, जिस पर दूसरी बार प्रवास के दौरान भेंट में कहा को एक चित्र और बनाना। बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा की तैयारियों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। सचिव संचालन दिलीप ने किया। इस अवसर पर राम मोहन शुक्ल, शशिकांत पाण्डेय, अर्पण शाक्य, अमन अवस्थी, सुनील अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# सहकारी समितियां भी खोल सकती हैं जन औषधि केंद्रः अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कहा है कि प्राथमिक कृषि क्रेडिट सोसाइटी (पीएसीएस) को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की अनुमति देने के निर्णय का लाभ न केवल सहकारी समितियों को मिलेगा बल्कि समुदाय के सबसे निचले तबके तक भी पहुंचेगा।

श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने ओवर-द-काउंटर लागत में काफी कमी की है तथा जन औषधि केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार करके दवाएं खरीदना और इन केंद्रों में विविध उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। श्री शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यहां पीएसीएस, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। इस अवसर पर सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा भी उपस्थित थे।



गृह मंत्री ने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत पहल, मिशन इंद्रधनुष, जल जीवन मिशन, डिजिटल स्वास्थ्य, मलेरिया उन्मूलन मिशन और टीबी मुक्त भारत जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य बदल गया है। श्री मांडविया ने कहा कि देश में 10,500 से अधिक जन औषधि केंद्र चल रहे हैं जो 1,965 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं और 293 सर्जिकल और अन्य उत्पाद बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाओं की कीमत के 50 से 90 प्रतिशत कीमत पर उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में जन औषधि केंद्रों के माध्यम से गरीबों के 26,000 करोड़ रुपये बचाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में पीएसीएस के माध्यम से 2,000 जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है। उन्होंने बताया कि फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने देश में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए पीएसीएस के 2,300 से अधिक आवेदनों को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रियों ने जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के पांच पीएसीएस प्रतिनिधियों को स्टोर कोड के प्रतीकात्मक प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# राजस्थान में मंत्री सुरेंद्र पाल विधानसभा चुनाव हारे

**श्रीगंगानगर, एजेंसी**

श्रीगंगानगर राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए हैं। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 वोटों से हरा दिया है। गौरतलब है कि सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को विधायक बनने से पहले ही भाजपा ने सरकार में राज्य मंत्री बना दिया था।

राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गए हों। नवंबर में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्रीकरणपुर सीट पर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण टाल दिया गया था। जीत के बाद रुपिंदर कुन्नर भावुक हो गए। उन्होंने पिता गुरमीत की तस्वीर के आगे मत्था टेका तो आंसू आ गए। उन्होंने कहा कि ये चुनाव सरदार गुरमीत सिंह कुन्नर ही लड़ रहे थे। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रुपिंदर सिंह कुन्नर को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की तानाशाही पर तमाचा है।

वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा करेंगे। कुन्नर को 94761 और टीटी को 83500 वोट मिले। डॉ. भीमराव अंबेडकर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में आज काउंटिंग हुई थी। इस सीट पर 5 जनवरी को मतदान हुआ था। चुनाव जीतने से पहले ही भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को भजनलाल सरकार में मंत्री बनाने से यह सीट चर्चा में बनी हुई थी। परिणाम से तय हो गया कि अब टीटी मंत्री पद पर बरकरार नहीं रहेंगे। इस चुनाव परिणाम पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी थीं। 18 राउंड में मतगणना पूरा हुआ था।

## खबरें एक नजर में

### फोर्ब्स की ताकतवर महिलाओं में 80 प्रतिशत 50 वर्ष से अधिक आयु की

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** विश्व भर में ज्यादातर महिलाएं 50 की उम्र के बाद अपने करियर में आगे बढ़ती हैं और काश कि कंपनियां इस तथ्य को समझ पाती। फोर्ब्स की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची की हालिया रैंकिंग महिलाओं को उनके जीवन और करियर के शीर्ष पर दर्शाती है। उनमें से 80 फीसदी 50 वर्ष से अधिक उम्र की हैं और आधे 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं।

### प्रकृति प्रेमी चंद्रपाल शिक्षाश्री अवार्ड से सम्मानित

**हरिद्वार, एजेंसी।** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज निरंजनपुर के शिक्षक चंद्रपाल धीमान को शिक्षाश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षक चंद्रपाल धीमान क्षेत्र में प्रकृति प्रेमी के रूप में जाने जाते है। उनके प्रयास से ही विद्यालय को भी कई बार पुरस्कृत किया जा चुका है। डॉक्टर यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से बहादराबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऐसे कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने दम पर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। कार्यक्रम में संपूर्ण भारतवर्ष के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान लक्सर तहसील के इस्माईलपुर गांव निवासी मास्टर चंद्रपाल धीमान को भी शिक्षा श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। चंद्रपाल वर्तमान में लक्सर तहसील के राजकीय इंटर कॉलेज निरंजनपुर में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। शिक्षक धीमान को पहले भी श्रेष्ठ संवेदनशील शिक्षक पुरस्कार, साक्षरता प्रहरी सम्मान, मिड डे मील में उत्कृष्ट कार्य करने का पुरस्कार, प्रकृति रक्षक पुरस्कार, शैक्षिक संवाद पुरस्कार, महर्षि वेदव्यास सम्मान, टीचर्स आइकन अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। चंद्रपाल ने बताया कि वे केवल अपने कार्य को निष्ठा से करते हैं।

### दुपहिया सवारों को पसंद आ रहा रोड साइड असिस्टेंस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** व्यक्तिगत दुर्घटना कवर और रोड साइड असिस्टेंस जैसे ऐड-ऑन को अपने टू-व्हीलर मोटर इंश्योरेंस में शामिल करना, दोपहिया सवारों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसकी वजह से किसी भी दुर्घटना की स्थिति में पॉलिसीधारक को सभी सुविधाएं केवल एक कॉल पर उपलब्ध होने से पॉलिसीधारकों में आत्मविश्वास और मानसिक शांति पैदा होती है। नितिन कुमार, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार इंश्योरेंस इंडस्ट्री ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हो रही है। अधिकांश मामलों में साधारण इंश्योरेंस पॉलिसी से पर्याप्त कवरेज प्राप्त नहीं हो पाता है, इसलिए ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इंश्योरेसं कंपनी अलग-अलग प्रकार के ऐड-ऑन की सुविधा प्रदान कर रही है। अब इंश्योरेंस कंपनी बहुत ही कम कीमत पर रोड साइड असिस्टेंस ऐड-ऑन को ग्राहकों के लिए उपलब्ध करा रही है। इस ऐड -ऑन को पॉलिसीधारक प्रति वर्ष 30 रूपये तक की कम कीमत पर अपनी साधारण पॉलिसी के साथ जोड़कर इसका लाभ उठा सकते है। टू-व्हीलर मोटर इंश्योरेंस खरीदने वाले लगभग 20 से 25 प्रतिशत ग्राहक रोड साइड असिस्टेंस एड-ऑन का विकल्प चुन रहे है। इस ऐड-ऑन को शामिल करने वाले ग्राहकों की संख्या टियर-1 शहरों में अधिक है और धीरे-धीरे यह संख्या टियर-2 शहरों में भी बढ़ रही है। टू-व्हीलर इंश्योरेंस में ऐड-ऑन के रूप में मिलने वाली रोड साइड असिस्टेंस की सुविधा पॉलिसीधारकों को ब्रेकडाउन, फ्लैट टायर, या किसी अन्य मैकेनिकल परेशानी की स्थिति में सहायता प्रदान करती है। इसमें तुरंत मिलने वाली सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों को कम से कम समय में उचित सुविधा प्राप्त हो। यह सभी सुविधाएं पॉलिसीधारक को सुरक्षा की एक अतिरिक्त लेयर प्रदान करती है। इसलिए पॉलिसीधारकों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर सावधानीपूर्वक विचार करें और उन योजनाओं का चयन करें जो उनकी जरूरतों के अनुरूप हों।

### मेकॉन लिमिटेड के साथ किए गए 85 लाख के फर्जीवाड़े मामले की जांच करेगी सीबीआई

**रांची।** मेकॉन लिमिटेड के साथ किए गए 85 लाख के फर्जीवाड़े मामले की जांच सीबीआई करेगी। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए कांड संख्या आरसी 0242020001 दर्ज किया है। इस मामले का आईओ सीबीआई एसीबी रांची के डीएसपी ब्रजेश कुमार को बनाया गया है। मेकॉन लिमिटेड से ओडिशा की हॉक्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिये 85 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया था। इस मामले में एक जनवरी 2019 को मेकॉन लिमिटेड की ओर से डोरंडा थाना में फर्जीवाड़ा का मामला दर्ज कराया गया था। आरोप है कि सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से जानबूझकर और बेईमानी से मेकॉन लिमिटेड रांची द्वारा दिए गए कार्य आदेशों के संदर्भ में जाली बैंक गारंटी तैयार की और इस तरह से मेकॉन लिमिटेड को 85 लाख रुपये का नुकसान हुआ था।

## सलमान खान के फार्म हाउस में घुसने की कोशिश कर रहे दो युवक गिरफ्तार, फर्जी आईडी बरामद



**मुंबई।** सलमान खान के पनवेल स्थित फार्म हाउस पर आज (8 जनवरी) को दो संदिग्ध युवक ने घुसने की कोशिश की। हालांकि, दोनों फार्म हाउस में घुस पाते उसके पहले ही उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। उनके पास से फर्जी आईडी बरामद हुई हैं। दोनों खुद को सलमान खान का फैन बता रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में लॉरेंस गैंग की तरफ से कई बार सलमान को मारने की धमकी दी जा चुकी है। ऐसे में पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है।

# वाइब्रेंट गुजरात अहमदाबाद हवाई अड्डे पर 43 विमानों की पार्किंग व्यवस्था

> सूरत, राजकोट, इंदौर हवाईअड्डे को रखेंगे स्टैंडबाय

**अहमदाबाद, एजेंसी**




वाइब्रेंट गुजरात समिट को लेकर राज्य के अहमदाबाद, सूरत और राजकोट हवाईअड्डे पर विमानों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। अहमदाबाद हवाईअड्डा पर 43 चार्टर, नॉन चार्टर, शिड्यूल्ड और नॉन शिड्यूल्ड विमान की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं सूरत और राजकोट हवाईअड्डा को पार्किंग के लिए स्टैंडबाय पर रखा गया है। वाइब्रेंट समिट के दौरान अहमदाबाद हवाईअड्डे पर डोमेस्टिक यात्रियों को 3 घंटे पहले आना पड़ेगा। वीवीआईपी मूवमेंट के कारण हवाईअड्डा प्राधिकरण ने यह निर्णय किया है। वाइब्रेंट समिट के दौरान करीब 150 उड़ानों की संभावना है। इस वजह से चार्टर प्लेन की पार्किंग के लिए राजकोट और सूरत हवाईअड्डा को स्टैंडबाय रखा जाएगा। इसके अलावा यदि गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और राजकोट हवाईअड्डे पर पार्किंग की व्यवस्था से अधिक फ्लाइट आ जाती है तो इन्हें मध्य प्रदेश के इंदौर हवाईअड्डे पर भी उतारने की व्यवस्था की गई है। अहमदाबाद हवाईअड्डे पर कैटेगरी के अनुसार फ्लाइट की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। रिलायंस जैसी बड़ी कंपनी के प्रतिनिधियों के लिए अहमदाबाद हवाईअड्डा पर 10 वीवीआईपी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ दुबई के प्रिंस भी गुजरात आएंगे। इसके अलावा कई देशों के बड़े उद्योगपति इस समिट में आने वाले हैं। इस वजह से सुरक्षा के साथ चार्टर और विशेष विमानों की पार्किंग की अलग से व्यवस्था की गई है।

# पीएम फरवरी में करेंगे कृषि विवि का शिलान्यास, तैयारियां शुरू

**कुशीनगर। समृद्धि न्यूज**

कुशीनगर में मैत्रेय भूमि पर प्रस्तावित गौतम बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय के शिलान्यास को लेकर प्रशासनिक हलचल सोमवार को तेज हो गई। फरवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शिलान्यास संभावित बताया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में प्रावधान करते हुए सैद्धांतिक व वित्तीय स्वीकृति दी थी। कार्यक्रम को लेकर विधायक पी. एन. पाठक, आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति विजेंद्र सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, नामित एजेंसी के आर्किटेक्ट सन्तोष त्रिपाठी और अभियंताओं की टीम के साथ भूमि का निरीक्षण किया। पुनः होटल पथिक निवास में बैठक कर साइट मैप, भूमि की स्थिति आदि पर चर्चा की। प्रधानमंत्री के हाथों कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास और बरवा फार्म पर जनसभा का कार्यक्रम सात जुलाई, 2023 को प्रस्तावित था। कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के अनुरूप एयरपोर्ट, हेलीपैड, महापरिनिर्वाण मंदिर, जनसभा स्थल पर सभी तैयारियां हो गई थीं किंतु बारिश के कारण जनसभा स्थल पर भूमि दलदली हो जाने के कारण उच्चस्तरीय टीम ने निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थगित कर दिया था। चौथा आधिकारिक दौरा = प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशीनगर में यह चौथा अधिकारिक दौरा होगा। इसके पूर्व वर्ष 2016 में निर्माणाधीन एयरपोर्ट पर जनसभा करने, 2021 में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उड़ान सेवा का शुभारंभ करने, 2022 में बुद्ध जयंती के अवसर पर महापरिनिर्वाण मंदिर में दर्शन करने आए थे।

# अयोध्या को स्मार्ट बनाने के लिए आईटीएमएस सक्रिय

> 20 चौराहों पर शुरू हुई योजना, 2 चौराहों पर भी जल्द पूरा होगा काम

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



रामनगरी अयोध्या को संवारने में प्रदेश की योगी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। अध्यात्म से लेकर पौराणिकता और शिक्षा-चिकित्सा से लेकर यातायात तक हर जगह सरकार की नजर है। यहां के लोगों का सफर सुरक्षित व यातायात सुगम हो, इसके लिए आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) प्रोजेक्ट भी शुरू किया गया। 2017 के बाद से अयोध्या के यातायात पर भी पूरा ध्यान दिया जाने लगा। सरकार ने इस योजना को शुरू कराया था, जो अब तकरीबन पूरा हो चुका है। 20 चौराहों पर यह सिस्टम काम कर रहा है, वहीं दो अन्य चौराहों पर भी जल्द ही यातायात पर आईटीएमएस की नजर रहेगी। इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग 47.74 करोड़ रुपये है। अक्टूबर 2021 में इस कार्य को प्रारंभ किया गया था। 17 जनवरी 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसके प्रथम चरण का लोकार्पण किया जा चुका है। यह कार्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत कराया गया है।

न्यू बस अड्डा व एयरपोर्ट पर काम शुरू करने की योजना अयोध्या के 20 स्थानों पर आईटीएमएस प्रोजेक्ट शुरू हो गया है, जबकि न्यू बस अड्डा अयोध्या व एयरपोर्ट रोड (निर्माणाधीन) पर भी यह काम शुरू करने की योजना है, जिन जगहों से यातायात पर निगाहें रहेंगी, वे रिकाबगंज, सिविल लाइन, हनुमान गुफा, श्री राम अस्पताल, नया घाट, साकेत पेट्रोल पंप, देवकाली बाईपास, सुल्तानपुर बाईपास, रायबरेली बाईपास, सहादतगंज बाईपास, गुरु गोविंद सिंह चौराहा, पुलिस लाइन, टेढ़ी बाजार, उदया चौराहा, देवकाली तिराहा, गुदरी बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, नाका तिराहा, गुरु गोविंद सिंह, सहादतगंज हनुमानगढ़ी चौराहा, डीएम चौराहा हैं। यहां कार्य पूर्ण कर ट्रैफिक सिग्नल शुरू किए गए हैं। टेक्नोसिस सिक्योरिटी सिस्टम प्रा. लिमिटेड की तरफ से इस पर काम हुआ। वहीं अमानीगंज जलकल परिषद में बने अस्थायी कंट्रोल कमांड सेंटर से नजर रखी जा रही है। मंगल पांडेय चौराहे पर सर्वे कार्य किया जा रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि सिग्नल के साथ कैमरे भी लगाए गए हैं। यातायात को सुगम रखने के लिए यहां एनाउंसमेंट की भी व्यवस्था की गई है। इसके जरिए समय-समय पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। 14 स्थानों पर लगाए गए पब्लिक एड्रेस सिस्टम योगी सरकार ने अयोध्या के 14 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए हैं। इसके जरिए यात्रियों को समय-समय पर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी जाती है। सिग्नल के उल्लंघन पर मॉनिटरिंग रूम से चेतावनी भी दी जाती है। यही नहीं, 20 स्थानों पर इमरजेन्सी कॉल बॉक्स लगाए गए हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में यह बॉक्स कंट्रोल रूम को सूचना भेज देगा। आपात स्थिति में इससे काफी मदद मिलेगी।

## भूटानी व ग्रुप-108 में 200 लोगों ने खपाया ब्लैक मनी, 500 करोड़ की मिली जानकारी

**नोएडा।** 4 जनवरी से ही चार बिल्डरों के ठिकानों पर आईटी टीम की रेड जारी है। इस रेड में इनकम टैक्स विभाग को कई महत्वपूर्ण कागज और जानकारियां मिली है। इनके मुताबिक भूटानी और ग्रुप 108 में करीब 200 से ज्यादा लोगों ने अपना ब्लैक मनी छुपाया है। सूत्रों के मुताबिक इनकम टैक्स विभाग को 500 करोड़ रुपए के अघोषित लेनदेन के कागज मिले हैं। इसके साथ ही साथ 5 करोड रुपए कैश और ज्वेलरी भी बरामद हुई है। जिन 200 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने ब्लैक मनी को इन दोनों बिल्डरों के यहां खपाई है। ये लोग भी अब इनकम टैक्स की रडार पर आ चुके है। इनकम टैक्स ने गुरुवार को नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद में 37 ठिकानों पर सर्च शुरू की थी, जो रविवार को अब घटकर 30 स्थानों पर पहुंच चुकी है। इसमें नोएडा में अब 16 और दिल्ली में 14 लोकेशन पर सर्च की जा रही है। सर्च का चौथे दिन टैक्स चोरी, ब्लैक मनी खपाने और एक लंबी ट्रेल मिली है। अभी दो दिनों तक सर्च और जारी रहेगी। वहीं कई और बिल्डरों के यहां भी ब्लैक मनी खपाने के संकेत मिले है। अब बिल्डरों के एग्रीमेंट और सेल परचेज के मिले दस्तावेजों के आधार पर पूछताछ की जा रही है। दस्तावेजों से स्पष्ट होता जा रहा है कि लॉजिक्स ग्रुप कॉमर्शियल स्पेस को बड़े पैमाने पर बेचने का ठेका भूटानी ग्रुप की ओर से लिया गया है। इसमें सभी की हिस्सेदारी तय है।

# उड़ीसा का कोणार्क सूर्य मंदिर बना आकर्षण का केन्द्र

बंगाल की खाड़ी के तट पर बसा ओडिशा राज्य बेहद खूबसूरत होने के साथ एक पर्यटक स्थल भी है। ओडिशा का कोणार्क सूर्य मंदिर के लिए सबसे ज्यादा फेमस है। राजा नरसिंह देव प्रथम ने बाहरवीं शताब्दी सूर्य देव को समर्पित इस मंदिर का निर्माण करवाया था, जो आज के समय में भी देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर की ऊँचाई करीब 227 फीट है, जो देश के सभी मंदिरों से ज्यादा है। इस मंदिर का निर्माण सूर्यदेव के रण के रूप में किया गया है। इस मंदिर में 7 घोड़े और 24 पहिए बने हुए हैं।

आपको जानकर हैरानी होगी कि पहियों की तीलियों पर पड़ने वाली सूर्य की किरणों को देखकर सही वक्त बताया जा सकता है। इस मंदिर की नक्काशी भी काफी शानदार है। साथ ही मंदिर की नायाब बनावट के कारण यूनेस्को ने साल 1984 में इसे वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित कर दिया था। ऐसे में अगर आप भी इस सर्दी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं और आप यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए, तो आप एक बार कोणार्क आने का प्लान बना सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर अन्य कई जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

कोणार्क में घूमने वाली जगहें

**अस्तरंग बीचः** बता दें कि कोणार्क से 19 किमी दूर स्थित यह समुद्र तट अपने सनसेट के नजारे के लिए काफी फेमस है। वहीं यह बीच सुबह-सुबह लगने वाले मछली बाजार के लिए भी फेमस है। यहां पर मछली खरीदने के अलावा, मछली पकड़ने, पकाने और तरह-तरह की मछलियों को खाने का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**सूर्य मंदिरः** कोणार्क का सूर्य मंदिर इस जगह के आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर में तीन तरह के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है- मंदिर की चारदीवारी, फर्श और सीढ़ियों पर लेटेराइट पत्थर, दरवाजों की चौखट पर क्लोराइट पत्थर और बाकी पूरी



जगह पर खोंडालाइट पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। यूरोपीय नाविकों ने पत्थरों के काले रंग के कारण इसे ब्लैक पगोडा नाम दिया। यहां पर हर साल कोणार्क डांस फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, कथक, मणिपुरी आदि कई क्लासिकल डांस का प्रदर्शन किया जाता है।

**चंद्रभागा बीचः** सूर्य मंदिर से करीब 3 किमी की दूरी पर इस चंद्रभागा नदी के नाम पर इस समुद्र तट का नाम पड़ा है, जो इसके पास समुद्र में मिलती है। यहां पर सूर्योदय का नजारा देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लगती है। कहा जाता है कि जब श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब को कुष्ठ रोग हो गया था। तो उस रोग से निजात पाने के लिए साम्ब ने इसी स्थान पर सूर्यदेव की उपासना की थी। दिसंबर-जनवरी में हर साल यहां सैंड आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसको न सिर्फ देखने बल्कि उसमें हिस्सा लेने के लिए विदेशों से भी पर्यटक आते हैं। बता दें कि चंद्रभागा बीच को देश के फर्स्ट ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेशन का गौरव भी प्राप्त है। यह सर्टिफिकेट आधुनिक सुविधाओं और बीच की साफ-सफाई के आधार पर दिया जाता है।

**कोणार्क म्यूजियमः** कोणार्क म्यूजियम में आप कई मूर्तियां व दूसरी अन्य सभ्यताओं के अवशेष देख सकते हैं। साथ ही आप इनके बारे में अधिक जानकारी भी ले सकते हैं।

**कब बनाएं प्लानः** आपको बता दें कि कोणार्क घूमने का सबसे अच्छा समय अक्तूबर से मार्च तक होता है। क्योंकि अन्य महीनों में यहां पर चिपचिपी गर्मी होती है।

# सर्दियों में चेहरा रहेगा बिल्कुल साफ इस्तेमाल करें तीन फेसमास्क



सर्दियों के मौसम में भी त्वचा को खास देखभाल की जरुरत पड़ती है। इस मौसम में चलने वाली हवाएं त्वचा को खुशक बना देती हैं। ठंडी हवाओं के चलते स्किन का ग्लो भी कम होता है। इसके अलावा ज्यादा ऑयली फूड्स खान के कारण त्वचा पर पिंपल्स भी होने लगते हैं। सर्दियों में स्किन को साफ रखना जरुरी होता है। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे फेसमास्क बताते हैं जो आपकी त्वचा को साफ बनाते हैं। आइए जानते हैं...

**हल्दी और कच्चे दूध का फेसपैक :** हल्दी और दूध में पाए जाने वाले गुण त्वचा की रंगत निखारने और चेहरे के दाग-धब्बे दूर करने में मदद करेंगे।

हल्दी - 1/2 चम्मच

दूध - 2 चम्मच

कैसे करें इस्तेमाल? सबसे पहले एक कटोरी में इन दोनों चीजों को डाल दें। फिर तैयार किया गया मिश्रण चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं। तय समय के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।

**पपीता और शहद से बना पैक :** पपीता और शहद का फेसपैक भी आप त्वचा पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके चेहरे की झाइयां दूर होगी और स्किन लंबे समय तक हाइड्रेट रहेगी।

पपीता - 3 चम्मच

शहद - 1 चम्मच

**कैसे करें इस्तेमाल? :** पपीते को काटकर मैश कर लें। फिर इसमें शहद मिलाकर मिश्रण बना लें। तैयार मिश्रण 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। तय समय के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें। केला और शहद का फेसपैक इन दोनों चीजों का मिश्रण इस्तेमाल करने से त्वचा को पोषण मिलेगा और स्किन चमकदार भी बनेगी।

**सामग्री :** शहद - 1 चम्मच केला - 1 कैसे करें इस्तेमाल? सबसे पहले एक कटोरी में केला डालकर अच्छी तरह मैश कर लें। फिर इसमें शहद मिलाएं। दोनों चीजों को अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। पेस्ट को 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। तय समय के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।